माघ शुक्ल पक्ष, द्वादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 21 फरवरी 2024
वर्ष 5, अंक 95, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



हबल ने कैद की एनजीसी 2298 की आकर्षक तस्वीर 14

शो टाइम में नजर आएंगी श्रिया सरन 13

## स्वामी प्रसाद का सपा व एमएलसी पद से इस्तीफा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अखिलेश यादव व विधान परिषद सभापति को भेजा त्याग पत्र



**अमृत विचार :** सपा से नाराज चल रहे पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता व विधान परिषद सदस्य पद से इस्तीफा दे दिया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव को भेजे गए पत्र में मौर्य ने कहा कि वह 13 फरवरी को भेजे गए पत्र पर वार्ता के लिए पहल न करने पर इस्तीफा दे रहे हैं।

विधान परिषद सभापित को भेजे गए पत्र में लिखा कि वे सपा से परिषद के सदस्य निर्वाचित हुए थे, उन्होंने सपा से त्याग पत्र दे दिया है, इसलिए नैतिकता के आधार पर परिषद की सदस्यता से भी त्याग पत्र दे रहे हैं। इस्तीफा देने के बाद मीडिया से बातचीत में मौर्य ने कहा कि सपा प्रमुख खुद को सेकुलर कहते हैं, पर ऐसा लगता है कि वह मनुवादी व्यवस्था का समर्थन करते हैं। मौर्य ने कहा कि अखिलेश ऐसे सेकुलर हैं जो पार्टी कार्यालय में पूजा करवाते हैं, पर सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने कभी संविधान की भावना के विपरीत व्यवहार नहीं किया।

### इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कॉन्क्लेव में प्रदेश में निवेश के माहौल को विदेशी उद्यमियों ने खूब सराहा

## उत्तर प्रदेश में सुरक्षित ही नहीं, फायदेमंद निवेश की भी गारंटी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** जीबीसी के दूसरे दिन उद्योग समूहों के दिग्गजों को मंच मिला तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व, प्रदेश में बेहतरीन संसाधन, सुदृढ़ बुनियादी ढांचा और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की जमकर तारीफ की। कहा कि प्रदेश में विदेशी उद्यमियों के साथ परिवार की तरह व्यवहार होता है। सुरक्षित निवेश ही नहीं, फायदेमंद निवेश की भी गारंटी रहती है। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के दूसरे दिन मंगलवार को ''यूपी- भारत में विदेशी निवेश के लिए उभरता गंतव्य'' कॉन्क्लेव के दौरान विभिन्न उद्योग समूहों के प्रतिनिधियों ने विचार रखे। इस दौरान लुलु समूह के चेयरमैन एमए यूसुफ अली, शराफ ग्रुप के उपाध्यक्ष मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) शराफुद्दीन शराफ, एयर लिक्विड के एमडी बेनोइट रेनार्ड, डोर्ना के सीईओ कार्मेलो एस्पेलेटा और ग्रीनको ग्रुप के प्रतिनिधि ने प्रदेश में निवेश के बेहतरीन माहौल की सराहना की।

### खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में विदेशी निवेश की उम्मीद



लुलु समूह के अध्यक्ष और एमडी एमए यूसुफ अली ने कहा कि विदेशी निवेश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र समेत कई क्षेत्रों में निवेश की बेहतरीन संभावनाएं हैं। निवेशक निवेश से पहले चार चीजें देखते हैं।

### भारत और यूपी से रिश्ता परिवार जैसा



शराफ ग्रुप के उपाध्यक्ष शराफुद्दीन शराफ ने कहा कि कोई भी वहीं निवेश करना चाहता है जहां वे पूरी तरह संतुष्ट हों कि उसका निवेश उत्पादक होगा। भारत और यूपी से हमारा रिश्ता परिवार जैसा है।

### उत्तर प्रदेश में निवेश का मिला व्यापक समर्थन



एयर लिक्विड के एमडी बेनोइट रेनार्ड ने कहा कि जब भी आवश्यकता हुई, हमें यूपी में निवेश के अपने निर्णय के लिए व्यापक समर्थन मिला है। मैं आने वाले वर्षों में निवेश के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त करना चाहता हूं।

### मोटोजीपी की मेजबानी देना एक बड़ा अवसर



डोर्ना के सीईओ कार्मेलो एस्पेलेटा ने मोटोजीपी भारत की मेजबानी करने के लिए यूपी सरकार द्वारा प्रदान किए गए अवसर की सराहना की। बताया कि मोटोजीपी ने 12 हजार रोजगार पैदा किए हैं।

### छह माह में मंजूरी देने वाला पहला राज्य



ग्रीनको ग्रुप के प्रतिनिधि महेश पाण्डे ने कहा कि अन्य राज्यों में जहां प्रथम अनुमोदन चरण में दो से ढाई साल लगते हैं वहीं छह महीने के भीतर हमें यह मंजूरी दिलाने वाला उत्तर प्रदेश पहला राज्य है।













## भाजपा को झटका, सुप्रीम कोर्ट ने कुलदीप को घोषित किया महापौर

### चंडीगढ़ मेयर मामला : कोर्ट ने चुनाव अधिकारी के निर्णय को अवैध घोषित किया

नई दिल्ली, एजेंसी



- पार्षदों की संख्या कम होने के बावजूद भाजपा प्रत्याशी को कर दिया था विजयी घोषित

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को एक ऐतिहासिक फैसले में चंडीगढ़ महापौर के पद पर चुनाव अधिकारी के निर्णय को अवैध घोषित करते हुए रद कर दिया और आम आदमी पार्टी-कांग्रेस पार्टी गठबंधन उम्मीदवार कुलदीप कुमार को विजेता घोषित किया। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ तथा न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने महापौर के पद पर अपेक्षाकृत कम पाषर्द संख्या वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार मनोज कुमार सोनकर को 30 जनवरी के चुनाव में गैरकानूनी तरीके से विजयी घोषित करने संबंधी पीठसीन अधिकारी अनिल मसीह के फैसले को अवैध घोषित करते हुए पलट दिया। अदालत ने याचिकाकर्ता आम आदमी पार्टी-कांग्रेस पार्टी गठबंधन उम्मीदवार कुलदीप कुमार को विजेता घोषित कर दिया। शीर्ष अदालत ने पाया कि पीठासीन अधिकारी ने याचिकाकर्ता 'आप' उम्मीदवार कुलदीप कुमार के पक्ष में डाले गए आठ मतों को जानबूझकर विकृत कर दिया था। पीठ ने वोटों की गिनती से संबंधित वीडियो देखने और विकृत मतपत्रों की जांच करने के बाद पीठासीन अधिकारी मसीह को अदालत की अवमानना के लिए 'कारण बताओ नोटिस' जारी किया, जिसमें कहा गया कि उन्होंने (मसीह) जानबूझकर और गैरकानूनी तरीके से महापौर चुनाव को बदल दिया।

### कोर्ट ने कहा-चुनाव अधिकारी पर चले मुकदमा



चुनाव अधिकारी द्वारा 30 जनवरी को महापौर के पद के लिए विजयी घोषित किए गए मनोज सोनकर ने सोमवार को शीर्ष कोर्ट में सुनवाई से पहले ही इस्तीफा दे दिया था। कोर्ट ने सोमवार को पंजाब सरकार की उस याचिका को भी अनुमति देने का संकेत दिया, जिसमें नए सिरे से मतदान के बजाय मतों की दोबारा गिनती की अनुमति देने की गुहार लगाई गई थी। पीठ ने गत 30 जनवरी को हुई मतों की गिनती के दौरान चुनाव अधिकारी द्वारा मतपत्रों पर निशान लगाने के मामले में कहा था कि चुनावी लोकतंत्र में हस्तक्षेप करना सबसे गंभीर बात है और इसके लिए मुकदमा चलाया जाना चाहिए।

### विपक्ष ने कहा- न्यायालय के फैसले ने भाजपा के जबड़े से लोकतंत्र बचाया

**नई दिल्ली।** विपक्ष के कुछ प्रमुख दलों ने चंडीगढ़ महापौर चुनाव परिणाम को उच्चतम न्यायालय द्वारा पलटे जाने का स्वागत करते हुए मंगलवार को कहा कि देश की सबसे बड़ी अदालत ने लोकतंत्र को निरंकुश भारतीय जनता पाटी के जबड़े से बचाया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा और कहा कि निर्वाचन अधिकारी अनिल मसीह तो सिर्फ एक मोहरा थे। खरगे ने 'एक्स' पर कि उच्चतम न्यायालय ने लोकतंत्र को निरंकुश भाजपा के जबड़े से बचाया है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि चंडीगढ़ महापौर के चुनाव में जो कुछ हुआ है उसके पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उच्चतम न्यायालय का फैसला विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के लिए बहुत बड़ी जीत है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि अंततः सत्य की जीत हुई।

## पर्यटन में स्विट्जरलैंड को भी टक्कर देंगी कश्मीर की वादियां

जम्मू, एजेंसी



- मोदी बोले-अनुच्छेद 370 को निरस्त करना जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए महत्वपूर्ण
- जम्मू-कश्मीर के लिए 32,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की शुरुआत की

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करना जम्मू-कश्मीर के व्यापक विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण रहा है और उनकी सरकार घाटी को एक ऐसे पर्यटन स्थल में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है जो स्विट्जरलैंड को टक्कर दे सके। यहां मौलाना आजाद स्टेडियम में एक विशाल सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने जम्मू-कश्मीर के लिए 32,000 करोड़ रुपये से अधिक और देश के अन्य हिस्सों के लिए 13,500 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत की।

उन्होंने क्षेत्र में जी20 के आयोजन के बाद खाड़ी के देशों में जम्मू-कश्मीर में निवेश को लेकर आई सकारात्मकता को रेखांकित करते हुए कहा कि पूरी दुनिया यहां की सुंदरता, परंपरा और संस्कृति से बहुत प्रभावित हुई है। मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को 'परिवारवाद' की राजनीति से मुक्ति मिल रही है और यह पूर्ववर्ती प्रदेश आज विकसित होने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने डोगरी में अपने भाषण की शुरुआत करते हुए कहा कि एक वो दिन भी थे, जब जम्मू-कश्मीर से सिर्फ निराशा की खबरें आती थीं। बम, बंदूक, अपहरण, अलगाव... ऐसी ही बातें जम्मू-कश्मीर का दुर्भाग्य बना दी गई थीं। लेकिन आज जम्मू-कश्मीर विकसित होने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है।

अपने 30 मिनट के भाषण के दौरान मोदी ने हिंसा और अलगाववाद से प्रभावित जम्मू-कश्मीर के उथल-पुथल भरे अतीत को याद किया और सौहार्दपूर्ण एवं समृद्ध जम्मू-कश्मीर की ओर बढ़ रहे मौजूदा बदलाव की सराहना की तथा इसका श्रेय संतुलित विकास पहलों को दिया।

### रेल प्रोजेक्ट के लिए अब्दुल्ला ने दी बधाई

नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर के लिए नई रेल परियोजनाएं शुरू करने पर प्रधानमंत्री मोदी और रेल मंत्रालय को बधाई दी। श्रीनगर से लोकसभा सदस्य अब्दुल्ला ने कहा कि यह रेल मंत्रालय और प्रधानमंत्री मोदी का एक बड़ा कदम है और हम इस पहल का स्वागत करते हैं। हम उन्हें यह उपलब्धि हासिल करने के लिए बधाई देते हैं।

### कश्मीर की सुंदरता-संस्कृति से पूरी दुनिया प्रभावित

प्रधानमंत्री ने क्षेत्र के युवाओं की नई भावना की सराहना की और उनकी रोजमर्रा की जिंदगी में बदलावों को रेखांकित किया तथा खाड़ी देशों से निवेश के संबंध में अपनी उम्मीदें भी साझा की। कहा कि आज जब दुनिया जम्मू-कश्मीर में जी20 का आयोजन होते देखती है तो इसकी गूंज बहुत दूर तक पहुंचती है। पूरी दुनिया यहां की सुंदरता, परंपरा, संस्कृति और स्वागत से बहुत प्रभावित हुई है। आज हर कोई जम्मू-कश्मीर आने को तत्पर है।

### एक नजर

#### लर्नर व ड्राइविंग लाइसेंस की वैधता 29 तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** सड़क मंत्रालय ने लर्नर लाइसेंस, ड्राइविंग लाइसेंस और कंडक्टर लाइसेंस की वैधता 29 फरवरी तक बढ़ा दी है। मंत्रालय ने एक परिपत्र में कहा कि 31 जनवरी से 12 फरवरी तक सारथी पोर्टल में बुनियादी ढांचे से संबंधित मुद्दों देखने को मिले। ऐसे में आवेदकों को लाइसेंस संबंधी सेवाओं का लाभ उठाने में व्यवधान का सामना करना पड़ा है। इसे देखते हुए लर्नर लाइसेंस, ड्राइविंग लाइसेंस और कंडक्टर लाइसेंस, जिनकी वैधता 31 जनवरी और 15 फरवरी 2024 के बीच खत्म हो गई है, उन्हें 29 फरवरी 2024 तक बिना कोई जुर्माना लगाए वैध माना जाएगा।

## रामपुर-बरेली हाईवे पर कार ने मां-बेटे को रौंदा, गई जान

संवाददाता, शहजादनगर (रामपुर)

- कार चालक ने दो ई-रिक्शा व ऑटो में भी मारी टक्कर



**अमृत विचार :** रामपुर-बरेली हाईवे पर कार ने पैदल जा रही मां-बेटे को रौंद दिया। दोनों की मौत हो गई। हादसा शहजादनगर थाना क्षेत्र के हाईवे स्थित शंकरपुर चौराहे पर मंगलवार सुबह नौ बजे हुआ। मीरगंज थाना क्षेत्र निवासी किरन (25) पत्नी फूल सिंह अपने दो साल के बेटे को लेकर दो दिन पूर्व अपने पिता रामबहादुर निवासी मेघानगला के यहां आई थी। बच्चे की तबीयत खराब होने पर किरन शंकरपुर में डॉक्टर के जा रही थी। तभी शाहजहांपुर निवासी विनोद कुमार ने कार से किरन को रौंद दिया। दो ई-रिक्शा व एक ऑटो में भी टक्कर मार दी। हादसे में किरन की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका दो वर्षीय बेटा श्याम गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने बच्चे को निजी चिकित्सक के यहां भेज दिया। जहां डॉक्टर ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। हादसे में ई-रिक्शा व ऑटो में सवार कई लोग घायल हो गए। हादसे के बाद भाग रहे कार चालक विनोद को ग्रामीणों ने पकड़ लिया।

## सपा-कांग्रेस में गठबंधन की उम्मीद, कुछ सीटों पर फंसा पेच

### लोकसभा चुनाव

- सपा ने पहले 11 फिर दीं 17 सीटें लेकिन कांग्रेस नहीं मानी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव न तो कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ उनकी यात्रा में शामिल हुए और न ही सीटों के बंटवारे पर कोई समझौता हुआ बावजूद इसके दोनों दलों के नेताओं को अब भी उप्र. में गठबंधन की उम्मीद है। मंगलवार को मैनपुरी से सपा सांसद डिंपल यादव ने कहा कि लगातार वरिष्ठ नेता से बातचीत चल रही है। गठबंधन होगा तो आपको बताया जाएगा। उधर, कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने भी कहा कि गठबंधन निर्णायक स्थिति में है। अखिलेश यादव ने कांग्रेस को उप्र. से लोकसभा की पहले 11 और फिर 17 सीटों का प्रस्ताव दिया जबकि कांग्रेस 20 सीटों की मांग कर रही है। सीट समझौते को लेकर कांग्रेस और सपा नेताओं के बीच सोमवार को देर रात तक बातचीत हुई, लेकिन सहमति नहीं बन सकी। दरअसल, दोनों दलों के बीच कुछ सीटों को लेकर पेच फंसा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अखिलेश यादव से 17 सीटों के अलावा बहराइच, देवरिया, अमरोहा सीट भी मांगी थी। सपा ने देवरिया और अमरोहा सीट देने की हामी भरी, लेकिन बहराइच नहीं दिया. इसके बाद अखिलेश यादव ने राहुल गांधी की यात्रा में जाने से मना कर दिया।

### सपा ने पांच और प्रत्याशी उतारे, भाई धर्मेंद्र का बदायूं से टिकट काटकर चाचा शिवपाल यादव को दिया



शिवपाल यादव

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी ने पांच प्रत्याशियों की तीसरी सूची जारी की है ।सपा के आधिकारिक एक्स हैंडल से मंगलवार को डाली गई सूची के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी से वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री सुरेन्द्र सिंह पटेल को उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं अखिलेश ने बदायूं से भाई धर्मेन्द्र यादव का टिकट काटकर चाचा शिवपाल को उम्मीदवार बनाया है। बदायूं से धर्मेन्द्र का नाम पहली सूची में था। बरेली से प्रवीण सिंह ऐरन, कैराना से इकरा हसन, हमीरपुर से अजेंद्र सिंह राजपूत उम्मीदवार होंगे। सूत्रों के मुताबिक, कन्नौज और आजमगढ़ में किसी एक सीट पर धर्मेंद्र तो किसी एक पर अखिलेश यादव चुनाव लड़ सकते हैं। धर्मेंद्र यादव के आजमगढ़ से लड़ने की ज्यादा संभावना है। फिलहाल धर्मेंद्र यादव को कन्नौज और आजमगढ़ का प्रभारी बनाया गया है। महबूब अली और राम अवतार सैनी को अमरोहा का प्रभारी तो वहीं, मनोज चौधरी को बगपत का प्रभारी बनाया गया है। सपा ने अब तक 31 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है।

### राजा भैया से मिले सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम



समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल मंगलवार को जनसत्ता दल के नेता और कुंडा (प्रतापगढ़) से विधायक राजा भैया से मुलाकात की। उन्होंने राजा भैया की फोन पर अखिलेश यादव से बात कराई है। नरेश उत्तम की राजा भैया के साथ लंच लेने की फोटो भी सामने आई है। सूत्रों के मुताबिक जनसत्ता दल और सपा के बीच राज्यसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी के लिए वोट करने और चुनावी गठबंधन को लेकर बात हुई है। जनसत्ता दल के उप्र. में दो विधायक हैं। अगले ही हफ्ते राज्यसभा की दस सीटों के लिए मतदान है।

### सुविधा : निर्यात होगा आसान, सेल प्वाइंट सीधे एफपीओ से उत्पाद खरीदकर करेगा बिक्री

## दुबई में खुला सेल प्वाइंट, खरीदेगा यूपी के उत्पाद

विशेष

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ



दुबई में आयोजित गल्फ फूड एक्सपो में एपिडा व डॉ. नेचर के अधिकारी।

- भुगतान रहेगा सुरक्षित, सीधे किसानों को मिलेंगे रुपये, मार्च से बिक्री की तैयारी

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) फल, सब्जी, गल्ला व इनसे बनने वाले खाद्य पदार्थों का निर्यात आसान होगा।

लखनऊ में मैंगो पैक हाउस संचालन व निर्यात करने वाली फर्म डॉ. नेचर ने कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के समन्वयक से दुबई के फूड एंड वेजीटेबल अल अवीर बाजार में सेल प्वाइंट खोला है। इस सेल प्वाइंट में कंपनी प्रदेश के किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) से सीधे उत्पाद खरीदेगी और दुबई, बहरीन, कुवैत, इराक, ओमान, कतर, सऊदी अरब आदि में आयात करेगी। यह कार्य अभी तक इन देशों द्वारा किया जाता है। इस प्रक्रिया में काफी समय लगता है और निर्यात की मंजूरी व भुगतान आदि में समय लगता है। लेकिन, इस सेल प्वाइंट से किसी तरह का झंझट नहीं रहेगा। खासबात यह है कि किसानों की बिक्री के रुपये सुरक्षित रहेंगे और कंपनी सीधे उनके खातों में समय पर भुगतान करेगी।

> यूएई में निर्यात करने में समस्या आती है। स्वीकृति से लेकर तमाम पेंच फंसते हैं। इससे किसानों का समय बर्बाद होता है। इसलिए सेल प्वाइंट खोला है। जहां खुद अपने उत्पाद एफपीओ से लेकर देशों में आयात करेंगे।
>
> – **अकरम बेग**, प्रमोटर, डॉ. नेचर

### 24 को एफपीओ जाएंगे दुबई, मार्च से निर्यात

दुबई में गल्फ फूड एक्सपो चल रहा है। वहां एपिडा के चेयमैन अभिषेक, सचिव डॉ. सुधांशु, डॉ. तरुन बजाज व डॉ. नेचर के प्रमोटर अकरम बेग टीम के साथ गए हैं। इस बीच वहां सेल प्वाइंट की तैयारी की जा रही है। निर्यात की शुरुआत लखनऊ और वाराणसी से की जाएगी। दोनों जिलों के 50 एफपीओ से एक-एक सदस्य 22 को दुबई सेल प्वाइंट का भ्रमण करने जाएंगे। चार्टर्ड प्लेन से भेजने के लिए सरकार को प्रस्ताव दिया है।

### रामबाबू हत्या मामले में 21 साल के बाद आया फैसला

## तीन भाइयों को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- जुलाई 2003 में मामूली हाथापाई में विवाद बढ़ने पर रामबाबू की कर दी थी हत्या
- विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी कोर्ट ने दी सजा, 22-22 हजार रुपये का जुर्माना भी

**अमृत विचार :** रोजा क्षेत्र में मामूली विवाद में हुई रामबाबू की हत्या के मामले में करीब 21 साल के बाद फैसला आया है। विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जाति-जनजाति एक्ट आलोक कुमार शुक्ला ने हत्या में दोषी पाए जाने पर तीन सगे भाइयों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। प्रत्येक अभियुक्त पर 22-22 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है।

रोजा क्षेत्र के मोहल्ला आदर्शनगर कॉलोनी निवासी शांति स्वरूप ने 23 जुलाई 2003 को रोजा थाने में तहरीर दी कि रात 9 बजे उसका छोटा भाई रामबाबू घर से मोहल्ले के ही टिंकू की दुकान पर सीडी कैसेट लेने गया था। दुकान के सामने बुद्ध प्रकाश से संदीप शर्मा हाथापाई कर रहा था। रामबाबू ने झगड़ा करने से मना किया तो नहीं माने, इतने में संदीप के भाई राजेश और संतोष शर्मा तमंचा और लाइसेंसी बंदूक लेकर वहां आ गए और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए तीनों ने रामबाबू पर हमला कर दिया, राजेश शर्मा ने तमंचे से फायर कर दिया, जो रामबाबू के पेट में लगा और वह जख्मी होकर जमीन पर गिर गया। फिर सभी मारने लगे। इसमें बुद्ध प्रकाश को भी चोटें आईं। शांति स्वरूप ने बताया कि घटना के समय वह बाजार से बल्ब लेने पहुंचा था। उसके व अन्य लोगों के ललकारने पर हमलावर भाग गए। जिला अस्पताल में रामबाबू को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। तहरीर के आधार पर रोजा पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कर आरोप पत्र न्यायालय भेजा। न्यायालय विशेष न्यायाधीश ने गवाहों के बयान और विशेष लोक अभियोजक मनोज कुमार मिश्रा और नरेश कुमार शर्मा के तर्कों को सुनने और पत्रावली का अवलोकन कर तीनों भाइयों को उम्रकैद की सजा सुनाई।

## एक नजर

### समाधान दिवस में 11 में से एक शिकायत का निस्तारण

**मिर्जापुर।** तहसील के सभागार मे तहसीलदार अजहर अंसारी की अध्यक्षता मे सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस दौरान कुल 11 प्रार्थना पत्र आए, जिसमें से मात्र एक का मौके पर निस्तारण हो सका। तहसीलदार ने शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समय से निस्तारण करने के निर्देश दिए है।

### महिला की मौत के मामले में तहरीर का इंतजार

**मिर्जापुर।** पृथ्वीपुर गांव में रविवार की रात विवाहिता संगीता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। इस मामले में मृतका के भाई कांट थाना क्षेत्र के कुर्रिया कलां निवासी सुआलाल व परिजनों ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए सोमवार को घटनास्थल पर जमकर हंगामा किया था। मृतका के भाई ने दहेज को लेकर बहन को मारने का आरोप लगाया था। सोमवार को मृतका का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया था। इस संबंध में थानाध्यक्ष विनोद कुमार तोमर ने बताया कि अभी तक इस मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# कमरे में गोली लगने से 10वीं की छात्रा की मौत, पुलिस ने तमंचा बरामद किया

## मां बोली- कोई गोली मारकर भाग गया, पुलिस आत्महत्या मान रही

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार :** संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी की गोली लगने से मौत हो गई। इसका पता लगने पर सीओ प्रयांक जैन व कोतवाल सुरेंद्र पाल सिंह ने मौका मुआयाना किया। पुलिस गोली लगने का कारणों की तलाश में जुटी है। एसपी अशोक कुमार मीणा ने मौके पर पहुंचे परिजनों से पूछताछ की। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर कमरे की तलाशी ली और सबूत जुटाए।

तिलहर कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव खिरिया उदैत राजेश कुमार ने बताया कि वह मंगलवार को तिलक कार्यक्रम में मोहम्मदी गए थे। घर पर उनकी पत्नी रेखा देवी और 14 वर्षीय पुत्री विनती भारती थी। विनती कक्षा 10 की छात्रा है। वह तिलहर के एलबीजेपी इंटर कॉलेज में पढ़ती है। मंगलवार देर शाम विनीता अपने कमरे में पढ़ रही थी। इसी दौरान अचानक गोली चलने की आवाज आई। मां रेखा दौड़ते हुई कमरे में गईं तो देखा विनती लहूलुहान हालत में पड़ी है। रेखा का कहना था कि कोई व्यक्ति आया और उसने विनती को गोली मार दी। पुलिस ने छात्रा की मां के बताए अनुसार जांच पड़ताल की तो मामला संदिग्ध पाया गया। पुलिस ने किशोरी की मां रेखा देवी से कड़ाई से पूछताछ की तो मामला आत्महत्या का निकला।

कोतवाल सुरेंद्र पाल सिंह ने रेखा की निशानदेही पर तमंचा बरामद कर लिया। पुलिस अधीक्षक अशोक मीणा ने बताया कि किशोरी के कमरे से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है, जिसमें उसने आत्महत्या करने की बात लिखी है। सुसाइड नोट की लिखावट की फॉरेंसिक टीम से जांच कराई जाएगी। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त तमंचा मृतका के चाचा शेर सिंह से बरामद कर लिया है। मृतका के पिता राजेश ने पुलिस अधीक्षक को बताया कि वह अपने पुत्र अभिषेक, गुरुवचन और पुत्री पावनी के साथ हरियाणा के जनपद सोनीपत के गांव फरमाना के पास स्थित ईंट भट्टे पर मजदूरी करते हैं। दो फरवरी को ही वह घर आए थे।



मृतका के पिता से पूछताछ करते एसपी अशोक कुमार मीणा। ● अमृत विचार

- तिलक कार्यक्रम में शामिल होने मोहम्मदी गए थे छात्रा के पिता
- एसपी ने किया मौका मुआयना, फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच कर जुटाए सबूत



मौके पर जांच करती फॉरेंसिक टीम। ● अमृत विचार

## कमिश्नर व आईजी ने सदर तहसील का किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने संगोष्ठी जाने से पहले सदर तहसील का औचक निरीक्षण किया। कमिश्नर के पहुंचने से तहसील अधिकारी कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। सबसे पहले उन्होंने सभी परगना के मिशलबंद रजिस्टर देखे। गायब पत्रावलियों को ढूंढने के निर्देश दिए। लंबित प्रकरणों को देख उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए अधीनस्थों से कहा कि इनका समय से निस्तारण कराओ। उन्होंने समाधान दिवस में आधा घंटा बैठकर आई हुई जनता की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण भी किया। कमिश्नर ने कहा कि आने वाली जनता को बार-बार एक ही समस्या को लेकर न भटकना पड़ा। इसका अधिकारी विशेष ध्यान रखे। वह मौके से सभी मिसलबंद रजिस्टर की फोटो कापी लेकर गई। अब वह उनका निरीक्षण कर राजस्व वादों की स्थिति देखकर निरीक्षण रिपोर्ट भेजेगी। सदर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम सदर ज्ञानेंद्र नाथ की अध्यक्षता में हुआ।

# सांसद ने की अयोध्या तक सीधी ट्रेन चलाने की मांग



लखनऊ में आयोजित बैठक में राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया व अन्य।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- कहा- सीधी ट्रेन होने से जिले के लोगों को अयोध्या जाना होगा आसान

**अमृत विचार :** लखनऊ में मंगलवार को राज्यसभा की सरकारी आश्वासन संबंधी समिति की बैठक हुई। बैठक में राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया भी शामिल हुए। सांसद ने सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय और रेलवे आदि विभिन्न मंत्रालयों से संबंधित विभिन्न आश्वासनों पर अधिकारियों से चर्चा की।

इस दौरान सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया ने अधिकारियों से प्रमुख रूप से शाहजहांपुर से अयोध्या तक दिव्य भव्य भगवान श्री राम के मंदिर के दर्शन के लिए डायरेक्ट ट्रेन चलाए जाने और यात्रा के दौरान बेहतर सुविधा यात्रियों को दिए जाने के लिए आदि प्रमुख विषयों पर वार्ता की। सांसद ने अधिकारियों को अवगत कराया की बड़ा गांव से पहले जो बाईपास पुवायां होते हुए खुटार मार्ग पर निकला है। जिसकी वजह से पहले से बना बड़ा गांव से पुवायां होते हुए मार्ग काफी टूट गया है। इस पूर्व निर्मित मार्ग को भी बनवाया जाए, जिससे स्थानीय लोगों के आवागमन में परेशानी ना हो। साथ ही सांसद ने बताया कि खुटार के आगे आसाम रोड पर टोल प्लाजा स्थित है। जहां पर बड़े पैमाने पर अवैध वसूली की जाती है। उन्होंने इसकी जांच कराने की बात अधिकारियों से की। इस दौरान संबंधित मंत्रालयों के अधिकारियों ने सांसद को इन प्रकरणों में जल्द ही कार्रवाई के लिए आश्वासन भी दिया है।

# यूपी बोर्ड परीक्षा कल से, प्रश्नपत्र पहुंचे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी है। परीक्षा गुरुवार 22 फरवरी से शुरू हो रही है। मंगलवार को तहसील सदर, पुवायां व कलान के छूटे केंद्रों पर प्रश्नपत्र पहुंचा दिए गए।

- पहले दिन हाईस्कूल और इंटर में होगा हिंदी सैन्य विज्ञान और वाणिज्य का पेपर

यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा 22 फरवरी से शुरू होगी। पहले दिन प्रथम पाली सुबह 8.30 से पूर्वाह्न 11.45 बजे तक और द्वितीय पाली दोपहर दो से शाम 5.15 बजे तक चलेगी। पहले दिन प्रथम पाली में हाईस्कूल हिंदी और इंटरमीडिएट सैन्य विज्ञान तथा दूसरी पाली में इंटरमीडिएट हिंदी और सामान्य हिंदी एवं हाईस्कूल वाणिज्य का पेपर होगा। इधर, राजकीय इंटर कॉलेज के स्थापित किए गए कंट्रोल रूम में भी तैयारियों को अंतिम रूप देने का काम दिनभर चलता रहा। सभी केंद्रों का इंटरनेट और कंट्रोल रूम से जुड़ाव चेक करने का काम भी चलता रहा। वहीं, कक्ष निरीक्षकों को लेकर भी टीमें टेंशन में रहीं। सभी केंद्रों पर कक्ष निरीक्षकों का आवंटन कर दिया गया है। अब शिक्षकों की उपस्थिति बताएगी कि कहां-कितने कक्ष निरीक्षक पहुंच रहे हैं और कहां कमी रह गई है। इधर, डीआईओएस हरिवंश कुमार ने बताया कि मंगलवार को परीक्षा केंद्रों पर प्रश्नपत्र कड़ी सुरक्षा के बीच पहुंचा दिए गए हैं। केंद्र व्यवस्थापकों ने प्रश्नपत्रों को स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखवाकर दिया है। परीक्षा की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।



मदरसा परीक्षा केंद्र पर व्यवस्थाएं देखते सेक्टर मजिस्ट्रेट वरुण सिंह।

### आलिम, अरबी, फारसी की परीक्षा खत्म

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा संचालित मुंशी, मौलवी, आलिम, कामिल और फाजिल की परीक्षा मंगलवार को भी शांतिपूर्वक चली। मंगलवार को द्वितीय पाली में आलिम, अरबी, फारसी सीनियर सेकेंडरी की परीक्षा समाप्त हो गई। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मोहम्मद खालिद, सेक्टर मजिस्ट्रेट वरुण सिंह आदि ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

## बस की टक्कर से मजदूर की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** राष्ट्रीय राजमार्ग पर बिल्लीगंज मोहल्ले के सामने रोडवेज बस ने सड़क पार करते समय एक मजदूर को टक्कर मारकर घायल कर दिया। घायल मजदूर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के मोहल्ला कोरियान निवासी 30 वर्षीय राम भारत मजदूरी करता था। सोमवार की सुबह आठ बजे वह मजदूरी करने के लिए निकला। वह काम करके रात आठ बजे घर पैदल आ रहा था। राष्ट्रीय राजमार्ग पर मोहल्ला बिल्लीगंज के सामने बरेली की ओर जा रही रोडवेज बस ने उसे साइड से टक्कर मार दी, जिससे मजदूर घायल हो गया। चालक बस लेकर भाग गया। घायल को स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया। डाक्टर ने घायल को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। घायल की इलाज के दौरान मंगलवार की सुबह छह बजे मौत हो गई।

# व्यापारियों ने लगाया उत्पीड़न का आरोप, ज्ञापन दिया

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने प्रांतीय आह्वान पर कलेक्ट्रेट स्थित खाद्य विभाग के कार्यालय पहुंचकर 11 सूत्रीय मांग पत्र खाद्य सुरक्षा अधिकारी चंद्रशेखर शर्मा को सौंपा। व्यापारियों का कहना है कि खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से खाद्य पदार्थों के व्यापारियों के लाइसेंस रजिस्ट्रेशन व सैंपलिंग आदि का कार्य किया जाता है। इसमें व्यापारियों को अनेकों कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

महानगर अध्यक्ष मोहम्मद सलाउद्दीन के नेतृत्व में पहुंचे व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से सभी लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन को आजीवन किया जाए। खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम विभाग की ओर से व्यापारियों की ट्रेनिंग के लिए कुछ प्राइवेट कंपनियों को ठेका दिया गया है, जो सिर्फ पैसे लेकर सर्टिफिकेट जारी कर रहे हैं। उन प्राइवेट कंपनियों के कर्मचारी अपने आप को सरकारी अधिकारी बताकर व्यापारियों का शोषण करते हैं। कोई भी टेक्निकल जानकारी ट्रेनिंग प्रोग्राम में नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि व्यापारी उत्पीड़न का प्रतीक ट्रेनिंग सर्टिफिकेट व्यवस्था को समाप्त किया जाए।

व्यापारियों ने कहा कि सैंपल भरते समय एक सीसी एनएबीएल लैब को भेजे जाने की व्यवस्था एक्ट में की गई है, लेकिन अधिकृत एनएबीएल लैब की सूची उपलब्ध न होने के कारण व्यापारी सैंपलिंग की जांच नहीं करा पाता है। इस वजह से व्यापारी का उत्पीड़न होता है। एनएबीएल लैब की सूची सार्वजनिक की जाए। सैंपल भरते समय स्टरलाइज सैंपल सीसियों का प्रयोग किया जाए। खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम में सैंपल फेल होने पर जुर्माने की सुनवाई के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को अधिकार दिए गये हैं। यह व्यवस्था सही नहीं है। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की मूल भावनाओं के अनुसार पूर्णकालिक न्याय निर्धारण अधिकारी की नियुक्ति की जाए।



खाद्य सुरक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। ● अमृत विचार

- सभी तरह के लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन आजीवन किए जाने की मांग उठाई

सीलबंद पदार्थों के निर्माण व पैकिंग का कार्य कंपनियों की ओर से किया जाता है। इस प्रकार के पदार्थों में थोक व रिटेल का व्यापारी किसी भी प्रकार की मिलावट नहीं कर सकता है। भारतीय संविधान के अनुसार भी बिना अपराध सजा नहीं दी जा सकती है। इसलिए सीलबंद पदार्थों की बिक्री में रिटेल व थोक के व्यापारी के विरुद्ध मुकदमे की कार्रवाई न की जाए।

ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप महानगर महामंत्री अनूप गुप्ता, युवा जिला अध्यक्ष नरेंद्र शुक्ला, रेहान खान, श्याम मोहन मिश्रा, दानिश, निहाल खान, अर्चित सक्सेना आदि रहे।

# श्रद्धालुओं की मौत के मामले में मुकदमा दर्ज

संवाददाता, मिर्जापुर

- चालक पर ट्रैक्टर लापरवाही से चलाने का आरोप

**अमृत विचार :** मिर्जापुर थाना क्षेत्र में स्टेट हाईवे पर ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से दो लोगों की मौत के मामले में ट्रैक्टर व अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपी की तलाश मे जुट गई है।

मिर्जापुर में रविवार रात आलू भरी ट्रैक्टर-ट्राली से टकराने के बाद श्रद्धालुओं को गंगा स्नान के लिए ले जा रही ट्रैक्टर ट्राली पलट गई थी। इस मामले में ग्योड़ी थाना परौर निवासी आशाराम ने सोनालिका ट्रैक्टर ट्राली व अज्ञात चालक के नाम मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर में बताया है कि वह गंगा स्नान के लिए 20 सवारी के साथ ट्रैक्टर ट्राली से जा रहा था। तहसील मुख्यालय से 500 मीटर आगे स्टेट हाइवे पर आलू से भरी ट्रैक्टर ट्राली के चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाकर ट्राली में टक्कर मार दी। जिससे उसकी ट्राली पलट गई और उनके बेटे विकेश की बेटी सुहानी व भांजी अरुणा की अस्पताल पहुंचते ही मौत हो गई। इसमें कई घायलों की हालत गंभीर है। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# किसानों ने सीखी उत्पादन की तकनीक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- चीनी उद्योग व गन्ना विकास विभाग की ओर से आयोजित किए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम

**अमृत विचार :** प्रदेश के गन्ना किसानों के लिए चीनी उद्योग और गन्ना विकास विभाग की ओर से वृहद स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमें उप्र गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर की ओर से प्रदेश के गन्ना उत्पादक जनपदों का जनपदवार प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार कर प्रशिक्षण कार्यक्रम कराए जा रहे हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप्र गन्ना शोध परिषद पर 100, सेवरही संस्थान पर 100 और मुजफ्फरनगर संस्थान पर 50 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण लिया।

इस तरह कुल 150 किसानों को प्रतिदिन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मंगलवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम में शाहजहांपुर संस्थान पर सीतापुर की गन्ना विकास परिषद बिसवां के 50, जनपद सुल्तानपुर की गन्ना विकास परिषद सुल्तानपुर के 50 किसानों को गन्ना खेती की उत्तम तकनीकी अपनाकर कम लागत में अधिक उत्पादन, उत्पादकता एवं आमदनी प्राप्त करना विषयक प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण में वैज्ञानिकों की ओर से बसंत कालीन बुवाई, सहफसली खेती, ट्रेंच एवं रिंग पिट विधि से गन्ना बुवाई, रैटून मैनेजमेंट एवं मल्चिंग, कृषि यंत्रीकरण के लाभ, जल संरक्षण, ड्रिप सिंचाई व प्राकृतिक खेती के लाभ, गन्ने की नवीन किस्मों और गन्ना किस्म को-0238 के विकल्प एवं गन्ना किस्म संतुलन का महत्व, गन्ने के प्रमुख रोग व कीट, उनके नियंत्रण के उपाय, बीज व भूमि उपचार के तरीके और उनसे लाभ, जैव उर्वरकों व जैव पेस्टीसाइडस के उपयोग के लाभ, बीज गन्ने की गुणवत्ता एवं नर्सरी तैयार करने की विधि, गन्ने के प्रमुख कीट एवं ट्राइकोकार्ड तैयार करने की विधि आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षण के अंत में किसानों की ओर से फीडबैक भी दिया गया। जिसमें जनपद

सीतापुर के कृषक विक्रमादित्य ने संस्थान की ओर से प्रशिक्षण के लिए किये गये कार्यों की सराहना की और सुल्तानपुर के किसान रामयज्ञ ने गन्ना विकास विभाग की ओर से प्रायोजित इस पहल की सराहना की। किसानों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताया।

## सुबह से दोपहर तक नहीं आयेगी बिजली

**रोजा, अमृत विचार :** बुधवार को विद्युत उपकेंद्र रोजा में 11 केवी इनकमिंग वीसीबी पैनल की क्षतिग्रस्त सीटी बदलने के कारण करीब एक दर्जन मोहल्लों में सुबह साढ़े आठ बजे से दोपहर बारह बजे तक बिजली गुल रहेगी। उपकेंद्र के जेई अजय कुमार यादव ने बताया कि विद्युत उपकेंद्र रोजा में 11 केवी इनकमिंग वीसीबी पैनल की क्षतिग्रस्त सीटी को बदलने का कार्य शुरू होगा। जिसके कारण उपकेंद्र से संबंधित सभी क्षेत्र आदर्श नगर कालोनी, मठिया कालोनी, दलेलगंज, ख्वाजा फिरोज, पुत्तूलाल चौराहा, चर्च कालोनी, मिश्रीपुर, निवाजपुर, हांडा कालोनी, सरायकांइया, चमकनी गाड़ीपुरा आदि मोहल्लों में सुबह साढ़े आठ बजे से दोपहर बारह बजे तक बिजली गुल रहेगी।

# जनसुनवाई में चार शिकायतें आई तीन का कर दिया निस्तारण



जन सुनवाई के दौरान शिकायतें सुनते नगर आयुक्त कामता प्रसाद व अधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** संभव जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में नगर आयुक्त कामता प्रसाद की अध्यक्षता में सुबह 10 बजे से संभव जनसुनवाई दिवस आयोजित किया गया। जिसमें टूटी सड़कों, सीवर लाइन व पेयजलापूर्ति संबंधित शिकायतें ज्यादा आईं।

इसमें नगर आयुक्त ने अपर नगर आयुक्त एसके सिंह को समस्याओं को नोट करने के निर्देश दिए और जल्द इनका निराकरण कराने को कहा। साथ ही नगर आयुक्त ने नाले, नलियों की सफाई के लिए नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए।

नगर आयुक्त ने फरियादियों की समस्याओं को गहनता से सुना। जनसुनवाई में कुल चार शिकायतें आईं, जिनमें तीन का मौके पर निस्तारण किया गया।

**खेती-किसानी** | गंगा नगर कृषि फार्म में आयोजित किसान संगोष्ठी में कमिश्नर ने किया किसानों का आह्वान, आईजी बोले : सहफसली के क्रांतिकारी कदम गांव-गांव पहुंचाएं

# तकनीक और उन्नत खेती करके खुद को अग्रणी साबित करें किसान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** वसंत कालीन एवं गन्ना सहफसली बुवाई, श्रीअन्न के उपयोग के लिए विकास खंड कांट के क्षेत्र में प्रगतिशील किसान कौशल मिश्रा के गंगानगर फार्म कुर्रिया ढोढों में मंगलवार को किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और नौनिहालों को खीर खिलाकर अन्नप्राशन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल और पुलिस महानिरीक्षक राकेश कुमार सिंह रहे। उन्होंने किसानों को आधुनिक तकनीक से खेती करने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद गन्ना की खेती और सहफसली उत्पादों को भी देखा। इस मौके पर कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने कहा कि किसान तकनीक का उपयोग करते हुए उन्नत खेती के लिए स्वयं को साबित करें।कमिश्नर ने कहा कि कौशल मिश्रा ने गन्ने के साथ सहफसली को बढ़ावा दिया है। इससे वह दूसरों के लिए मिसाल बन गए हैं। किसानों को भी चाहिए कि वह उन्नत खेती के लिए आगे बढ़कर अपने गांव और क्षेत्र का नाम रोशन करें। सभी किसान सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं।

आईजी राकेश कुमार सिंह ने कहा कि प्रगतिशील किसान कौशल मिश्रा ने गन्ना और मशरूम उत्पादन से क्रांतिकारी कदम उठाया है, इसका लाभ अन्य किसानों को भी उठाना चाहिए। सहफसली और गन्ने की आधुनिक तकनीक गांव-गांव पहुंचना चाहिए, ताकि छोटे-छोटे किसानों को भी लाभ मिल सके। मुख्य आयोजक कौशल मिश्रा ने किसानों का आह्वान किया कि वह उत्पादन बढ़ाकर खेती की लागत कम कर सकते हैं। इसके लिए किसानों को और अधिक जागरूक होने की आवश्यकता है।

संगोष्ठी में किसान सहकारी चीनी मिल तिलहर के गन्ना पर्यवेक्षक सुरेश पाल सिंह, किसान धर्मपाल, प्रेमपाल, ओम प्रकाश को मृदा परीक्षण के लिए सम्मानित किया गया। पूर्व वैज्ञानिक डॉ. सुरेश चंद्र मिश्र ने गोष्ठी का संचालन किया। गोष्ठी में विशिष्ट अतिथि एसपी अशोक कुमार मीणा, एडीएम वित्त एवं राजस्व डॉ. सुरेश कुमार, डिप्टी डायरेक्टर एग्रीकल्चर धीरेंद्र सिंह रहे। अतिथियों को स्मृति चिह्न के रूप में श्रीराम मंदिर मॉडल भेंटकर सम्मानित किया गया। व्यवस्था में कौशल शुक्ला, राजेश्वर यादव, गौरव मिश्रा, पीयूष सिंह, सर्वेश मौर्या, सर्वेश यादव, छोटू सिंह, मोहित ठाकुर, मोहित मिश्रा, अवधेश मिश्रा आदि का सहयोग रहा।




गंगानगर फार्म पर किसान संगोष्ठी को संबोधित करतीं कमिश्नर सौम्या अग्रवाल। ● अमृत विचार



गन्ने की नवीन प्रजातियों को दिखाते उप गन्ना आयुक्त राजीव कुमार राय।

- गंगा नगर कृषि फार्म में किसान संगोष्ठी का आयोजन कमिश्नर ने किया संबोधित



गर्भवती महिलाओं को उपहार भेंटकर गोद भराई करतीं मंडलायुक्त। ● अमृत विचार

## सहफसली देख गदगद हुए अधिकारी

संगोष्ठी के बाद प्रगतिशील किसान कौशल मिश्रा कमिश्नर सौम्या अग्रवाल, आईजी राकेश कुमार सिंह, उप गन्ना आयुक्त राजीव राय, एसपी अशोक कुमार मीणा आदि को अपने खेत में ले गए। वहां सभी ने गन्ना के साथ अचार वाली लाल मिर्च, शिमला मिर्च, टमाटर आदि सब्जियों को देखा। इसके अलावा अधिकारियों ने मशरूम उत्पादन और गन्ने उत्पादन की नहीं तकनीक की जानकारी ली।

### बच्चों का अन्नप्राशन, महिलाओं की गोद भराई की


कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने संगोष्ठी के समापन पर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की और नौनिहालों को खीर खिलाकर उनका अन्नप्राशन किया। गांव की महिलाएं बच्चों को लेकर आयोजन स्थल पर लेकर आई थीं। मंडलायुक्त ने अपनी ओर से महिलाओं को गोद भराई में फल और मिष्ठान प्रदान किया।

### गोष्ठी में अधिकारियों को किया सम्मानित

संगोष्ठी में किसान सहकारी चीनी मिल तिलहर के गन्ना पर्यवेक्षक सुरेश पाल सिंह, किसान धर्मपाल, प्रेमपाल, ओम प्रकाश को मृदा परीक्षण के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान तमाम किसान मौजूद रहे। अंत में आयोजनों ने सबको धन्यवाद दिया।

### गोष्ठी में ये रहे मौजूद

कृषक संगोष्ठी में लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद के मीडिया प्रभारी विनीत मिश्रा, उप गन्ना आयुक्त राजीव कुमार राय, मृदा रसायन विशेषज्ञ डॉ. जीएल गुप्ता, गोला के शस्य वैज्ञानिक डॉ. सरनाम सिंह, इफ्को के प्रबंधक रामरतन सिंह, यूपीएल मुंबई के डॉ. मोहित शेखावत, यूपीएल लखनऊ के डॉ. सत्य प्रकाश सिंह, डिप्टी सीसी राजीव राय, जिला गन्ना अधिकारी जितेंद्र कुमार मिश्र, पशु चिकित्सा अधिकारी कांट डॉ. भानु प्रकाश, संयुक्त कृषि निदेशक राजेश कुमार, गिरगिचा चीनी मिल के जीएम आशीष त्रिपाठी, रोजा शुगर वर्क्स के जीएम मुनेश पाल सिंह आदि विशिष्टजन मौजूद रहे।

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877


घटना की जानकारी देते ग्रामीण। ● अमृत विचार


घटना की जानकारी देते दुल्हन के चाचा राजीव मौर्य। ● अमृत विचार


सूना पड़ा मंडप, हमलावरों की कहानी सुनातीं रिश्तेदार महिलाएं। ● अमृत विचार

# शादी समारोह में डीजे पर डांस को लेकर बवाल

## बच्चों में हुए झगड़े के बाद ग्रामीणों ने बरातियों पर हमलाकर जमकर लाठी-डंडे बरसाए, भागकर बचाई जान

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार:** डीजे पर डांस करने को लेकर बच्चों में हुए विवाद के बाद ग्रामीणों ने लाठी, डंडे और राइफल लेकर बरातियों पर हमला कर दिया जमकर मारपीट की। इसमें दूल्हा सहित 10 से अधिक लोग घायल हो गए।


पिटाई में चोटिल वधू का भाई राहुल मौर्य।

इनके अलावा करीब 40 लोगों को हल्की चोटें आईं। बरात चढ़ने के दौरान बवाल होने से दूल्हा-दुल्हन की भांवरें भी नहीं पड़ सकीं। बरात में लूटपाट करने का भी आरोप है। मारपीट में घायल हुए दूल्हा के भाई और बहनोई की हालत गंभीर बताई जाती है। मंगलवार को पुलिस भांवरें डलवाने की कोशिश में लगी रही।

सोमवार रात तिलहर थाना क्षेत्र के ग्राम बरुआर निवासी पीआरडी के जवान प्यारे लाल मौर्य की बेटी लीलावती की बरात निगोही क्षेत्र के डींग गांव से आई थी। डींग गांव निवासी ओमप्रकाश उर्फ बाबूराम के बेटे कुलदीप को दूल्हा बनाकर गाजे-बाजे के साथ करीब 30 बरातियों को लेकर पहुंचे थे। बरात के रुकने की व्यवस्था गांव के खेत में टेंट लगाकर की गई थी। जहां जनवासे में डीजे पर बरात में आए बच्चे डांस कर रहे थे। उनके बीच में घुसकर वहीं बरुआर गांव में रहने वाले यादव बिरादरी के बच्चे भी डांस करने लगे। डांस को लेकर बरातियों और गांव के बच्चों के बीच कहासुनी हो गई। बच्चों के बीच झगड़ा होता देख बरात में आए समझदार लोगों ने बच्चों को समझाकर मामला शांत करा दिया। इसके बाद बराती और लड़की पक्ष के लोग खाना खाने के बाद शादी के कार्यक्रम में लग गए।

इसी बीच यादव विरादरी के लोगों ने रात में करीब डेढ़ बजे रायफल व लाठी-डंडे लैस होकर हमला कर दिया। हमलावरों ने दूल्हा कुलदीप और उसके भाई सर्वेश, बहनोई वेदपाल समेत लगभग 10 लोगों को पीटकर घायल कर दिया। इनके अलावा 40 लोग चोटिल हो गए। दुल्हन के चाचा राजीव मौर्य ने बताया कि उन्होंने बरातियों को बचाने की कोशिश की। इस पर दौरान हमलावरों ने दुल्हन के दो भाइयों नीरज व राहुल और मां द्रोपदी पर भी हमला कर दिया। इस दौरान द्रौपदी का सिर फट गया। घायलों में दूल्हा के भाई सर्वेश, बहनोई वेदपाल की हालत गंभीर बताई जा रही है। आरोप है कि हमलावर बरातयों से लाखों के जेवर और हजारों रुपये व अन्य कीमती सामान लूटकर ले गए। हमलावरों ने बरातियों की बाइक व अन्य सामान भी तोड़ दिया।

किसी ने इसकी सूचना डायल 112 को दे दी, जिससे पुलिस मौके पर जा पहुंची। मगर तब तक बाराती जा चुके थे। हमलावर भी अपने घरों से फरार हो गए थे। इंस्पेक्टर सुरेंद्रपाल सिंह ने भी मौका मुआयना किया। पुलिस ने घायल दुल्हन के भाई नीरज, राहुल और मां द्रौपदी का मेडिकल परीक्षण कराया। हालत गंभीर होने पर दूल्हे के भाई सर्वेश को बरेली के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुल्हन की मां का भी बरेली से इलाज चल रहा है। पुलिस दूल्हा-दुल्हन के फेरे डलवाने का प्रयास कर रही है। जबकि, दूल्हे के पिता का कहना है कि वह पहले अपने घायल बेटे व बरातियों का इलाज करवाएंगे। उसके बाद सोचा जाएगा। वहीं इंस्पेक्टर सुरेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर बिरसिंहपुर चौकी प्रभारी बालकराम पुलिस बल के साथ गांव डेरा जमाए हैं। वह दूल्हा के पिता से बातचीत के जरिए प्रयास कर रहे हैं। वहीं, सदमे में दुल्हन की हालत बिगड़ रही है।

### पुलिस ने नहीं लिखी रिपोर्ट, एसपी से लगाई गुहार



दुल्हन के पिता प्यारेलाल का आरोप है कि घटना के बाद वह रात में तीन बजे तहरीर लेकर तिलहर कोतवाली गए, लेकिन पुलिस ने उनकी रिपोर्ट नहीं लिखी। मंगलवार को प्यारेलाल ने परिजनों के साथ जिला मुख्यालय जाकर एसपी अशोक कुमार मीणा को को शिकायती पत्र दिया और हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। दूल्हा के पिता हमले में घायल हुए लोगों को लेकर थाना निगोही व तिलहर गए। मगर पुलिस ने रिपोर्ट नहीं लिखी।


हमलावरों ने तोड़ी खाना बनाने वाली भट्टी।

- दूल्हे के भाई बहनोई और दुल्हन की मां समेत 10 लोग गंभीर घायल अस्पताल में भर्ती
- 40 अन्य लोगों को भी चोटें आईं, तिलहर क्षेत्र के गांव बरुआर में सोमवार रात हुई घटना

### वधू के लिए लाए गए जेवर लूट ले गए हमलावर

हमलावरों पर बरातियों से लाखों के जेवर व अन्य कीमती सामान लूटकर ले जाने का आरोप है। दूल्हा के पिता का कहना है कि वह दुल्हन के लिए सोने का हार समेत लाखों के जेवर और कीमती कपड़े लाए थे, जो हमलावर लूटकर ले गए। जहां बाराती रुके थे, वहां बाद में केवल दूल्हा की पगड़ी मिली। बाकी सामान गायब था।

मारपीट में कई लोग घायल हुए हैं। मामले की जांच की जा रही है। जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि आरोपी शराब के नशे में थे। –सुरेंद्रपाल सिंह, इंस्पेक्टर, कोतवाली तिलहर

### बुग्गी के डंडे उखाड़कर बरातियों पर बरसाए

हमलावरों के सिर पर मानो खून सवार था। हमलावर घर से हथियारों से लैस होकर चले थे। बरातियों को पीटने के दौरान उनके डंडे टूट गए। इतने पर भी हमलावरों का गुस्सा शांत नहीं हुआ। उन्होंने खेत में खड़ी बुग्गी में लगे डंडे उखाड़ लिए और दोबारा बरातियों की पिटाई शुरू कर दी।

### खेतों के रास्ते जान बचाकर भागे बाराती

बच्चों के बीच झगड़ा शुरू होने के दौरान बराती खाना खा रहे थे। वहीं कुछ लोग बिस्तर पर थे। इसी बीच राइफल, डंडे, लाठी आदि लेकर पहुंचे करीब दर्जन भर से अधिक लोगों ने अचानक हमला बोल दिया। हमलावरों से जान बचाने के लिए बरात खेतों की ओर भाग गए।

### कुछ बराती झटके वाले तार में उलझकर हुए चोटिल

रात में अचानक हमला होने पर बराती खुद को बचाने के लिए खेतों की ओर भागे। वहां किसानों ने छुट्टा पशुओं से फसल को बचाने के लिए अपने खेतों के चारों ओर कंटीले व झटके वाले तार लगा रखे हैं। हमलावरों से बचने के लिए भागते समय बराती खेतों पर लगे तारों की चपेट में आकर चोटिल हो गए।

## एक नजर

### एसडीएम से लापता बच्ची को तलाशने की गुहार



**जलालाबाद, अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव गुनारा निवासी नफीसन पत्नी आबिद की सात वर्ष पुत्री मुमताज 17 दिन पहले अचानक लापता हो गई थी। जिसका अभी तक कुछ पता नहीं चला है। पीड़िता ने बताया कि पुलिस ने गुमशुदगी की थी, लेकिन अभी तक बच्ची का पता लगाने में असफल है। पीड़ित मां ने एसडीएम डॉ. रविन्द्र कुमार को तहसील समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर बच्ची की बरामदगी की गुहार लगाई है।

### युवक को पीटकर किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के मोहल्ला सराय निवासी महबूब हसन ने बताया कि दो दिन पहले पड़ोसी गुड्डे के बच्चों से उसके बच्चों का विवाद हो गया था। लोगों ने समझाकर शांत करा दिया था। लेकिन आरोपी मन में रजिंश मानने लगा था। आरोप है कि आरोपी गुड्डू अपने साथियों के साथ उसके दरवाजे पर सोमवार की शाम पांच बजे आया और गाली देने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उसे पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी गुड्डू व मुस्तकीम के खिलाफ विभिन्न धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### युवती को अगवा करने की रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** अल्हागंज थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बताया कि उसकी 23 वर्षीय पुत्री 16 फरवरी की सुबह नौ बजे एडमिट कार्ड लेने के लिए गई थी। उसकी बेटी शाम तक वापस नहीं आई तो उसकी तलाश की गई। वह परिवार वालों के साथ उसकी तलाश करती रही। महिला को अगले दिन पता चला कि हरदोई जिले का धीरेंद्र उसकी बेटी को अगवा करके ले गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# प्रेम प्रसंग के चलते युवती ने फंदे पर लटककर दी जान

संवाददाता, सिंधौली

- टंकी निर्माण में लगे मजदूर के बुलाने पर गई थी मिलने
- जानकारी होने पर पिता बुलाकर लाया था घर

**अमृत विचार :** सिंधौली क्षेत्र में एक युवती ने प्रेम-प्रसंग के चलते अपने गले में फंदा लगाकर जान दे दी। उसका शव कमरे में कुंडे से लटका मिला। गले में साड़ी से फंदा कसा हुआ था। मृतका के पिता ने गांव में टंकी निर्माण कर रहे मजदूर के खिलाफ तहरीर दी है, जिसमें आरोप है कि मजदूर ने उसकी बेटी को फोन करके बुलाया था।

जानकारी होने पर वह बेटी को बुला लाया। इसके बाद बेटी ने लोकलाज के भय से फंदे पर लटक कर जान दे दी है। वहीं, मृतका के पर्स से पुलिस को एक सुसाइड नोट भी मिला है। मृतका के पिता की ओर से दी गई तहरीर बताया गया है कि उनके गांव में पानी की टंकी बन रही है। जिसके निर्माण कार्य में बाहर के मजदूर लगे हुए हैं।

टंकी निर्माण में थाना गढ़िया रंगीन क्षेत्र के गांव अजमतपुर का मजदूर काम कर रहा है। मजदूर ने वादी की बेटी को रविवार रात 11 बजे फोन करके टंकी के पास बुलाया।

पड़ोसी ने उसे जाते हुए देखा तो उसने वादी को सूचना दे दी। वह बेटी की तलाश में गए तो पंचायत घर के पास तालाब के किनारे मिली। इसके बाद अपनी बेटी को लेकर घर आ गए। मगर लोकलाज के भय से उसकी बेटी ने सोमवार रात साड़ी का फंदा गले में डाल आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी।

सुबह मृतका के परिजन सूचना देने आए थे। शव पीएम के लिए भेजा है। गांव में पानी की टंकी पर काम करने वाले युवक पर आरोप लगाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। –धर्मेंद्र गुप्ता, थानाध्यक्ष

# मां-भाई व प्रेमी की मदद से पत्नी ने कराई राजवीर की हत्या

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** पुलिस ने परौर इलाके के गांव तालिकापुर के राजवीर हत्याकांड का मंगलवार को पुलिस ने खुलासा कर दिया। इस घटना को अंजाम मृतक की पत्नी, सास, साले और पत्नी के प्रेमी सहित पांच ने अंजाम दिया था। पुलिस ने पांचों लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो तमंचे व कारतूस बरामद किए हैं। पत्नी ने संपत्ति के विवाद में प्रेमी, मां व अन्य से मिलकर राजवीर की हत्या की थी।

एसपी अशोक कुमार मीणा ने बताया कि बदायूं जिले के बिसौली कस्बे के मोहल्ला शिव कॉलोनी निवासी राजवीर सिंह अपनी ससुराल परौर थाना क्षेत्र के गांव तालिकापुर में पत्नी सोनी और दो बच्चों के साथ रहता था। शुक्रवार रात 10:30 बजे राजवीर अपने घर बिसौली गया था। वहां से वह रात में तालिकापुर लौटा था। तभी कार से उतरकर जाते समय घर के दरवाजे पर राजवीर सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पिता मुलायम सिंह ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एसपी ने बताया कि घटना के खुलासे को एसओजी, सर्विलांस टीम और परौर पुलिस को लगाया गया था। विवेचना के दौरान मृतक राजवीर की पत्नी सोनी, सास चंद्रवती आदि का नाम प्रकाश में आया था। सबूत जुटाने के बाद एसओजी और परौर पुलिस ने मंगलवार सुबह नौ बजे राजवीर सिंह की पत्नी सोनी, सास चंद्रवती निवासी याकूबपुर थाना जलालाबाद, साले सुनील कुमार, वीरपाल सिंह निवासी तालिकापुर और सोनी का प्रेमी टुइया उर्फ सुनील निवासी कुडरा पहाड़पुर थाना मिर्जापुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त दो तमंचे, खोखा व कारतूस बरामद किए हैं।

परौर पुलिस के अनुसार पूछताछ के दौरान अभियुक्त व मृतक के साले सुनील कुमार व उनकी मां चंद्रवती ने बताया कि सोनी ने मामा वीरपाल से जमीन व मकान अपने नाम करवा लिया था।

राजवीर इस संपत्ति को बरतता था। क्योंकि जमीन उसकी पत्नी के नाम थी। सुनील अपनी मां चंद्रवती के साथ जलालाबाद में रह रहा था। दूसरे टुइया उर्फ सुनील का मृतक राजवीर की पत्नी सोनी से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। एसपी ने बताया कि संपत्ति व प्रेम प्रसंग दोनों ही राजवीर की हत्या की वजह बने। इसी के चलते सभी ने साजिश के तहत राजवीर की हत्या कर दी थी। पुलिस ने सभी अभियुक्तों का चालान कर दिया।


पुलिस की गिरफ्त में मृतक की हत्यारोपी पत्नी व अन्य आरोपी। ● अमृत विचार

- पुलिस ने घटना का खुलासा कर पांचों आरोपियों को जेल भेजा
- पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो तमंचे व कारतूस बरामद किए

### पत्नी ने प्रेमी से मिलकर रची थी हत्या की साजिश

**शाहजहांपुर।** राजवीर की हत्या की योजना पत्नी सोनी ने अपने प्रेमी से मिलकर बनाई थी। इसमें उसने अपनी मां और भाई को भी शामिल कर लिया। योजना के अनुसार सोनी ने फोन करके रात में तालिकापुर गांव बुलाया। उसका प्रेमी टुइयां व सोनी का भाई पहले से घर के बाहर अंधेरे में खड़े हो गए। घर पहुंचने पर राजवीर ने दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया। मगर उसकी पत्नी ने दरवाजा खोलने में देरी कर दी और टुइया और अन्य लोगों ने राजवीर को मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद सोनी गांव वालों के सामने ड्रामा रचने लगी। कहा कि पता नहीं किसने उसके पति की हत्या कर दी है। बताते है कि जमीन के लालच में सोनी की मां व भाई ने साथ दिया था। पुलिस ने सबसे अलग-अलग पूछताछ की तो मामला खुल गया।

### आरोपी टुइया पर दर्ज हैं 18 मुकदमें

एसपी अशोक कुमार मीणा ने बताया कि मृतक राजवीर सिंह की पत्नी सोनी का टुइया उर्फ सुनील पर विभिन्न धाराओं के 18 मुकदमें दर्ज हैं। ये मुकदमे थाना मिर्जापुर, जलालाबाद, खुदागंज, अल्हागंज, तिलहर, रोजा पर हत्या के प्रयास, लूट, चोरी, शस्त्र आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज है। टुइया एक शातिर अपराधी है। उसका मृतक राजवीर सिंह की पत्नी सोनी से कई साल से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। वह अपनी प्रेमिका से आकर बराबर मिलता था। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओजी प्रभारी आरपी सिंह, एसओ सोनी शुक्ला, उप निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह, विक्रम कुमार आदि थे।

राजवीर हत्याकांड के खुलासे के लिए एसओजी, सर्विलांस टीम और परौर पुलिस को लगाया गया था। पुलिस ने घटना का खुलासा कर दिया है। राजवीर की हत्या में उसकी पत्नी सोनी, सास चंद्रवती का हाथ है। प्रेमी टुइया आदि से मिलकर सोनी ने अपने पति की हत्या करवा दी। हत्या का कारण जमीन व मकान का विवाद है। –अशोक कुमार मीणा, एसपी

# दो पक्षों में चले लाठी-डंडे दंपती समेत नौ लोग घायल

संवाददाता, कलान

- घायलों का पुलिस ने कराया मेडिकल, जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन

**अमृत विचार:** मामूली बात पर दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। इसमें दंपती समेत दोनों पक्ष के नौ लोग घायल हो गए। घायलों में दो लोगों की हालत गंभीर बताई गई है।

कलान थाना क्षेत्र के गांव हेतमपुर के मजरा कछियन नगला निवासी सुरेश ने पुलिस को बताया कि उसका पुत्र गौरव सोमवार रात बाल्टी ढूंढ रहा था। जब उसे बाल्टी नहीं मिली तो उसने पड़ोसी ख्याली से बाल्टी के संबंध में पूछ लिया तो वह आग बबूला हो गया। वह अपने परिजनों को लेकर सुरेश के घरजा धमका। इसका विरोध करने पर विवाद बढ़ गया। इसके बाद दोनों पक्ष लाठी डंडा लेकर एक दूसरे पर टूट पड़े। जिसमें एक पक्ष के सुरेश उसकी पत्नी सुख देवी, पुत्र गौरव, पुत्री सरस्वती, गौरा एवं दूसरे पक्ष के भैयालाल, जगतपाल, रामरहीस, कन्यावती पत्नी राम रहीस घायल हो गए। इनमें सुरेश, भैया लाल के गंभीर चोटे आई हैं।

उधर पुलिस ने घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेज कर चिकित्सकीय परीक्षण कराया। पुलिस ने घटना की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** गढ़िया रंगीन एसओ राजेंद्र कुमार रावत ने बताया कि अभियुक्त अनुज निवासी गढ़ा थाना निगोही के खिलाफ जनवरी माह में किशोरी को अगवा करके दुष्कर्म किया था। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने आरोपी अनुज को कस्बा से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसका चालान कर दिया।

# वाहन की चपेट में आकर साइकिल सवार की मौत

संवाददाता, रोजा

**अमृत विचार :** घर से साइकिल पर फैक्ट्री जाते समय एक युवक को अटसलिया ओवरब्रिज पर किसी वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप में घायल हो गया। जिला अस्पताल ले जाने पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

आदर्श नगर कॉलोनी गली नंबर एक निवासी प्रमोद कुमार बाजपेयी का पुत्र संजीव कुमार बाजपेयी (30) अटसलिया स्थित एक नमकीन फैक्ट्री में काम करता था। मंगलवार की दोपहर वह खाना खाने के बाद घर से साइकिल पर फैक्ट्री जा रहा था। अटसलिया ओवरब्रिज पर वह हाईवे पार कर रहा था। तभी उसे किसी तेज रफ्तार वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह साइकिल सहित काफी दूर जा गिरा और गंभीर रूप में घायल हो गया। सूचना मिलते ही रोजा पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने उसे एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेज दिया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। संजीव की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।


रोती बिलखती मृतक संजीव की मां।

- घर से फैक्ट्री जाते समय अटसलिया ओवरब्रिज पर हुआ हादसा


घर के बाहर मौजूद मोहल्ले के लोग। ● अमृत विचार

### बड़े भाई की कई साल पहले हो गई थी मौत

प्रमोद कुमार बाजपेयी रिटायर्ड रेल कर्मचारी हैं। उनके सबसे बड़े पुत्र मनोज बाजपेयी की कई साल पहले मौत हो गई थी। मझला बेटा संदीप रेलवे साइडिंग पर काम करता है। पत्नी और बच्चों के चले जाने से संजीव परेशान रहता था। हादसे के बाद संजीव की मां का रो रोकर बुरा हाल है।

**पत्नी दो बच्चों के साथ मायके में रहती:** संजीव का अपनी पत्नी से विवाद चल रहा था। इस कारण उसकी पत्नी दोनों बच्चों से साथ मायके में रहती है। उसने हर्जे खर्चे का न्यायालय में वाद दायर कर रखा है। न्यायालय के आदेश पर संजीव पत्नी को प्रतिमाह खर्च देता था।

# कोर्ट के आदेश पर दर्ज की धोखाधड़ी की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला ताजूखेल निवासी मोहित अवस्थी ने बताया कि साजिद निवासी इंदिरानगर कॉलोनी थाना सदर बाजार उसके पूर्व परिचित हैं। उनका उसके मोहल्ले में प्लाट है।

आरोपी साजिद ने उससे कहा कि प्लाट बीस लाख रुपये में बेचना चाहता हूं, प्लाट खरीद लो। इस पर मोहित ने कहा कि उसके पास रुपये नहीं है। आरोपी ने उससे कहा कि जो रुपये हैं, वह दे दो और बाकी रुपये बाद में दे देना।

उन्होंने आरोपी के खाते में आनलाइन साढ़े छह लाख रुपये पांच जुलाई 23 को ट्रांजेक्शन कर दिया था। इकरारनामा पर दो माह में बैनामा करने को लिखा गया था। मोहित ने आरोपी से बैनामा करने के लिए कहा तो टाल-मटौल करता रहा। आरोप है कि आरोपी ने उसके रुपये हड़प लिए। उन्होंने आरोपी के खिलाफ थाने पर तहरीर दी लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। जिस पर उसने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने बताया कि आरोपी साजिद समेत दो के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# घर के बाहर खड़ी बाइक ले गए चोर, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार:** कस्बा सिंधौली के रहने वाले रियाज अहमद ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 17 फरवरी को वह अपनी अपाचे बाइक लेकर गांव नरौठा देवीदास निवासी शब्बीर अहमद के घर मेहमानी में गया हुआ था। बाइक घर के बाहर खड़ी कर दी थी और बाद में सोने चला गया। उसके दूसरे दिन घर के बाहर से बाइक गायब मिली। आसपड़ोस के लोगों से बाइक के बारे में जानकारी की लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। इसके बाद पुलिस को तहरीर दी। मंगलवार को पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# महिला का शव कमरे में फंदे से लटका मिला

संवाददाता, तिलहर

- पिता ने ससुराल वालों पर लगाया मार डालने का आरोप

**अमृत विचार :** धनेली महेश गांव में एक महिला का शव घर के कमरे में साड़ी के फंदे से लटका मिला। मृतका के पिता ने ससुराल वालों पर मार डालने का आरोप लगाया है।

तिलहर थाना क्षेत्र के गांव धनेली महेश निवासी मोहित यादव की शादी दो साल पहले 22 वर्षीय रुबी निवासी बस्ती थाना मैगलगंज जिला लखीमपुर खीरी के साथ हुई थी। सोमवार की रात आठ बजे उसका पति मोहित घर पर नहीं था। रात आठ बजे ससुराल वालों ने उसका शव कमरे में पंखे के कुंडे से साड़ी के फंदे से लटका देखा। इस दौरान गांव वालों की भीड़ जमा हो गई। मोहित ने थाने पर सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और रूबी के शव को नीचे उतारा। इधर मृतका के पिता रामकुमार को बेटी रूबी के मरने की खबर मिली। वह अपने बेटे सोनू के साथ बेटी की ससुराल पहुंचे। उन्होंने बताया कि बेटी का शव जमीन पर पड़ा मिला था और पति मोहित घर से गायब थे। रामकुमार ने बताया कि उसकी बेटी फोन करके कहती थी कि उसका पति पैसे नहीं देता था और खाने-पीने में दिक्कत करता था। उसकी बेटी ने फोन पर कहा था कि ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित किया करते है।


मृतक रूबी।

### महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**मदनापुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव पूरनपुर में एक महिला का शव रस्सी के फंदे से लटका मिला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार उसकी मौत लटकने से हुई थी। गांव पूरनपुर निवासी फूलनदेवी के पति धर्मपाल की कई साल पहले मौत हो चुकी है। उसकी सास रामवती गौशाला में रहती है। उसकी पोती कोमल सोमवार की शाम पांच बजे चाय लेकर अपनी दादी को देने आई। वह चाय देने के बाद घर पर गई। कोमल ने मकान का दरवाजा अंदर से बंद पाया। उसने दादी और अन्य लोगों को बताया कि दरवाजा अंदर से बंद है और खुल नहीं रहा है। गांव वालों ने दरवाजा तोड़ा तो फूलनदेवी का शव कुंडे से साड़ी के फंदे से लटका हुआ था। वह पारिवारिक टेंशन में रहती थी। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार ने शव का पोस्टमार्टम करवाया। परिवार वालों की तरफ से कोई तहरीर नहीं आई है। उसकी शादी के छह साल हो गए है। उसके दो बेटे व एक बेटी है।

जे.पी. क्लीनिक
डा. जितेन्द्र पाल सिंह
B.A.M.S., (Kanpur)
Ex. H.O. जिला अस्पताल
फेमिली फिजीशियन
• दाँद, खाँज, खुजली, मुँहासे का इलाज
• बच्चों के जिगर, सूखा रोग एवं काली खाँसी का इलाज
• जोड़ों, घुटनों व गठियाँ के दर्द का इलाज।
• गुर्दो की पथरी (Kidney Stone) व गदूद (Prostate) का इलाज
बच्चों के सूखा रोग का तेल मुफ्त दिया जाता है।
हमारे यहाँ भफारा (Nebuliser) मुफ्त दिया जाता है
पता : बाजार सन्दल खान, निकट दूल्हा मियाँ की मजार, किला सिटी स्टेशन रोड, बरेली मो. 8791532206
सुबह 11 से 3 बजे तक
सायं 7.30 से 9.30 बजे तक
रविवार अवकाश

दाँतों में तकलीफ अब कोई चिन्ता नहीं!
ग्लोबल डेन्टल हॉस्पिटल एण्ड इम्पलान्ट सेन्टर
Associated with Asia's No.1 Dental Lab
डॉ० एम.बी. गौतम
(डायरेक्टर)
बी.डी.एस., डी.डी.टी., एस.एम.एफ. (LKO)
Consultant & Cosmetic Dental Surgeon
PGD in Laser Surgery, Implantologist, (Korea)
(वरिष्ठ मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ)
सम्पर्क करें:- 9997317000, 9412738720
प्रभा टाकीज, के ठीक सामने, 151 रामपुर गार्डन, फर्स्ट फ्लोर, बरेली
डॉ० अतुल कुमार
बी.डी.एस., एम.डी.एस. आर्थोडेन्टिक्स
Specialist : INVISIBLE & ALIGNERS LINGUAL BRACES
डॉ० संजय मजूमदार
बी.डी.एस., एफ.आई.सी.ओ.आई.
(इम्पलान्टोलॉजिस्ट यू.एस.ए.)
एम.डी.एस. (औरल एण्ड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी)
पी.जी.डी. लेजर सर्जरी (यूनिवर्सिटी कौलीफोर्निया)
मेक्सिलोफेशियल सर्जन एण्ड इम्पलान्टोलॉजिस्ट
मुख एवं टूटे हुए जबड़े (फ्रैक्चर) दाँत व चेहरे व अक्कल दाढ़ की सर्जरी के विशेषज्ञ
Our Aim to important a healthy & Beautiful Smile to our Patient
उपलब्ध सुविधायें :
◆शादी से पहले स्माईल डिजाइन अवश्य करायें। ◆दाँतों की सफाई विदेशी तकनीक द्वारा (Ultrasonic scaler) ◆हिलते हुए दाँतों को जाम करना। ◆दाँतों की नसों का इलाज (Root Canal Treatment, Single Siting RCT) ◆मसूड़ों से खून आना/बदबू आना व पायरिया का इलाज। ◆दाँतों में ठण्डा व गर्म पानी लगने का इलाज। ◆सड़े-गले दाँतों को बिना तकलीफ के निकालना। (Painless) ◆दाँतों के रंग का मासाला भरना। (Laser Filing) ◆टेड़े-मेढ़े, बाहर निकले हुए दाँतों का इलाज। (Fix Braces/Aligner) ◆डेन्टल इम्प्लांट द्वारा दाँत लगाना। (Zirconia Crown/Bridges) ◆मुलायम जबड़े की बत्तीसी (Flexible/RPD) ◆गुटखे की वजह से मुँह कम खुलने का इलाज। ◆एक्सीडेन्टल टूटे-जबड़े व अक्कल दाढ़ की सर्जरी की सुविधा। ◆एडवान्स एक्स-रे यनिट
Morning Time:- 10:00 AM to 4:00 PM
Evening Time:- 5:00 PM to 8:00 PM
Emergency 24 Hour
5 साल से 11 साल के बच्चों की दाँतों की विशेष देखभाल एवं 60 वर्ष के वरिष्ठ नागरिक शिक्षक/शस्त्रसेना/पुलिस/ग्राम प्रधान/नगर पंचायत/चेयरमैन/स्वास्थ्य विभाग/प्रेस रिपोर्टर/स्वतंत्रता सेनानी

# राशन कार्ड संबंधी शिकायतें आईं ज्यादा सप्लाई इंस्पेक्टरों पर कार्रवाई के निर्देश

## 75 शिकायतों में से छह मामलों का मौके पर किया गया निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



तिलहर में शिकायतें सुनते डीएम उमेश प्रताप सिंह व अन्य अधिकारी। • अमृत विचार

• बोले डीएम शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी निस्तारण किया जाए

**अमृत विचार:** डीएम उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में तहसील तिलहर में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ। डीएम ने शिकायतों को सुना तथा उनका गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी निस्तारण करने के निर्देश दिए। कुल 75 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से छह प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। डीएम ने शेष प्रकरणों को ससमय निस्तारण करने के निर्देश दिए।

राशन कार्ड से संबंधित अधिक शिकायतें प्राप्त होने पर सप्लाई इंस्पेक्टरों के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश जिला पूर्ति अधिकारी को दिए। डीएम ने कहा कि जनसामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर प्रभावी समाधान किया जाना शासन की प्राथमिकता है, जिसके क्रम में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। लाभार्थीपरक योजनाओं से मौके पर ही पात्रों को लाभन्वित कराया जाए। उन्होंने कहा कि जिन प्रकरणों में फील्ड विजिट की आवश्यकता है उनका निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत सुनिश्चित हो। चेतावनी देते हुए कहा कि लापरवाही करने वालों और निस्तारण में शिथिलता बरतने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।इस दौरान पुलिस अधीक्षक अशोक मीणा, डीएफओ प्रखर गुप्ता, उप जिलाधिकारी तिलहर अंजलि गंगवार, जिला विकास अधिकारी पवन कुमार सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए अवधेश राम, जिला पंचायत राज अधिकारी घनश्याम सागर, तहसीदार तिलहर जेपी यादव, डीएसओ ओमहरि उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

### बाद में एसडीएम ने सुनी शिकायतें

**जलालाबाद।** उपजिला अधिकारी डॉ. रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में तहसील समाधान दिवस हुआ। जिसमें उन्होंने क्षेत्र से आए हुए 20 लोगों की फरियादों को सुना और अधीनस्थों को समस्या निस्तारण के निर्देश दिए। इस बार शनिवार को पुलिस भर्ती की परीक्षा के कारण तहसील दिवस स्थगित कर दिया गया था, उसकी जगह पर मंगलवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार पैगाम हैदर, नायब तहसीलदार, कोतवाल हरपाल सिंह बालियान, अल्लाहगंज के कोतवाल ओमप्रकाश सहित तमाम अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### संपूर्ण समाधान दिवस में सभासदों ने किया हंगामा

**तिलहर।** नगर पालिका के सभासदों ने कई समस्याओं को लेकर संपूर्ण समाधान दिवस में जमकर हंगामा काटा। सभासदों ने डीएम को ज्ञापन सौंप कर समस्याओं का निस्तारण कराने की मांग की। जिस पर डीएम ने जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया। सभासद संदीप रस्तोगी के नेतृत्व में मंगलवार को ब्लॉक में सभासद एकत्र हुए। इस दौरान संदीप रस्तोगी ने आरोप लगाते हुए कहा कि नगर के जीजीआईसी के पास नगर पालिका की जमीन पर भाजपा नेता ने कब्जा कर पक्का निर्माण कर लिया गया है। कई बार शिकायत करने के बाद भी तहसील अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि कब्जा नहीं हटा तो आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि काशीराम कॉलोनी एवं आसरा आवास कॉलोनी में पालिका के कुछ कर्मचारियों की मिली भगत से कुछ लोगों के द्वारा आवासों में अवैध कब्जे कर लिए गए हैं। यह कब्जे तत्काल हटवाए जाएं। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही वार्ड नंबर 13 के सभासद अखलाक खां गुड्डू का निधन हो चुका है, जिससे बार्ड का विकास कार्य प्रभावित हो रहा है। इसको देखते हुए सभासद का उपचुनाव जल्द कराया जाए।

### पत्नी, बच्चों को छोड़ विधवा के साथ रह रहा युवक

**शाहजहांपुर।** पुवायां कस्बा का एक युवक की शादी हो गई है और उसके तीन बच्चे है। वह बरेली में फरीदपुर कस्बा में 102 एंबुलेंस का चालक है। उसका फरीदपुर में एक आशा कर्मी के घर आना-जाना हो गया। जबकि आशा कर्मी के पुत्र की मौत हो चुकी है। उसकी पत्नी बतौर पत्नी के रुप में रखने लगा। वह उसके साथ् रहने लगा। सोमवार को युवक की पत्नी पुवायां थाने पर पहुंची। महिला ने बताया कि उसका पति फरीदपुर में एक विधवा के साथ रहता है और घर पर नहीं आता है।

# तिलहर के मौजमपुर गौटिया में नाला निर्माण दोबारा शुरू


भाजपा नेत्री आरती सिंह से वार्ता करते अधिकारी। • अमृत विचार

संवाददाता, तिलहर

• भाजपा नेत्री ने पक्षपात का आरोप लगाकर रुकवाया काम
• डीएम की फटकार के बाद अधिकारियों ने लिया संज्ञान

**अमृत विचार:** अंबेडकर गांव मौजपुर गौठिया में लगभग छह महीने बाद नाला निर्माण का कार्य शुरू हुआ लेकिन भाजपा नेत्री आरती सिंह ने लगाया पक्षपात का आरोप लगाते हुए काम बंद कर दिया। समाधान दिवस के दौरान जानकारी होने पर डीएम ने अधिकारियों की फटकार लगाते हुए नाला निर्माण कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने लोगों को समझा बुझाकर बंद पड़े नाला निर्माण को शुरू करा दिया।

गांव मौजमपुर गौटिया में पानी निकास को लेकर पिछले छह महीनों से नाला निर्माण के लिए अधिकारी लगे हुए थे लेकिन गांव के ही दो पक्षों के विवाद की वजह से नाला निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा था। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने संज्ञान लेते हुए अधिकारियों से तत्काल नाला निर्माण करने के निर्देश दिया। निर्देश मिलते ही नायब तहसीलदार जगत मोहन जोशी व नगर पालिका राजस्व निरीक्षक सुशांत कुमार जेसीबी लेकर नाला निर्माण कार्य शुरू कराने पहुंचे। ठेकेदार शैंकी के द्वारा नगर पालिका क्षेत्र में जैसे ही जेसीबी से खुदाई शुरू कराई गई, तभी भाजपा नेत्री आरती सिंह अपने समर्थकों के साथ आ गई और नाला निर्माण का विरोध करने लगी। भाजपा नेत्री आरती सिंह ने कहा कि पालिका क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र दोनों में ही एक साथ नाला निर्माण कर शुरू किया जाए। सहमति नहीं बनने पर आरती सिंह एवं उनके समर्थकों ने नाला निर्माण कार्य बंद करा दिया। इसकी जानकारी संपूर्ण समाधान दिवस में बैठे डीएम को लगी तो उन्होंने बीडीओ मनीष दत्त से कड़ी नाराजगी जताई और मौके पर जाकर नाला निर्माण शुरू कराने के निर्देश दिए। डीएम ने मौके पर कई लेखपालों एवं नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी एवं कर्मचारियों को भी मौके पर भेजा। बीडीओ व नायब तहसीलदार ने आरती सिंह से वार्ता कर आश्वासन दिया कि दोनों तरफ नाला निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा।

# तिलहर में रोडवेज बस से सौ लीटर डीजल चोरी

संवाददाता, तिलहर/ शाहजहांपुर

• चोर पाइप मौके पर छोड़कर पिकअप से भाग गए चोर

**अमृत विचार:** तिलहर रोडवेज बस अड्डे पर खड़ी बस से चोरों ने डीजल की टंकी से पाइप लगाकर सौ लीटर डीजल चोरी कर लिया है। डीजल चोरी हो जाने से बस बदायूं के लिए नहीं जा सकी। बस चालक ने थाने पर तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

तिलहर के मोहल्ला निजामगंज निवासी धर्मवीर ने बताया कि शाहजहांपुर डिपो में बस चालक है। वह बदायूं के लिए बस लेकर जाता है। मंगलवार की सुबह चार बजे डिपो की बस लेकर बस स्टैंड से बदायूं के लिए रवाना हुआ। उन्होंने तिलहर बस अड्डे पर सवारियों के लिए ले जाकर बस खड़ी कर दी। वह बस की सीट पर बैठा हुआ था। चालक व परिचालक ने सोचा कि सवारियां हो जाए तो बदायूं के लिए बस लेकर चले। चालक ने बताया कि बस के पिछले हिस्से में कुछ आवाज सी सुनाई दी। चालक उतरकर गया तो देखा कि बस से कुछ दूरी पर पिकअप खड़ी थी। चोर डीजल की टंकी में पाइप डालकर डीजल मशीन चलाकर चोरी कर रहे थे। चालक ने शोर मचाया तो चोर पाइप छोड़कर पिकअप से भाग गए। चालक ने देखा कि सौ लीटर डीजल चोरी कर लिया था। बस से डीजल चोरी हो जाने की चालक ने डिपो के अधिकारियों को दी। जिस कारण बस बदायूं नहीं जा सकी। यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

हार्ट केयर एण्ड मेडिकल सेन्टर
66-MES कॉलोनी, वैशमार्बल व गुप्ता ट्रेडर्स के सामने, 100 फुटा रोड, बरेली
रेनबो हॉस्पिटल
प्रेम नर्सरी के सामने, मिनी बाईपास रोड, कर्मचारी नगर, बरेली
हृदय रोगियों के लिये खुशखबरी
बिना ऑपरेशन बिना भर्ती के हृदय के नेचुरल बायपास EECP Treatment के द्वारा सम्भव
डॉ. राकेश मिश्रा
MD, Physician, Dip. Card.
वरिष्ठ फिजिशियन व हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक -मेदांता एवं फोर्टिस, गुड़गांव
ECG, Echo, TMT, Holter की सुविधा
व्यक्तिगत परामर्श के लिए सम्पर्क करें 7249939977 7088003322

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
MIZAN E.N.T. & URO Care Centre
निकट आयरिश लॉन पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सुबह 10.30 से 11.30 तक शाम 7 से 8 बजे तक
8394838281, 9897838286
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

## एक नजर

### लेफ्टिनेंट बिटिया का पुवायां पहुंचने पर हुआ स्वागत



पुवायां। क्षेत्र के गांव गुलौली निवासी बलजीत सिंह की बेटी गगनप्रीत कौर ने ऑल इंडिया प्रथम रैंक पाकर भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित हुई है। पुवायां पहुंचने पर उसका मंगलवार शाम सात बजे राजीव चौक पर फूलमाला पहनाकर स्वागत किया है। गगनप्रीत कौर के दादा दिलीप सिंह भी फौज में थे। उन्हीं की प्रेरणा से उसकी फौज में जाने की इच्छा थी। गगनप्रीत कौर की प्रारंभिक शिक्षा गांव के ही श्री गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में हुई। इसके बाद कक्षा आठ से दस तक उसने ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल टेहरी ढुकरी पुवायां में शिक्षा ग्रहण की। बाद में शाहजहांपुर से राजकीय पॉलिटेक्निक से इंजीनियरिंग का डिप्लोमा हासिल किया और मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर से बीटेक किया। इन दिनों वह राजस्थान में प्राइवेट संस्थान में काम कर रही थी। वह ऑल इंडिया प्रथम रैंक पाकर भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित हुई। स्वागत करने वालों में भूपेंद्र सिंह, विनोद शुक्ला, उत्तम सिंह, मनजीत कौर आदि लोग थे।

# रौतापुर कलां में नालियां चोक, रास्तों पर बह रहा गंदा पानी, लोग परेशान

## नवदिया ओरीलाल गांव में हालात जस के तस...सफाई व्यवस्था बेहाल

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर स्वच्छ भारत मिशन चलाया जा रहा है। मगर खुटार इलाके के रौतापुर कलां में स्वच्छ भारत मिशन बेमानी है। यहां नालियां रास्ते में तब्दील हो गईं है। नालियों का गंदा पानी रास्तों पर बह रहा है। बावजूद इसके जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। उधर, गांव नवदिया ओरीलाल में हालात जस के तस बने हुए हैं। हालांकि जिम्मेदारों का कहना है कि जल्द ही गांव में सफाई कराई जाएगी।

रौतापुर कलां के लोगों ने बताया कि गांव में बने रास्ते टूटे हैं, और खड़ंजा सही नहीं है। घरों से निकलने वाला पानी नालियों में जाने के बजाय रास्ते पर भरता है। नालियों में गंदगी जमा है। साथ ही नालियां टूट चुकी हैं। जिस कारण नाली और रास्ते एक हो गए हैं। महीनों से सफाई व्यवस्था कराने वाले जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया है।



नवदिया ओरीलाल में सड़कों पर भरा नाली का पानी। ● अमृत विचार

- **नहीं होती नियमित सफाई**
- **अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान**

यही वजह है कि लोग इस परेशानी को झेल रहे है। जबकि गांव के लोगों ने इस मामले में खुटार ब्लॉक के अधिकारियों से शिकायत की है। साथ ही गांव में सफाई व्यवस्था कराने को कहा। उधर, नवदिया ओरीलाल के लोगों ने बताया कि गांव में रास्ते उबड़ खाबड़ और जर्जर हैं। लोगों को आने जाने में दिक्कतें उठानी होती हैं। नालियां टूट गई हैं, जिससे गंदा पानी रास्तों पर भरता है। इससे गांव के बुजुर्ग महिलाएं, बच्चे को अधिक परेशानी होती है। इसके साथ ही गांव में सामुदायिक शौचालय में पानी और लाइट की व्यवस्था नहीं है। गरीब तबके के लोग खेतों की तरफ शौच जाने को मजबूर हैं।

> सफाई व्यवस्था को लेकर बीडीओ से बात की गई है। सफाई कर्मचारियों को भेजकर व्यवस्था दुरुस्त कराई जाएगी। यदि सफाई कर्मचारी गांव नहीं पहुंच रहे हैं। तो वहां जांच कराकर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
> –**नमित दीक्षित**, ब्लॉक प्रमुख, खुटार।



रौतापुर कलां में सफाई न होने से नालियों में भरी गंदगी।

## गुरु रविदास जन्मोत्सव पर निकालेगी भव्य शोभायात्रा, तैयारी शुरू

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** महानगर में इस बार भी गुरु रविदास का जन्मोत्सव समारोह का भव्य किया जाएगा। जिसको लेकर गुरु रविदास सभा के अध्यक्ष दिनेश कुमार एडवोकेट की अध्यक्षता में मंगलवार को एक बैठक हुई।

बैठक में दिनेश कुमार एडवोकेट ने बताया कि माघ पूर्णिमा रविदास जयंती के उपलक्ष में 23 फरवरी को रात्रि 8 बजे बहादुरगंज स्थित रविदास मंदिर और रामबाग मिश्रीपुर स्थित पूजा स्थल पर संत गुरु रविदास कथा का पाठ होगा। 24 फरवरी को पूर्वाह्न 11 बजे रामबाग सराय काइयां में गुरु पूजन एवं माल्यार्पण के बाद भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, पक्का पुल, केरूगंज, चारखंबा, चौक, कच्चा कटरा मोड़, घंटाघर, बहादुरगंज, सदर बाजार, कचहरी और कचहरी गुरुद्वारा होते हुए खिरनीबाग रामलीला मैदान पहुंचेगी। जहां विशाल जनसभा होगी। दिनेश कुमार ने बताया कि 24 फरवरी की रात खिरनीबाग रामलीला मैदान पर गुरु रविदास और डॉ. भीमराव अंबेडकर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम पूरी सामाजिक एवं धार्मिक रीति पर आधारित होगा।

# एसएस कॉलेज में राम कथा के लिए हुआ भूमि पूजन



श्रीराम कथा के लिए भूमि पूजन करते आयोजन समिति के सदस्य।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **हनुमत ध्वज स्थापना के बाद पांच हजार श्रोताओं की क्षमता का पंडाल बनाने का कार्य शुरू**

**अमृत विचार :** स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज में 25 फरवरी से शुरू होने वाली श्रीराम कथा के लिए मंगलवार को भूमि पूजन किया गया। आयोजन समिति के सदस्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से पूजन किया और राम कथा में देवी-देवताओं का आवाहन किया।

भूमि पूजन पंडित आदेश पांडेय और पंडित धीरज मिश्रा ने ईशान कोण एवं अभिजित मुहूर्त में पूर्वाह्न 11: 50 बजे कराया। एसएस कॉलेज सचिव डॉ. अवनीश मिश्र एवं श्री शंकर मुमुक्षु विद्या पीठ के सचिव अशोक अग्रवाल मुख्य यजमान बने। सर्वप्रथम गौरी एवं गणपति का पूजन किया गया। तदुपरांत नवग्रहों एवं हनुमान जी की आराधना एवं पूजा की गई। पूजन के साथ ही हनुमत ध्वज की स्थापना की गई। भूमि पूजन के बाद कॉलेज में लगभग पांच हजार भक्तों के बैठने के लिए पांडाल बनाने का कार्य आरंभ कर दिया गया।

पूजन में प्राचार्य प्रोफेसर आके आजाद, उप प्राचार्य प्रो. अनुराग अग्रवाल, विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जयशंकर ओझा, प्रो. प्रभात शुक्ला, प्रो. आलोक मिश्रा, प्रो. मधुकर श्याम शुक्ला, डॉ. आलोक कुमार सिंह, डॉ. शालीन कुमार सिंह, डॉ. आदर्श पांडेय, डॉ. श्रीकांत मिश्रा, डॉ. कविता भटनागर, डॉ. शिशिर शुक्ला, डॉ. प्रज्ज्वल पुंडीर, रश्मि राठौर, डॉ. मुमताज हुसैन रहे।

# शिविर में 107 मरीजों की हुई जांच, चार मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से गांव धन्यौरा में लगा निशुल्क नेत्र रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग शिविर**

**अमृत विचार :** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा शाहजहांपुर की ओर से रविवार को ब्लॉक ददरौल के गांव धन्यौरा पंचायत घर में निशुल्क नेत्र रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग शिविर का आयोजन किया गया। जिला पंचायत सदस्य अनिल कुमार प्रजापति का शिविर में सहयोग रहा। शिविर में 107 मरीजों ने पंजीकरण कराया। जांच के बाद चार मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चुना गया। मोतियाबिंद के मरीजों को मेडिकल कॉलेज की बस में वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल लाया गया। जहां पर सभी चयनित मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। मोतियाबिंद के मरीजों को लेंस, ऑपरेशन, दवाइयां व खाने की सुविधा निशुल्क उपलब्ध है। शिविर में मरीजों को निशुल्क आई ड्रॉप व दवाइयां वितरित की गईं।



शिविर के दौरान मरीज का चेकअप करते चिकित्सक।

इस मौके पर चिकित्सकों ने लोगों को नियमित नेत्र परीक्षण के लिए जागरूक किया। अस्पताल के नेत्र रोग विभाग में उपलब्ध सुविधा काला मोतियाबिंद की जांच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आंख के पर्दे की जांच व इलाज, मोतियाबिंद का ऑपरेशन चीरा व फेको विधि से भेंगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कंप्यूटर से चश्मे के नंबर व जांच की सुविधा के विषय में बताया गया। बताया गया कि यह सभी सुविधाएं सस्ती दरों पर उपलब्ध हैं। वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल में परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा मात्र 200 रुपये में उपलब्ध है, जो एक वर्ष के लिए मान्य है।

कैंप में मेडिकल कॉलेज के नेत्र रोग विभाग की चिकित्सक डॉ. अक्षय अग्रवाल, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की डॉ. कीर्ति पटेल, नेत्र टेक्नीशियन वसुधा यादव, पैरामेडिकल स्टाफ व मेडिकल कॉलेज के पीआरओ मोहित थापा आदि उपस्थित रहे।

## ध्वज पताकाएं लेकर खाटू श्याम के दरबार पहुंचे भक्त

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार:** एकादशी पर मंगलवार को श्याम बाबा के भक्तों ने हाथों में निशान (ध्वज) लेकर बरेली मोड़ स्थित खाटू श्याम मंदिर पहुंचे। चंदगोई गांव से श्याम बाबा के तमाम भक्तों ने बाबा का निशान लेकर ट्रैक्टर-ट्रालियों में डीजे की धुन पर भजनों पर थिरकते हुए मंदिर की ओर प्रस्थान किया। श्याम बाबा के भजनों पर नाचते-झूमते भक्त चंदगोई से पैदल बरेली मोड़ खाटू श्याम बाबा मंदिर पहुंचे और खाटू श्याम के दर्शन कर उनके दरबार में मत्था टेककर मनौती मांगी। भक्तों में ग्राम प्रधान पति राजीव वर्मा, संजय वर्मा, अनिल वर्मा, राम मूर्ति, दशरथ, अर्जुन, जय सिंह, सर्वेश, विपिन, विकास, मोरपाल, अनिल कश्यप, अशोक कुमार, लालाराम, विजय कुमार, मनीराम समेत बड़ी संख्या में भक्त शामिल रहे।

# 327 मरीजों की जांच हुई, 17 को निकला मोतियाबिंद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज में निशुल्क किया जाएगा मरीजों का ऑपरेशन**

**अमृत विचार:** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा शाहजहांपुर एवं अग्रवाल सेवा समिति तिलहर के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल की ओर से अग्रवाल धर्मशाला तिलहर में मुफ्त स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। शुभारंभ सीओ तिलहर प्रियांक जैन ने फीता काटकर किया।

इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल ने सीओ प्रियांक जैन का स्वागत और सम्मान किया। अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल ने कहा कि वह भविष्य में भी इस तरह के निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाते रहेंगे, जिसका लाभ सभी को मिलता रहे और जनमानस की सेवा हो सके। उन्होंने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा और हम ऐसे ही लोगों की सेवा करते रहेंगे। शिविर में कुल 327 मरीजों ने पंजीकरण कराया, जिनमें 17 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया। जिनका ऑपरेशन वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा में निशुल्क किया जाएगा। शिविर में 37 मरीजों की निशुल्क हड्डी की जांच (बीएमडी) 45 मरीजों की निशुल्क दिल की जांच (ईसीजी) और 136 मरीजों की निशुल्क ब्लड शुगर की जांच व 197 मरीजों की ब्लड प्रेशर की जांच निशुल्क की गई। मरीजों को निशुल्क दवाएं दी गईं और एमआरआई, सीटी स्कैन व अन्य जांचों पर छूट के लिए कूपन दिए।



निशुल्क शिविर आरंभ करते सीओ प्रियंक जैन, साथ में मेडिकल कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल व अन्य।

स्वास्थ्य टीम व पीआरओ ने लोगों को नियमित जांच करवाने के लिए जागरूक किया और परिवार स्वास्थ्य कार्ड की भी जानकारी दी। यह कार्ड अस्पताल की ओर से 200 रुपये में बनाया जाता है और एक वर्ष के लिए मान्य है। सभी रोगियों को बताया गया कि परिवार स्वास्थ्य कार्ड से ओपीडी का पर्चा निशुल्क बनेगा। दवाइयों और सभी जांचों पर 20 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट भी मिलेगी। स्वास्थ्य कार्ड धारक को सामान्य ऑपरेशन में 25 प्रतिशत और खून की जरूरत पर 10 प्रतिशत छूट मिलेगी। शिविर में अग्रवाल सेवा समिति के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, डॉ. आलोक कुमार अग्रवाल व अग्रवाल धर्मशाला के सभी स्टाफ का विशेष योगदान रहा। वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा शाहजहांपुर के सामान्य रोग विभाग, नेत्र रोग विभाग, हड्डी रोग विभाग, नाक कान एवं गला रोग विभाग, चर्म रोग विभाग, मानसिक रोग, दंत रोग, छाती एवं श्वास रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाल रोग और सर्जरी विभाग के चिकित्सक डॉ. आतिफ, डॉ. विजय, डॉ. सुनील गिरधर, डॉ. महेश, डॉ. शकील, डॉ. मयंक, डॉ. ज्योति, डॉ. नलिनी, डॉ. ध्रुव, डॉ. शिवम्, डॉ. शिवांगी कपूर, डॉ. रिव्या, डॉ. चारू, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, डॉ. प्रियांशु, डॉ. अभिषेक, डॉ. अर्पित, डॉ. प्रिया व पीआरओ विपिन शर्मा, रईसुद्दीन रहे।

# कार्यशाला में थिएटर की बारीकियां सीख रहे युवा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** इप्टा शाहजहांपुर और कोरोनेशन आर्ट थिएटर के संयुक्त तत्वावधान सेठ इंक्लेव में प्रस्तुतिपरक रंगमंच कार्यशाला पिछले लगभग डेढ़ माह से चल रही है। कार्यशाला में ज़िले के लगभग दो दर्जन कलाकार हास्य नाटक चंपाकली का रामरुपैया का पूर्वाभ्यास कर रहे हैं। इस नाटक का मंडल तीन मार्च को गांधी भवन में किया जाएगा।

कार्यशाला में वरिष्ठ रंगकर्मी एवं नाट्य निर्देशक जरीफ मलिक आनंद रंगकर्मियों को नाट्य कला और अभिनय की बारीकियों से अवगत कराते हुए उन्हें महत्वपूर्ण प्रशिक्षण दे रहे हैं। रंग कार्यशाला में जरीफ मलिक आनंद भाषा, उच्चारण, संवाद अदायगी में संप्रेषण के महत्व, शरीर विन्यास, भाव भंगिमा, लय–ताल, अभिनय में रस की निष्पत्ति आदि का विधिवत प्रशिक्षण देकर युवाओं को अभिनय कला में पारंगत बना रहे हैं। प्रस्तुति संयोजक इप्टा जिला इकाई अध्यक्ष संजय राठौर ने बताया कि कार्यशाला के माध्यम से नाटककार अशोक राही कृत नाटक चम्पाकली का रामरुपैया की नाट्य प्रस्तुति भी तैयार करवाई जा रही है। इस नाटक का मंचन ती मार्च को शाम 6:30 बजे गांधी भवन प्रेक्षाग्रह में किया जाएगा।



कार्यशाला में हास्य नाटक चम्पाकली का रामरुपैया का पूर्वाभ्यास करते कलाकार।

- **प्रस्तुतिपरक कार्यशाला में तैयार हो रहा हास्य नाटक चंपाकली का रामरुपैया**
- **तीन मार्च को गांधी भवन में होगा नाटक का मंचन**

कार्यशाला एवं नाटक में राजेश भारती, रिषीकांत ऋषि, प्रियंका, यशी सक्सेना, हर्षवीर, शैलेंद्र पटेल, लक्ष्मण मिश्रा, अभिषेक कुमार, देव मिश्रा, ओमवीर, दुर्गेश कुमार आदि शामिल हैं। सौमित्र शुक्ला सह निर्देशक की ज़िम्मेदारी निभा रहे हैं। आयोजन में पूर्व आईआरएस समाजसेवी कमल किशोर कठेरिया, वरिष्ठ रंगकर्मी आलोक सक्सेना, आरपीडी सोती, अनिल राठौर खिलाड़ी, अंकित सक्सेना, अमित श्रीवास्तव आदि का सहयोग मिल रहा है।

### पुतुल नाट्स उत्सव आज से

विनोबा सेवा आश्रम में 21 से 23 फरवरी तक तीन दिवसीय रामायण पुतुल नाट्स उत्सव शुरू हो रहा है। गगनिका सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष कप्तान सिंह कर्णधार ने बताया कि नाट्य उत्सव में उनकी संस्था की ओर से राम वनवास, कला कुंभ संस्था की ओर से भरत मिलाप और चित्राली थिएटर सोसाइटी की ओर से सीता हरण का मंचन किया जाएगा। तीनों प्रस्तुतियों विनोबा सेवा आश्रम के त्रिमाता प्रेक्षागृह में अपरान्ह 3.30 बजे से होंगी।

## किसान सम्मान निधि पर कार्यशाला

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एसएस कॉलेज के वाणिज्य विभाग और रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली के क्षेत्रीय अर्थशास्त्र विभाग की ओर से संयुक्त रूप से 21 फरवरी को 11 बजे किसान सम्मान निधि पर कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यशाला इंडियन काउंसिल आफ सोशल साइंस रिसर्च द्वारा प्रायोजित शोध परियोजना के अंतर्गत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती करेंगे। अतिथि के रूप में मेरठ विश्वविद्यालय, मेरठ के अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. दिनेश कुमार, चितकारा विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के प्रो. धीरेश कुलश्रेष्ठ और विषय विशेषज्ञ के रूप में जिला कृषि अधिकारी सतीश पाठक आमंत्रित हैं। इसके अतिरिक्त रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली के प्रो. आशुतोष प्रिय, डा. रुचि द्विवेदी, डा. भोला खान, डा. सुरेश मिश्रा, डा. अजय तिवारी रहे।

# कबड्डी एवं बॉलीवाल में मल्लिका और रस्साकसी में मोहनपुर विजयी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में विकास खंड खुटार में दो दिवसीय खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कबड्डी, वॉलीबाल, खो-खो और रस्साकसी की प्रतियोगिताएं कराई गईं।

स्वामी विवेकानंद कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता में कबड्डी में मल्लिका टीम विजेता और सरदार भगत सिंह डिग्री कॉलेज की टीम उप विजेता रही। वालीबॉल में मल्लिका विजेता और गुरघिया उपविजेता रही। खो-खो में स्वामी विवेकानंद कन्या इंटर कॉलेज विजेता व लालपुर उपविजेता रही। जबकि रस्साकसी में मोहनपुर विजेता और ढकना लहिया की टीम उपविजेता बनी। प्रधानाचार्या संगीता वर्मा ने विजेताओं और उपविजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।



पुरस्कार के साथ प्रतिभागी। ● अमृत विचार

- **नेहरू युवा केंद्र की ओर से खुटार में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित**

निर्णायक की भूमिका प्रवीण दीक्षित, विमलेश वर्मा, अतुल, मालती देवी ने और सहयोगी की भूमिका रोहित, अरनव, आकाश, रोशनी सिंह, कुसमा आदि ने निभाई।

# शिविर में डिजिटल कौशल की जानकारी दी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **जीएफ कॉलेज के मिश्रित एनएसएस कैंप का छठा दिन**

**अमृत विचार:** जीएफ कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की मिश्रित इकाई का विशेष शिविर मंगलवार छठे दिन भी जारी रहा। इस अवसर स्वयंसेवियों को डिजिटल कौशल व साइबर सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई।

कंपोजिट विद्यालय दिलाजाक में चल रहे कैंप में एआईटी ग्लोबल एजूकेशनल रिसर्च के संचालक एवं आईटी विशेषज्ञ काजी मोहम्मद आमिर डिजिटल कौशल और साइबर सुरक्षा के माध्यम से सशक्तिकरण के प्रति छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। डिजिटल उद्यमिता का महत्व समझाते हुए आमिर ने कहा कि छात्रों के मन में अपने स्वयं के ऑनलाइन उद्यम स्थापित करने की विशाल संभावनाएं होनी चाहिए। कंप्यूटर साक्षरता और तकनीकी समझ से लेकर प्रभावी ऑनलाइन मार्केटिंग और सोशल मीडिया प्रबंधन तक कौशल भरा पड़ा है, जिस ओर युवाओं को ध्यान देना चाहिए। उन्होंने छात्रों को पासवर्ड प्रबंधन, डीप फेक, सुरक्षित ब्राउजिंग और फिशिंग घोटालों की पहचान करने की जानकारी दी।




कैंप में डिजिटल कौशल संबंधी जानकारी देते मोहम्मद आमिर।

दूसरे सत्र में प्रधानमंत्री कौशल विकास केंद्र के प्रशिक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान ने युवाओं को प्रतिभा निखारने और कौशल विकास के माध्यम से स्वरोजगार प्राप्त करने को प्रेरित किया। सरकार की ओर से चलाई जा रहीं विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई। इसी क्रम में सचिन सक्सेना, फरीन खान, मनीषा अग्निहोत्री, निशा परवीन आदि ने भी उपयोगी जानकारी दी। डॉ. कौसर जमाल के संचालन में चले कार्यक्रम में मनीषा, आयुष्मान, जाहिद, फरमान, ऐनुलहुदा, शाजिया रहे।

## नवनीत बने महानगर विस संयोजक

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** भाजपा बृज क्षेत्र के अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य ने बरेली मंडल के सभी जनपदों के विधानसभा संयोजकों की सूची जारी कर दी है। शाहजहांपुर महानगर से महामंत्री नवनीत पाठक को विधानसभा के संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कटरा विधानसभा के लिए सुधीर सिंह, जलालाबाद से रमाकांत मिश्र, पुवायां से रजनीश दीक्षित और ददरौल से ब्लॉक प्रमुख श्रीदत्त शुक्ल को विधानसभा संयोजक नियुक्त किया गया है।



नवनीत पाठक।

# प्राथमिक विद्यालय में लगा मेडिकल कैंप

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **रोजा थर्मल पॉवर परियोजना व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ने लगाया शिविर**

**अमृत विचार :** रोजा थर्मल पॉवर परियोजना की ओर से मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय गुंवारी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भावलखेड़ा के सहयोग से निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और दवाएं दी गईं।

शिविर डॉ. गौरव रस्तोगी व डॉ. पल्लवी सिंह ने फीता काटकर आरंभ किया। इस अवसर पर डॉ. रस्तोगी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर विभिन्न चिकित्सीय सुविधाओं की जानकारी देते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया और बदलते मौसम में होने वाली बीमारियों से अवगत कराया और उनसे बचाव की जानकारी दी। जांच के बाद ग्रामीणों को आवश्यकतानुसार दवाइयां भी बांटी गईं। इस अवसर पर श्रवण कुमार, रोजा पॉवर परियोजना से कुमार अवनीश, राजीव कुमार सिंह, विनोबा सेवा आश्रम से मोहित कुमार, अंकित मिश्रा, अरुण कुमार सिंह, राहुल वर्मा, किरण लता, बेबी शबा, नीलम कुमारी, सुमित सिंह, विजय वर्मा आदि मौजूद रहे।



फीता काटकर मेडिकल कैंप का उद्घाटन करते डॉ. गौरव रस्तोगी व डॉ. पल्लवी सिंह।

## त्योहारों पर गड़बड़ी करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** होली पर निकलने वाले लाट साहब जुलूस पर अमन चैन कायम रहे और आपसी सौहार्द न बिगड़े, इसको लेकर मंगलवार को सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार ने महानगर के ऑल सेंट्स स्कूल में पीस कमेटी की बैठक की। उन्होंने आए हुए वरिष्ठ नागरिकों से जुलूस के दिन शांति बनाए रखने व जिला प्रशासन का सहयोग बनाए रखने की सिटी मजिस्ट्रेट ने अपील की। खुराफातियों करने वालों पर कार्रवाई होगी। इस दौरान वरिष्ठ नागरिक, व्यापार मंडल के लोग आदि मौजूद रहे।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक
ISO 9001-2008 Trademark Certified Clinic
डा. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
• रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
• 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव
पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरूष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामवाण इलाज
नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें
विशेष चिकित्सा:- ●भूख न लगना ● कब्ज ●अपच ●गैस ● खाने के बाद शौचालय जाना ● शारीरिक अंगों का विकास रूकना ● पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना ● 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। ● बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। ● कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। ● बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। ● खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।
शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुडायें।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
सैक्स समस्याऐं
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
● शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
● हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
● इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
● वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
● योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)
विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक:- 25 फरवरी 2024, रविवार
10 मार्च 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल
काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# डकैती का खुलासा नहीं, व्यापारी ने यूपी छोड़ने की दी चेतावनी, संपत्ति बिक्री को लगाया पोस्टर

## सूचना पर व्यापारी नेता और पुलिस ने परिवार को किया आश्वस्त, 40 लाख की डकैती का मामला

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचारः** डकैती पीड़ित परिवार ने न्याय न मिलता देख जनपद ही नहीं उत्तर प्रदेश से पलायन करने की चेतावनी दी है। उसका कहना है कि डकैतों से मिली धमकी से परिवार भयभीत है, लेकिन पुलिस 21 दिन बाद भी खुलासा नहीं कर सकी। उसने संपत्ति बिक्री करने एवं पलायन की चेतावनी से जुड़ा पोस्टर लगा दिया। जिसके बाद तमाम व्यापारी नेता और कोतवाली पुलिस पीड़ित से मुलाकात करने पहुंचे और आश्वस्त कर मनाने का सिलसिला चलता रहा।

30 जनवरी की रात नगर से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर बंडा मार्ग पर रम्पुरा गांव में किराना व्यापारी सुनील गुप्ता के घर पांच डकैतों ने बंधक बनाकर 40 लाख की डकैती की थी। परिवार को धमकाते हुए कहा था कि अगर घर में घुसकर डकैती कर सकते हैं तो हत्या करने में देर नहीं लगेगी। इससे परिवार भयभीत है। दूसरे दिन आईजी बरेली डॉ. राकेश सिंह ने घटना स्थल का निरीक्षण किया था। एएसपी, सीओ समेत चार टीमें खुलासे को लगाईं। व्यापारी नेताओं ने भी अल्टीमेटम दिए लेकिन पुलिस डकैतों तक नहीं पहुंच सकी। मेरठ-मुजफ्फरनगर समेत अन्य जनपदों के गिरोह और बदमाशों तक सुराग तलाशने का प्रयास हुआ। सफलता नहीं मिली।

इधर, मंगलवार को व्यापारी सुनील गुप्ता ने एक पोस्टर तैयार कराया, जिसमें लिखा- मैं अपनी प्रॉपर्टी बेच रहा हूं। मेरे घर 30 जनवरी को डकैती पड़ी थी। जिसका पुलिस द्वारा अब तक खुलासा नहीं हुआ है। डकैत, मुझे और मेरे परिवार को जान से मारने की धमकी देकर गए थे। जिससे मैं और मेरा पूरा परिवार बहुत भयभीत है। अगर अपराधी नहीं पकड़े जाते हैं तो मैं जिला पीलीभीत ही नहीं उत्तर प्रदेश छोड़कर चला जाऊंगा। इस पोस्टर की भनक लगते ही उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी के प्रतिष्ठान पर व्यापारी नेता एकत्रित हुए।

पीड़ित सुनील गुप्ता भी पहुंचे। जहां उन्होंने अपना दर्द बयान किया। उनका कहना है कि कोई तो लोकल बदमाश रहा होगा, वह कभी भी परिवार को नुकसान पहुंचा सकता है। व्यापारी नेताओं ने उन्हें आश्वस्त किया कि वह उनके साथ हैं। कोतवाल प्रवीण कुमार भी पहुंचे और सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इसके बाद कोतवाल और व्यापारी नेता पीड़ित के घर भी गए व आश्वस्त करते रहे। इस मौके पर व्यापारी नेता विजय पाल विक्की, नगर पालिका चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता, राजू फौजी, अशोक खंडेलवाल ने भी परिवार से बात की।



पीड़ित व्यापारी सुनील गुप्ता के घर पहुंचे व्यापारी नेता। ● अमृत विचार




पीड़ित द्वारा लगाया गया पोस्टर। ● अमृत विचार

> सुनील गुप्ता का परिवार घटना से डरा हुआ है। पत्नी ज्यादा भयभीत हैं। उन्हें समझाया कि पलायन की जरूरत नहीं है। उनकी सुरक्षा होगी। व्यापारी वर्ग उनके साथ है। संपत्ति बेचकर कहीं और बसने का निर्णय गलत है। समझाने पर परिवार को थोड़ी तसल्ली मिली है।
> –**हंसराज गुलाटी**, प्रदेश उपाध्यक्ष-उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल

> व्यापारी सुनील गुप्ता के घर जाकर उन्हें आश्वस्त किया है कि जल्द घटना का खुलासा किया जाए। डरने की जरूरत नहीं है। पुलिस उनकी सुरक्षा कर रही है। कहेंगे तो और सुरक्षा दी जाएगी। घटना के खुलासे के लिए चारों टीमें लगातार काम कर रही हैं। हमारी पूरी कोशिश है कि जल्द से जल्द बदमाश पकड़े जाएं।
> – **प्रवीण कुमार**, कोतवाल-पूरनपुर

> डकैतों का न पकड़ा जाना, परिवार के डर का कारण है। पत्नी-बच्चे सदमे में हैं। बदमाश धमकी दे गए थे कि शिकायत की तो हत्या कर देंगे। अब इतने दिन बाद भी खुलासा नहीं होने पर यहां से जाने के सिवाय दूसरा कोई रास्ता नहीं है। माल-जेबर गया सो गया। हमें परिवार की सुरक्षा की चिंता है।
> – **सुनील गुप्ता**, किराना व्यापारी

# रंजिशन युवक को गोली मारी गोली, घायल

संवाददाता, पसगवां/जंगबहादुरगंज

**अमृत विचारः** जंगबहादुरगंज में तीन हमलावरों ने रंजिशन सनील को उसके घर के दरवाजे के पास गोली मार दी। गोली बाएं पैर में लगने से वह घायल हो गया। घायल को पहले जिला अस्पताल लाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया। वारदात कर हमलावर बेखौफ असलहा लहराते हुए फिल्मी स्टाइल में भाग निकले।

घटना सोमवार की रात 11 बजे के करीब हुई। जंगबहादुरगंज में पिहानी बाईपास पर देव मैरिज लॉन है। सनील पुत्र मुसाहब का घर भी पास में है। घायल के भाई शकील अहमद ने बताया कि उसका भाई सनील (29) अपनी कार से उचौलिया से घर लौट रहा था। जैसे ही वह गली में पहुंचा तो सामने खड़े हमलावरों ने ललकारा। खुद को घिरता देख जब सनील चीखता हुआ घर के मेन गेट की ओर भागा तभी सद्दाम ने जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। गोली सनील के बाएं पैर में घुटने के नीचे जा लगी। फायरिंग की आवाज सुनकर लोग घर के बाहर आए।

जहां सनील लहूलुहान पड़ा था। कुछ दूरी पर आरोपित सद्दाम व जीशान निवासी मोहल्ला झवरापुरवा थाना कोतवाली देहात हरदोई व नौसाद निवासी मोहल्ला अब्दुल्लपुरवा कोतवाली देहात हरदोई खड़े थे। सबके हाथों में असलहे थे। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। मंगलवार सुबह आरोपियों ने फोन पर धमकी दी कि आज तो किस्मत के सहारे बच गए। दो दिन के अंदर पूरे परिवार को मार दूंगा। पुलिस ने घायल को सीएचसी पसगवां में भर्ती कराया।

प्राथमिक उपचार के बाद सनील को जिला अस्पताल फिर लखनऊ रेफर कर दिया। परिवार वालों ने बताया कि दो माह पहले एक मामले में शकील ने आरोपियों के विरुद्ध हरदोई के हरियावां थाना में शिकायत की थी, वहां की पुलिस ने आरोपियों को जेल भेजा था। जेल से रिहा होने के बाद से दोनों पक्षों में रंजिश बढ़ गई। दोनों पक्ष एक-दूसरे के रिश्तेदार भी बताए जाते हैं। वारदात के बाद मुख्य आरोपी सद्दाम ने अपनी इंस्टाग्राम आईडी पर घटनास्थल से जुड़ी रील्स भी अपलोड की है।

पीड़ित के अनुसार आरोपियों का इंस्टाग्राम सहित अन्य सोशल मीडिया पर ''नायक आफ हरदोई 302'' नाम से एकाउंट संचालित है। जिस पर आए दिन खौफ पैदा करने वाली तमाम तरह की रील्स व फोटो आदि पोस्ट की जाती हैं।



घायल सनील।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी
अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# बिनौरा में एक घर में 32 बोरी पोटाश खाद पकड़ी, नकली होने का शक

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** निघासन तहसील के पढ़ुआ थाना क्षेत्र के गांव बिनौरा में एक घर में अवैध रूप से रखी गई 32 बोरी पोटाश खाद पकड़ी गई है, जिसके कागज नहीं मिले हैं। इससे खाद के नकली होने की आशंका जताई जा रही है, जो आईपीएल ब्रांड की बोरियों में पैक है।

जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी ने रमिया बेहड़ के एडीओ कृषि आशीष पाल को मौके पर जांच करने के लिए भेजा, जिनके साथ पढ़ुआ थाने के पुलिस कर्मी भी मौके पर गए। बरामद खाद की बोरियों को पुलिस के सुपुर्द दिया गया है। गृहस्वामी मौके से भाग निकला। जनपद में नकली खाद बनाने के मामले बड़े पैमाने पर एक साल पहले पकड़े जा चुके हैं, जिसमें दोषियों पर कड़ी कार्रवाई भी हो चुकी है। इसके बाद भी नकली खाद बनाने व बेचने के मामलों में कमी नहीं आई है। पिछले महीने गोला में अवैध रूप से एक गोदाम में रखी सैकड़ों बोरी नकली खाद बरामद हुई थी। इसके बाद ताजा पढ़ुआ थाना क्षेत्र के गांव बिनौरा का सामने आया है। सूत्र बताते हैं कि बिनौरा निवासी शिव पंकज के घर में नकली खाद बनाई जा रही थी, जिसकी सूचना किसी ने पुलिस को दे दी। सूत्रों की मानें तो पुलिस ने दो लोगों खाद बनाते मौके से पकड़ा है, लेकिन पुलिस इसकी पुष्टि नहीं कर रही है। जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी ने बताया कि वह मोहम्मदी तहसील में संचालित संपूर्ण समाधान दिवस में थे, जिससे उन्होंने मौके जांच के लिए एडीओ कृषि आशीष पटेल को भेजा है। पुलिस के साथ मिलकर बरामद खाद की जांच कराई गई, जिसमें पता चला कि आईपीएल ब्रांड की बोरियों में पोटाश खाद भरी है। मौके पर खाद के संबंध में कोई कागज नहीं मिले हैं, जिससे खाद के नकली होने की आशंका है।

## गांव सड़िया में संदिग्ध हालात में युवक की मौत

**पीलीभीत, अमृत विचार :** एक दिन पूर्व ससुराल से लौटे युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसके जहर खाकर खुदकुशी करने की बात कही जा रही है। पुलिस शव पोस्टमार्टम को भेज पड़ताल में जुट गई है। थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के गांव सड़िया निवासी डोरीलाल ने बताया कि उनके पुत्र मदनलाल (26) का विवाह थाना जहानाबाद क्षेत्र के गांव लालपुर की रहने वाली राखी से हुआ था। पत्नी के साथ बेटा भी अपनी ससुराल में रहता था। कुछ समय पूर्व वह घर आ गया था। इसके बाद सात दिन पूर्व वह दोबारा से अपनी ससुराल गया। सोमवार को वह पत्नी राखी के साथ घर लौटा। मगर पति पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसके बाद पत्नी राखी अपनी मां के साथ घर में रखा कुछ सामान लेकर मायके चली गई। कुछ देर के बाद उनका पुत्र भी घर से बिना बताए कहीं चला गया। रात करीब साढ़े आठ बजे गांव में मंदिर के पीछे उनका पुत्र बेसुध हालत में पड़ा था।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
RMCH BAREILLY Excellence towards profession
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शैल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
यह सुविधा 15 फरवरी 2024 से 26 फरवरी 2024 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन
भर्ती मरीजों की मुफ्त जाँचें
नार्मल व सिजेरियन डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में हैड सीटी 800/- में
फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत फाईलेरिया की दवाई रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में कमरा नं. 1167 में मुफ्त में मिलेगी।
भर्ती मरीजों की दवाईयाँ भारी छूट पर
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. सी.ए.आर.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
*T&C Apply
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था
*एंट्री लेवल

# व्यापारी के बंद मकान से आठ लाख की चोरी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** गल्ला व्यापारी के बंद मकान में छत के रास्ते घुसे चोरों ने नगदी, जेवरात समेट आठ लाख का सामान समेट लिया। इतना ही चोर जाते वक्त मकान में बैड, बिस्तर समेत अन्य काफी सामान में आग भी लगा गए। पिता की अस्थि विसर्जन कर हरिद्वार से वापस आने पर परिवार के सदस्यों को घटना का पता चला। पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी जुटाई और जल्द खुलासे का आश्वासन देकर औपचारिकता निभाई। शहर में हुई वारदात से व्यापारी नेताओं ने कानून व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए हैं।

मोहल्ला काला मंदिर निवासी विपिन कुमार ने बताया कि उनकी गल्ला मंडी में दुकान है। वह अक्सर दुकान पर ही सो जाते हैं। घर पर पत्नी रश्मि और लक्ष्य रहता है। 25 दिसंबर 2023 को व्यापारी के पिता का निधन हो गया था। रविवार को पत्नी और बेटा उनके पिता की अस्थियों का विसर्जन करने हरिद्वार गए थे। घर पर ताला लगा था और पीड़ित दुकान पर ही सो गया। इस बीच छत के रास्ते मकान में चोर घुस गए। कमरे में अलमारी का ताला तोड़कर 15 हजार रुपये, सोना-चांदी के जेवरात समेत आठ लाख का सामान चोरी कर लिया। इसके बाद चोरों ने कमरे में आग भी लगा दी। जिसमें बैड, बिस्तर, कपड़े समेत काफी सामान जल गया। सोमवार रात पत्नी और बेटा वापस आए।

मेनगेट का ताला खोलकर भीतर घुसे तो कमरे में धुआं उठ रहा था और कीमती सामान चोरी हो चुका था। इसकी जानकारी मिलने पर वह भी दुकान से घर आए। सूचना पुलिस को दी गई।

# दुष्कर्म के आरोपी ने फंदा लगाकर दी जान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** जेल परिसर में बने शौचालय में मफलर से फंदा लगाकर खुदकुशी करने वाले सुखविंदर की मौत कई सवाल खड़े कर गई है। एक तरफ बंदी की मौत के बाद जांच पड़ताल के साथ ही अधिकारियों को सूचनाएं भेजी जाती रहीं। वहीं, खुदकुशी को लेकर कयास लगाए जाते रहे।

बताते हैं कि वर्ष 2016 में सुखविंदर पर रिपोर्ट दर्ज की गई थी उस वक्त वह नाबालिग था। किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तारी के बाद काफी समय उसने किशोर सदन में बिताया। साल 2020 में उसकी जमानत हो गई थी। तारीखों पर न पहुंचने पर उसका न्यायालय से वारंट जारी हो गया। इस पर सात फरवरी 2024 को उसे न्यायालय में पेश किया गया। वहां से जेल भेजा गया था। 19 फरवरी को वह तारीख पर जेल से गया था। इस दौरान उसकी मुलाकात परिवार के सदस्यों से हुई थी। परिजनों ने कहा कि वह मंगलवार को उससे मिलने आएंगे। सुखविंदर की जमानत याचिका पर सुनवाई 22 फरवरी को होनी है। ऐसे में काम में व्यस्त होने के चलते वह मंगलवार को नहीं आए और सोचा कि 22 फरवरी को ही जेल में मुलाकात कर लेंगे। इधर, सुखविंदर सुबह से ही परिवार के आने का इंतजार कर रहा था, मगर परिजन नहीं पहुंचे। फिर चंद घंटे बाद ही उसने खुदकुशी कर ली। जिसकी सूचना जेल प्रशासन से परिजनों तक पहुंची तो कोहराम मच गया।

आनन-फानन में मां प्रेमा देवी समेत अन्य परिवार वाले पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और जानकारी की। उनका रो-रोकर बुरा हाल था। बताया जाता है कि एक मार्च को मुकदमे का फैसला आ सकता है। इसे लेकर भी वह परेशान बताया गया। परिजन का कहना था कि 19 फरवरी को हुई मुलाकात के दौरान वह ठीक था। मगर ऐसा क्या हुआ कि उसे खुदकुशी करनी पड़ गई। इसका जवाब कोई नहीं दे सका।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मेरी पुत्री आमना खान Aamna Khan के शैक्षिक अभिलेखों में मेरा नाम आमिर खान Amir Khan दर्ज है जो गलत है। सही नाम आमिर मियाँ Amir Miyan है। **आमिर मियाँ पुत्र शाकिर मियाँ, मो. भूरे खाँ, पीलीभीत**

सूचना
मैंने अपने पुत्र विजय व पुत्रवधू ममता को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य से मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **भानु प्रताप पुत्री श्री बाबू राम निवासी ग्राम अगरास थाना फतेहगंज पश्चिमी, मीरगंज, बरेली**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## आत्महत्या करने के लिए यमुना स्ट्रेची ब्रिज पर चढ़ा युवक

**आगरा, अमृत विचार:** मंगलवार सुबह यमुना पर बने स्ट्रेची ब्रिज पर एक युवक आत्महत्या करने के लिए चढ़ गया। जब राहगीरों ने देखा तो उसे वहां से उतारने के लिए काफी समझाया, करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद युवक को ब्रिज से उतारा जा सका।

मंगलवार सुबह स्ट्रेची ब्रिज के ऊपर जा रही लाइन पर एक युवक चढ़ गया। लोगों ने जब उसे देखा तो उसे नीचे उतरने के लिए आवाज दी, लेकिन लोगों की बात सुनने के बजाय उसने कहा कि वह यमुना में कूदकर सुसाइड करने जा रहा है। युवक की यह बात सुनकर लोगों ने उसे समझाने का काफी प्रयास किया। जब काफी समझाने के बाद भी वह नीचे नहीं उतरा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर युवक को नीचे उतारने का प्रयास किया। युवक को ऊपर चढ़ा देखकर वहां काफी भीड़ जुट गई।

### जनता को सुविधा के लिए पुलिस का सिटीजन चार्टर लागू

# पासपोर्ट वेरिफिकेशन या अन्य आवेदन के बाद नहीं काटने होंगे चौकी, थानों के चक्कर

संवाददाता, आगरा



सिटीजन चार्टर की जानकारी देते अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** आगरा कमिश्नरेट में पुलिसिंग को आदर्श पुलिसिंग बनाने के लिए पुलिस कमिश्नर जे रविंद्र गौड़ ने एक मुहिम छेड़ दी है। उनकी नई योजना के अनुसार अब लोगों की सुविधा के लिए आगरा पुलिस के सभी कार्यों को तय सीमा में बांध दिया गया है। अब चाहे व्यक्ति को अपना पासपोर्ट बनवाना हो या चरित्र प्रमाण पत्र, कोई सत्यापन कराना हो या फिर किसी आयोजन की अनुमति लेनी हो सभी कार्यों के लिए आवेदन करने के बाद आदेश पारित होने तक कि समय सीमा तय कर दी गई है। यदि किसी वजह से समय सीमा के तहत काम पूरा नहीं होता संबंधित अधिकारी की जवाबदेही होगी।

पुलिस कमिश्नर जे रविंद्र गौड़ ने पत्रकार वार्ता में बताया कि आगरा कमिश्नरेट में पुलिसिंग को बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकता है। अपनी इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने आगरा पुलिस के समस्त अधिकारियों के साथ मिलकर पुलिसिंग को पीपल सेंट्रिक पुलिसिंग बनाने के लिए कुछ बदलाव किए हैं। उन्होंने बताया कि आम जनता की अधिकतर परेशानियों को खत्म करने के लिए सिंगल विंडो लॉन्च की गई है। उन्होंने बताया अब पासपोर्ट वेरिफिकेशन, चरित्र प्रमाण पत्र, किराएदार का वेरिफिकेशन या फिर किसी कार्यक्रम के लिए कोई आवेदन करना हो, ऐसे किसी भी काम के लिए बिना किसी शुल्क के यूपी कॉप पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सभी कार्यों के पूरा होने के लिए भी समय सीमा निर्धारित कर दी गई है, जिससे आवेदन कर्ता को बिना किसी परेशानी के तय समय सीमा के अंदर अपने कागजात प्रमाणित होकर मिल जाएं और इसके लिए उन्हें थाने चौकी या फिर किसी अधिकारी के दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें।

**13 माह में 29101 पासपोर्ट का किया वेरिफिकेशन :** बीते वर्ष में पुलिस द्वारा किए गए वेरिफिकेशन कार्यों और कार्रवाई पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि बीते 13 माह में पुलिस ने 29101 पासपोर्ट का वेरिफिकेशन किया है। इसके साथ ही चरित्र प्रमाण पत्र, किराएदार सत्यापन, कर्मचारी सत्यापन शिकायत, पोस्टमार्टम आवेदन के 45426 वेरिफिकेशन किए गए हैं। उन्होंने कहा कि नई प्रकिया के तहत अब लोगों को शिकायत करना और सत्यापन कराना आसान हो जाएगा। पुलिस कमिश्नर ने यह भी बताया कि पुलिस द्वारा दी जा रही यह सभी सुविधाएं बिल्कुल निःशुल्क हैं, और यदि किसी सत्यापन करने या शिकायत पर कार्रवाई करने के कोई भी व्यक्ति रिश्वत मांगता है तो आप बेझिझक उनके वास या सम्बंधित अधिकारी के पास शिकायत लेकर जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि जनता को न्याय दिलाना और उनकी मदद करना ही पुलिस की प्राथमिकता है।

### इतने दिन में इस कार्य का होगा सत्यापन

- पासपोर्ट सत्यापन- 15 दिन
- पुलिस वेरिफिकेशन- 10 दिन
- किराएदार सत्यापन- 10 दिन
- चरित्र सत्यापन- 10 दिन
- कर्मचारी सत्यापन- 10 दिन
- नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट- 5 दिन

### इन नम्बरों पर कर सकते हैं शिकायत

- डीसीपी सिटी - 9454401007
- डीसीपी वेस्ट - 9454401009
- डीसीपी ईस्ट- 9454401010
- अपर पुलिस आयुक्त - 9454400376
- पुलिस आयुक्त- 9454400246
- आपातकालीन सुविधा- 112
- साइबर क्राइम हेल्पलाइन- 1930
- चाइल्ड हेल्पलाइन- 1098
- महिला हेल्पलाइन- 1090
- मुख्यमंत्री हेल्पलाइन- 1076

## एनडीपीएस में दोषी को छह माह की सजा व 7 हजार का जुर्माना

**फिरोजाबाद, अमृत विचार:** जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के संयुक्त निर्देशन में मॉनिटरिंग सेल द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुये ठोस साक्ष्य संकलन के आधार पर थाना लाइनपार पर पंजीकृत मुकदमे में आरोपी किताब सिंह को न्यायालय एसीजे (एफटीसी) 1 द्वारा दोषी पाते हुए 6 माह के कारावास व 7 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। न्यायालय ने मॉनिटरिंग सेल की प्रभावी पैरवी के चलते एनडीपीएस एक्ट के आरोपी किताब सिंह पुत्र गजोलाल निवासी गली नम्बर 1 रामनगर थाना लाइनपार को दोषी मानते हुए छह माह का कठोर कारावास तथा सात हजार रुपये का जुर्माना से दंडित किया है। एसएसपी ने मॉनीटरिंग सेल के सभी कर्मचारियों से सभी मुकदमों में प्रभावी पैरवी करते हुए ज्यादा से ज्यादा सजा दिलाए जाने के लिए कहा है। जिससे लोगों को उचित न्याय मिल सके।

## लाभार्थी संवाद कार्यशाला में दिया चुनाव जीतने का मंत्र




लाभार्थी संवाद की कार्यशाला में बोलते लोकसभा संयोजक राणा प्रताप सिंह।

संवाददाता, दातागंज

**अमृत विचार :** खंड विकास कार्यालय के सभागार में भाजपा द्वारा नगर व ग्रामीण मंडल की लाभार्थी संवाद संपर्क अभियान की कार्यशाला का आरंभ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर दीप जलाकर किया गया।

मुख्य अतिथि लोकसभा संयोजक राणा प्रताप सिंह ने पदाधिकारियों से संवाद करते हुए लाभार्थी संवाद अभियान की जानकारी व प्रशिक्षण दिया।

उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों से आप लोग संपर्क कर उनसे संवाद करें, मोदी की गारंटी के बारे में चर्चा करें, साथ ही लाभार्थी से कॉल भी करायें।

विशिष्ट अतिथि भाजपा आईटी विभाग के जिला सह संयोजक देवेश तोमर ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से लाभ प्राप्त लाभार्थियों के घरों पर जाकर संपर्क कर उन्हें पत्रक देना आदि के बारे में बताया। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए नगर मंडल अध्यक्ष राजीव सिंह तोमर ने कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव में फिर से कमल खिलाने का आह्वान किया।

कार्यशाला में मुख्य रूप से मण्डल महामंत्री वीर सिंह, नेत्रपाल सागर, ज्ञानेंद्र कुमार सिंह, महिला मोर्चा महामंत्री आशा कन्नौजिया, कुलदीप सिंह सिसौदिया, जयवीर राठौर आदि रहे।

# बदायूं में शिवपाल... समाजवादी पार्टी का दांव तो तगड़ा है

## धर्मेंद्र संभाल नहीं पा रहे थे बदायूं में खिसकती जमीन, शिवपाल से पड़ोसी सीटों पर भी मदद मिलने की उम्मीद

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** वैसे तो 2019 के लोकसभा चुनाव में बरेली मंडल की पांचों सीटों पर कब्जा जमा चुकी भाजपा के उफान को अब भी कम नहीं आंका जा सकता लेकिन फिर भी बदायूं में धर्मेंद्र यादव को हटाकर शिवपाल यादव को उतारने का सपा का फैसला नए सिरे से चुनावी समीकरणों की रचना करेगा, इस संभावना को अब नजरंदाज नहीं किया जा सकता। सपा का यह इसलिए भी बड़ा दांव माना जा रहा है क्योंकि इसके पीछे हाईकमान की बदायूं के साथ आसपास की कई और सीटों का भी चुनावी गणित बदलने की उम्मीद झलक रही है। इसमें इधर आंवला के साथ बरेली तो उधर संभल की सीट भी शामिल है।

विधानसभा चुनाव 2017 में प्रदेश की सत्ता छिन जाने और फिर धर्मेंद्र यादव के 2019 में चुनाव हारने के बाद बदायूं की समाजवादी पार्टी में काफी कुछ बदल चुका है। बरेली की तरह बदायूं में भी पार्टी का संगठन बुरी तरह बिखर चुका है। कई जगह पार्टी दो गुटों में बंट चुकी है जिनमें से एक गुट खुले तौर पर धर्मेंद्र के विरोध में भी उतर आया था। पूरे संसदीय क्षेत्र में 40 फीसदी से ज्यादा मुस्लिम और यादव वोटर होने के बावजूद विधानसभा चुनाव में पार्टी को इसका खामियाजा भुगतना पड़ा था। इस लिहाज से 2024 के चुनाव की धर्मेंद्र पर दांव लगाने में बड़ा जोखिम था। राज्यसभा के लिए कोई मुस्लिम प्रत्याशी न बनाने पर सलीम शेरवानी और पूर्व विधायक आबिद रजा की नाराजगी ने यह जोखिम और बढ़ा दिया था। माना जा रहा है कि अंततः पार्टी ने अपना फैसला बदलकर यह जोखिम कुछ कम कर लिया है।

शिवपाल यादव की पहचान मुलायम सिंह यादव के समय से ही संगठन पर सर्वाधिक पकड़ रखने वाले नेता के तौर पर रही है। पार्टी में माना जाता है कि उनकी यह पकड़ अब भी कम नहीं हुई है। मुस्लिम-यादव बहुल बदायूं में यह पकड़ धर्मेंद्र यादव की तुलना में कहीं ज्यादा कारगर साबित होगी, इसमें भी किसी को कोई संदेह नहीं है। यह भी कहा जा रहा है कि शिवपाल के बदायूं के चुनाव मैदान में उतरने से आसपास की कई सीटों पर भी इसका असर पड़ सकता है। आंवला संसदीय क्षेत्र में तो दो विधानसभा सीटें ही बदायूं की हैं। इसके अलावा बरेली में बिखरे हुए संगठन को फिर एकजुट करने में भी पार्टी शिवपाल यादव की मदद ले सकती है।

**आंवला पर कुछ ज्यादा, थोड़ा असर बरेली में भी :** पार्टी नेताओं का दावा है कि शिवपाल के बदायूं से चुनाव लड़ने से आंवला सीट पर भी असर पड़ेगा। वजह बताई जा रही है कि करीब 17.5 लाख वोटरों की संख्या वाले इस संसदीय क्षेत्र में भी मुसलमान वोटरों की तादाद साढ़े तीन लाख से ज्यादा है। इसके अलावा पौने दो लाख के करीब यादव वोटर भी हैं। बरेली में पार्टी संगठन को शिवपाल के पड़ोसी जिले से चुनाव लड़ने से फायदा होने की उम्मीद जताई जा रही है। कहा जा रहा है कि बरेली में ऐसे कई पुराने नेताओं का विश्वास लौट सकता है जो पार्टी में खुद को काफी समय से सहज महसूस नहीं कर रहे हैं।

**आजमगढ़ सीट का प्रभारी बनाया गया : बदायूं:** बदायूं लोकसभा सीट पर धर्मेंद्र यादव को मजबूत प्रत्याशी माना जा रहा था। वह पहली बार मैनपुरी सीट का उपचुनाव जीते। 2009 और 2014 में बदायूं लोकसभा सीट पर जीत हासिल की। उन्होंने जिले को राजकीय मेडिकल कॉलेज, ओवरब्रिज दिलाया लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में डॉ. संघमित्रा मौर्य ने उन्हें 18 हजार वोट से हरा दिया था। अब धर्मेंद्र यादव को कन्नौज व आजमगढ़ सीट का प्रभारी बनाया है।

**मैदान छोड़ कर भागे भतीजे, अब चाचा की बारी: संघमित्रा मौर्य :** बदायूं सीट पर सपा का टिकट बदले जाने पर सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य ने टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पदाधिकारी, माननीय और कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से घबराकर पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव मैदान छोड़कर भाग रहे हैं। वह जहां से भी चुनाव लड़ेंगे वहां के भाजपा कार्यकर्ता उनकी हार की हैट्रिक बनवाएंगे। अब चाचा आ रहे हैं। जो 2019 चुनाव में फिरोजाबाद सीट पर भाजपा प्रत्याशी से 4 लाख 3950 वोट से हारे थे। बदायूं लोकसभा सीट के सभी कार्यकर्ता चाचा की हार का अंतर और बढ़ाएंगे। एक बार फिर मोदी सरकार के नारे के साथ बदायूं में फिर से कमल खिलाएंगे।

**अपने आपको ठगा महसूस कर रहे हैं मुसलमान :** सपा के राष्ट्रीय सचिव आबिद रजा ने कहा कि बरेली मंडल में टिकट वितरण में पीडीए में ए की अनदेखी की गई है। सपा की ओर से घोषित प्रत्याशियों में बरेली, शाहजहांपुर, आंवला, बदायूं में किसी भी मुसलमान को टिकट न मिलने से मुसलमान अपने आपको ठगा महसूस कर रहा है। आम मुसलमानों में भी चर्चा है कि क्या सिर्फ मुसलमान वोट इस्तेमाल होता रहेगा। साल 2009 में लोकसभा चुनाव में मुसलमान का टिकट काटकर धर्मेंद्र यादव को दिया था। अब बरेली मंडल के टिकट वितरण में पीडीए का ए गायब कर दिया गया। पीडीए के साथ न्याय नहीं हुआ है।

### चुनौती : 20 हजार वोटों से ही जीती थीं संघमित्रा

बदायूं संसदीय क्षेत्र में वोटरों की कुल तादाद करीब 19 लाख है। इनमें से करीब चार लाख यादव हैं और करीब पौने चार लाख मुसलमान। सपा के इस परंपरागत वोटरों की कुल हिस्सेदारी 40 फीसदी से ज्यादा बैठती है, इस लिहाज से बदायूं में पिछले लोकसभा चुनाव को आधार माना जाए सपा के लिए यहां दूसरी सीटों जितनी कड़ी चुनौती नहीं है। पिछले चुनाव में भाजपा की संघमित्रा करीब 20 हजार वोटों से ही चुनाव जीती थीं, इसलिए यह तय है कि शिवपाल यादव को शिकस्त देने के लिए भाजपा को नए सिरे से रणनीति बनानी पड़ेगी।

### बदायूं सीट को वापस पाकर ही लूंगा दम: शिवपाल

**इटावा :** समाजवादी पार्टी (सपा) से पहली दफा लोकसभा चुनाव में उतरे पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि वह बदायूं लोकसभा सीट को वापस पार्टी के कब्जे में लाने के लिये पूरी जी जान लगा देंगे। लाइन सफारी के पास निर्माणाधीन भव्य केदारेश्वर महादेव मंदिर पर पूजा अर्चना के बाद मंगलवार देर शाम अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि पार्टी हाई कमान की ओर से जो निर्णय लिया गया है उसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है। वह पूरी तन्मयता के साथ में बदायूं लोकसभा सीट से चुनाव में उतरेंगे। स्वामी प्रसाद मौर्य के नई पार्टी बनाने के सवाल पर शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि वह मौर्य को अच्छी तरीके से जानते हैं वह शुरुआती दिनों में लोकदल में रहे है, फिर बसपा और भाजपा के बाद सपा में आए। स्वामी प्रसाद मौर्य बेहद संवेदनशील नेता है। पार्टी छोड़ने की क्या वजह है यह तो वह नहीं बता सकते हैं। उन्होंने कहा कि बदायूं से पार्टी ने टिकट दिया है यह पार्टी का आदेश है वहां से भाजपा को हराएंगे। देर शाम शिवपाल सिंह यादव का नाम घोषित होने के बाद उनके समर्थकों में खास जोशोखरोश देखा जा रहा है। खुद शिवपाल सिंह यादव भी बेहद उत्साहित नजर आ रहे हैं।

# शादी में खाना खाने से दूल्हा-दुल्हन सहित 130 की हालत बिगड़ी

संवाददाता, संभल/गुन्नौर

- गांव ईसमपुर डांडा की घटना, गुन्नौर सीएचसी के इमरजेंसी वार्ड में 70 लोग भर्ती

**अमृत विचार:** गुन्नौर तहसील क्षेत्र के गांव ईसमपुर डांडा में शादी समारोह में खाना खाने से दूल्हा-दुल्हन व बरातियों सहित 130 लोगों की फूड प्वाइजनिंग से हालत बिगड़ गई। 70 लोगों को गुन्नौर सीएचसी के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। इनमें 11 की हालत गंभीर होने पर जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। दूल्हा- दुल्हन समेत 60 बरातियों का इलाज अलीगढ़ के निजी अस्पतालों में कराया जा रहा है। एसीएमओ पंकज विश्नोई ने 62 लोगों को सीएचसी में भर्ती कराने की पुष्टि की।

गांव ईसमपुर डांडा की दलित बस्ती निवासी डोरी सिंह की पुत्री शारदा की बरात रविवार को अलीगढ़ जिले के पाली मुकीमपुर थाना क्षेत्र के गांव धुर्रा प्रेमनगर से आई थी। बराती-घराती व ग्रामीणों ने रात को खाना खाया। सोमवार सुबह बरात लौटने के बाद कुछ लोगों को पेट दर्द व दस्त की शिकायत हुई। लेकिन इसे गंभीरता से नहीं लिया। सोमवार रात महिलाएं व बच्चे बेहोश होने होने लगे। पेट में दर्द, दस्त, बुखार की समस्या से बस्ती के काफी लोग ग्रसित हो गए। इससे चीख पुकार व अफरा तफरी मच गई। मंगलवार सुबह सीएचसी गुन्नौर में मरीजों का तांता लग गया। मरीजों की भीड़ से डॉक्टर समेत सभी कर्मचारी युद्ध स्तर पर लग गए। बेड कम पड़ने की वजह से कुछ को स्ट्रेचर पर तो किसी को बेंच पर लेटाकर इलाज किया गया। कुछ मरीज दर्द से चीख चिल्ला रहे थे। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पवन सिंह ने बताया कि अस्पताल में आए ईसमपुर डांडा के सभी मरीज फूड प्वाइजनिंग के शिकार हैं। इनका इलाज किया जा रहा है। 11 गंभीर मरीजों को जिला चिकित्सालय भेजा गया है। दूल्हा पक्ष के लोगों का कहना है कि दूल्हे सहित 60 लोगों का इलाज अलीगढ़ के निजी अस्पतालों में कराया जा रहा है।

**ये 11 लोग किए गए रेफर:** सीएचसी अधीक्षक डॉ. पवन सिंह ने बताया कि आकाश कुमारी पुत्री पदम सिंह, पूजा पुत्री रामू, नंदिनी पुत्री पदम सिंह, अंजली पुत्री पदम सिंह, नीता पुत्री मोहन, ओमवती पत्नी केशों, मोनिका पुत्री जितेंद्र, रीनू पुत्री कल्याण, गायत्री पत्नी शिवकुमार, अंकुश पुत्र शिवकुमार और जसोदा पत्नी रामकुमर को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया है।

**ये लोग हुए अस्पताल में भर्ती:** गुन्नौर सीएचसी में इलाज के लिए आए लोगों में दुल्हन की मां विजय कुमारी (40), ममता (35), मोहनी (15), गायत्री (30), नैना (10), अमित (25), राजकुमारी (30), बर्षा (12), सुनीता (30), विनय (8), अमन (18), अंकुश (12), त्रिवेणी (45), रामपाल (50), सागर (24), लक्ष्मी (15), सोनम (16), ईशा (11), अमरवती (20), शिवदेवी (40), मिल्की (5) जसोदा (40), क्रांति (30), रीता (16), रश्मि (20), राखी(15), पुष्पेंद्र (25), प्रीति (28 ), मोनिका (11), गौरव (19), प्रमोद कुमार (17), प्रथम सिंह (70), संजीव (22), सोनपाल (21), द्रोपा (40), वीना (28), अनिका (3), दामिनी (4), रूबी (30), मान सिंह (80), कमलेश (25), अमित कुमार (26), देवेंद्र (38), विजयपाल (49), सोमवीर (48), बबली (36), गजपति (50), कलावती (55), ओमवती (65), शिव कुमारी (32), रीना (32), पुष्पेन्द्र (25), अमरवती (20), यशोदा (40), रामकुमार ((45), राजकुमारी (30) आदि के नाम शामिल हैं।

### किराना की दुकान से लिए मसालों के नमूने, खाने की भी होगी जांच

**गुन्नौर, अमृत विचार :** गांव ईसमपुर डांडा में शादी समारोह में खाना खाने से फूड प्वाइजनिंग की घटना सामने आने के बाद लोगों ने दुकानदार पर मिलावटी मसाले व सामान देने का आरोप लगाया है। किराना व्यापारी व मिष्ठान विक्रेता की दुकान से मसाले और खाद्य तेल समेत अन्य के 15 नमूने एकत्रित किए हैं। बचे खाने को भी जांच के लिए भेजा जा रहा है। डोरी सिंह ने बताया कि बेटी की शादी के लिए मतीन की राशन की दुकान से तेल मसाले आदि खरीदे थे। खाना खाने के बाद पेट दर्द, बुखार दस्त की शिकायत हुई तो बचे मसालों को ध्यान से देखा। मसाला एक्सपायरी डेट पार चुका था। जिला अभिहित अधिकारी राहुल सिंह ने कहा कि खाद्य पदार्थों के नमूनों की रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। मुख्य खाद्य निरीक्षक राहुल सिंह ने डोरी सिंह के घर से शादी की दावत में बची पनीर की सब्जी, छोले और रायते का नमूने लिए हैं। खाद्य सुरक्षा निरीक्षक कुलदीप तिवारी ने गुन्नौर में उस दुकान का रुख किया जहां से खाद्य तेल और अन्य सामान खरीदा गया था। यहां से मसालों और खाद्य तेल का नमूना लिया गया। इसके बाद एक मिष्ठान विक्रेता की दुकान से पनीर का सैंपल लिया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला महिला का शव

**फिरोजाबाद, अमृत विचार:** फिरोजाबाद थाना एका क्षेत्र के गांव भगनेर में मंगलवार की सुबह एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगने से मौत हो गई। सूचना पर आए मृतका के मायका पक्ष के लोगों ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है

एका क्षेत्र के गांव भगनेर निवासी 28 वर्षीय राधा देवी पत्नी अजय कुमार की मंगलवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगने से मौत हो गई जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर आए जनपद एटा के थाना अवागढ़ निवासी मायका पक्ष के लोगों ने हत्या का आरोप लगाते हुए सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी का कहना है कि मांयका पक्ष के लोगों ने हत्या का आरोप लगाया है फिलहाल शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

### सार-संक्षेप

#### भागवत कथा से पूर्व निकाली कलश यात्रा



**ओरछी।** ब्लॉक आसफपुर के गांव सिसरका में मंगलवार को श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया। कथा से पहले गांव में महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। मंगलवार को भागवत कथा से पहले महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण कर भजनों पर झूमते हुए झांकियां निकालीं। कलश यात्रा में नन्हे मुन्ने बच्चों को भगवान कृष्ण और राधा बनाया गया। बच्चे भजनों पर झूमते रहे। उसके बाद ग्रामीणों को प्रसाद वितरित किया। इस मौके पर अनोखे लाल शर्मा, दुर्गेश सक्सेना, विजय शंकर सक्सेना, सुनील कुमार शर्मा व्यास, राकेश कुमार शर्मा, संजीव कुमार शर्मा, सुशील शर्मा, सुमित शर्मा, मोहित शर्मा आदि रहे।

#### 1.70 करोड़ के विकास कार्यों का किया शिलान्यास



**बदायूं।** बदायूं लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी की सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य ने मंगलवार को बिल्सी एवं सहसवान विधान सभा क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने विभिन्न गांवों में सीसी मार्गों का शिलान्यास करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के प्रति लोगों में जो विश्वास दिखाई दे रहा है, उससे स्पष्ट है कि इस बार आम जनता चार सौ सीटों से अधिक आशीर्वाद स्वरूप देगी। सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य ने बिल्सी विधानसभा क्षेत्र के गांव बरा मालदेव पहुंचकर भागवत कथा में सहभागिता की और प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इसके अलावा गांव हरहरपुर, कोठी नगला, दहेमू, बितरोई एवं सहसवान विधान क्षेत्र के गांव भोयस, समसपुर भूढ़, नाधा, रियोनाई एवं मिर्जापुर सोहरा में व्यापक स्तर पर जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने 1.70 करोड़ रुपये की लागात के सीसी मार्गों और नाली निर्माण का शिलान्यास किया।

#### खेत में मिला युवक का अधजला शव, पहचान नहीं

**आगरा, अमृत विचार :** थाना सैंया में खेत में युवक का अधजला शव मिला है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। शव की अभी शिनाख्त नहीं हो सकी है। हत्या के बाद शव को खेत में जलाया गया है। थाना सैंया अंतर्गत बाईपास पर कट्टी पुल के पास सरसों के खेत में दोपहर में लोगों ने अधजला शव देखा। शव की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। माना जा रहा है कि युवक की हत्या कर यहां पर लाया गया है। यहां पर जूट की बोरियों से ढक कर पहचान छिपाने के लिए जलाया गया। शव पूरी तरह से जल गया है। इस कारण शिनाख्त नहीं हो पा रही है। पुलिस ने फारेंसिक टीम को मौके पर बुलाया है। मौके पर साक्ष्य संकलन किए जा रहे हैं। आशंका है कि देर रात को शव को लाया गया है। पुलिस आसपास के लोगों से जानकारी कर रही है।

# फिरोजाबाद से 5000 से ज्यादा लोग 23 को करेंगे अयोध्या धाम में श्री राम दर्शन

संवाददाता, फिरोजाबाद

- 22 फरवरी को होंगे रवाना, 100 बसों की व्यवस्था की गई

**अमृत विचार:** अयोध्या धाम में रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा के बाद उनके दर्शन के लिए हर कोई लालायित है। आमजन के अयोध्या धाम के दर्शन की इच्छा को भारतीय जनता पार्टी पूरा कर रही है। फिरोजाबाद भारतीय जनता पार्टी की ओर से लगभग 5000 से ज्यादा लोगों को 22 फरवरी को बसों के जरिए अयोध्या धाम ले जाया जाएगा।

भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने बताया कि फिरोजाबाद लोकसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव से दो ग्रामीणों को अयोध्या धाम के दर्शन कराने का पार्टी का संकल्प है । इसे पूरा करने को कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों को अयोध्या धाम के दर्शन के लिए कह रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यकारिणी ने यह कार्यक्रम 22 फरवरी को रखा है। अयोध्या धाम की यात्रा के लिए जिले भर में कुछ स्थान चिन्हित किए गए हैं इन स्थानों पर बसों को लगाकर लोगों को सूची व प्रवेशिका के आधार पर बस में प्रवेश दिया जाएगा । सभी बसें जनपद की सीमा पर एकत्रित होगी। फिर कठफोरी से यह बसें अयोध्या धाम के लिए प्रस्थान करेंगी। पार्टी द्वारा 100 बसों की व्यवस्था की गई है। 22 फरवरी को अयोध्या धाम में रात्रि प्रवास के लिए टेंट सिटी में लोगों को ठहरने की व्यवस्था है। 23 फरवरी की सुबह अयोध्या धाम में रामलला के दर्शन करेंगे।

## संवेदनशील केंद्रों पर रहेगी सख्त निगरानी

**आगरा, अमृत विचार:** यूपी बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं 22 फरवरी से शुरू होनी है। जिसको लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है। तैयारी को अंतिम रूप देने के लिए आगरा कॉलेज स्थित गंगाधर शास्त्री सभागार में प्रशासनिक अधिकारियों ने आगरा के सभी केंद्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक हुई। इस बार यूपी बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षा के लिए करीब 171 केंद्र बनाए गए हैं जिसमें सामान्य केंद्र 111, संवेदनशील परीक्षा केंद्र 21 और अति संवेदनशील 39 केंद्र निश्चित किए गए हैं।

# जेठ ने जमीन पर गिरा कर विधवा को पीटा

संवाददाता, विजय नगला

**अमृत विचार :** थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव कथरा खगेई निवासी विधवा हेमा देवी ने थाना पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसके तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं। वह मेहनत मजदूरी कर परिवार का गुजर बसर करती है। घर में बंटवारे को लेकर उसके जेठ से विवाद हो गया था। बंटवारे में फैसले के दौरान जेठ रामदीन से विधवा को कुछ रुपये देने की बात रखी गई थी।

पंचायत में हुई बात के आधार पर जेठ से तयशुदा रकम मांगी तो वह आक्रोशित हो गया अपनी पत्नी सविता, भाई ओंकार व पत्नी रूपा देवी समेत आधा दर्जन लोगों ने उसे जमीन पर गिरकर बुरी तरह पीटा, जिससे वह घायल हो गयी। विधवा ने बताया है कि जब हमलावर उसे जमीन पर गिरा कर बाल पकड़ कर घसीट रहे थे तो कुछ लोगों ने उसका वीडियो भी बना लिया है। वीडियो पुलिस को दिखाया गया फिर भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। वह अकेली है। उसके साथ कोई नहीं है। हमलावरों ने उसे जान से मारने की धमकी दी है।

## वाहन की टक्कर से साइकिल सवार युवक की मौत

फिरोजाबाद, अमृत विचारः सिरसागंज क्षेत्र में सोमवार की रात अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार युवक की मौत हो गई। वह काम करने के बाद अपने घर जा रहा था।

नगला सेदलाल निवासी दिलशाद अली (29) पुत्र साजिद अली मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण कर रहा था। सोमवार को सिरसागंज लेंटर डालने गया था। काम रात काफी देर में समाप्त हुआ। काम समाप्त कर साइकिल से अपने गांव आ रहा था। हैवतपुर पुल के समीप तेज गति से आ रहे किसी वाहन ने साइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में दिलशाद की मौके पर मौत हो गई। पता चलते ही उसके परिवार के लोग भी वहां पहुंच गए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। युवक की तीन महीने पहले ही शादी हुई थी।

# नमक की मंडी में ढलाई की फैक्ट्री में लगी आग, दो कारीगरों की मौत

### चांदी पॉलिश के दौरान गैस लीकेज होने से मशीन में हुआ ब्लास्ट

संवाददाता, आगरा

अमृत विचारः ताजनगरी में मंगलवार देर शाम बड़ा हादसा हो गया। नमक की मंडी सराफा बाजार में ढलाई की फैक्ट्री में धमाका हो गया। धमाके के बाद अफरा तफरी का माहौल बन गया। लोग डर की वजह से शटर बंद करने लगे। हादसे में दो कारीगरों की मौत हो गई जबकि एक युवक घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस के साथ फायर ब्रिगेड पहुंच गई। सूचना मिलने पर मृतकों के परिजन भी पहुंच गए। वहीं घायल युवक की हालत भी गंभीर बताई जा रही है।

नमक की मंडी स्थित महल कॉम्प्लेक्स मार्केट के तीसरे तल पर चांदी पॉलिश की दुकान है। शाम को कारीगर आकाश और रवि चांदी की पॉलिश कर रहे थे। इसी दौरान गैस लीक होने से अचानक धमाका हो गया। हादसे में रवि और आकाश सहित तीसरा कारीगर बेहोश हो गया।

सूचना मिलते ही थाना कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और तीनों कारीगरों को एसएन मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में लाया गया। यहां चिकित्सकों ने रवि और आकाश को मृत घोषित कर दिया। वहीं, तीसरे कारीगर का उपचार जारी है. उसकी भी हालत गंभीर है। एहतियात के तौर पर महल कॉम्प्लेक्स को खाली करा लिया गया है।

दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उनके परिजनों को सूचित कर दिया गया है। हादसे की जांच की जा रही है। डीसीपी सिटी सूरज कुमार राय ने बताया कि हादसे में दो कारीगरों की मौत हो गई। जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गई।

**मार्केट में मची भगदड़**

कॉम्प्लेक्स में अचानक तेज धमाके की आवाज सुनकर लोग सहम गए। मौके पर भगदड़ मच गई। आनन-फानन लोग दुकानों से निकल आए और दुकानों के शटर बंद होने शुरू हो गए। हालांकि पुलिस और फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला।

## कार सवारों को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, तीन की मौत

संवाददाता, अलीगढ़

- अलीगढ़ में शादी में शामिल होने जा रहे थे कार सवार
- घायलों को सीएचसी से जेएन मेडिकल कॉलेज रेफर किया

अमृत विचारः अलीगढ़ में शादी समारोह में शामिल होने जा रहे कार सवारों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे तीन लोगों की मौत हो गई और चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी से जेएन मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

पुलिस के अनुसार कार सवार सभी लोग शादी में शामिल होने के लिए अतरौली आये थे। अज्ञात वाहन की टक्कर से दुर्घटना हो गई। घटना थाना अतरौली के ओरेनी दलपतपुर इलाके की है।

सोमवार देर रात डिबाई के गांव नरेना से बरात ओरेनी दलपतपुर आई थी। इसमें शामिल होने के लिए कार द्वारा बाबू, भागेश्वर, अमरदीप, देवेश, पुष्पेंद्र व दो अज्ञात लोग जा रहे थे। ओरेनी दलपतपुर के निकट छर्रा मार्ग पर अज्ञात वाहन ने कार में टक्कर मार दी। इससे बाबू, भागेश्वर व एक अज्ञात की मौत हो गई। जबकि अन्य चार गंभीर रूप से घायल हो गये।

एसपी ग्रामीण पलाश बंसल ने बताया कि पुलिस को हादसे की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अतरौली लाये। इस दौरान तीन लोगों की मौत हो गई। बाकी मरीजों को जेएन मेडिकल कॉलेज इलाज के लिए रेफर किया गया।

# महिला सिपाही के साथ छेड़छाड़ और मारपीट

संवाददाता, आगरा

- पुलिस कमिश्नर से शिकायत के बाद हुई एफआईआर

अमृत विचारः पुलिस भर्ती परीक्षा में ड्यूटी कर वापस लौट रही गर्भवती महिला सिपाही को दुकानदार और उसके गुर्गों ने बुरी तरह पीट दिया। महिला के साथ छेड़छाड़ की और मंगलसूत्र लूट लिया। बचाव को आए सिपाही के पति से भी मारपीट की।

एत्मादपुर सर्किल के एक थाने में तैनात महिला सिपाही की पुलिस भर्ती परीक्षा में ड्यूटी थी। महिला और उसका पति दोनों ही पुलिसकर्मी हैं। महिला सिपाही ने बताया की पुलिस भर्ती परीक्षा में सुबह छह बजे से ड्यूटी थी। सिपाही पति उस दिन अवकाश पर थे। पीड़िता के गर्भवती होने के कारण वह कार से उन्हें लेकर ड्यूटी स्थल छोड़ने गए थे। शाम को वापसी के दौरान फतेहाबाद रोड पर एक पेठे की दुकान पर कुछ खाने का सामान खरीदने के लिए रुके थे। पति दुकान से सामान लेने चले गए। इस दौरान बगल की दुकान पर खड़े युवक ने गालियां देना शुरू कर दिया। महिला सिपाही ने कार से उतरकर अभद्रता का कारण पूछा तो दो दुकानों से कई युवक निकल आए और उसके साथ मारपीट करने लगे। आरोप है कि उसके सिर पर डंडा और पेट में लात मार दी। शोर सुनकर आए पति को भी बुरी तरह पीट दिया। पुलिस कमिश्नर जे रविंद्र गौड़ के आदेश पर ताजगंज थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## राहुल गांधी 25 को पहुंचेंगे अलीगढ़, करेंगे जनसभा

**अलीगढ़।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 25 फरवरी को अलीगढ़ पहुंचेगी। जिसको लेकर के मंगलवार को कांग्रेस पदाधिकारी की बैठक का आयोजन सम्राट लॉज में किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव तौकीर आलम और अन्य पदाधिकारी शामिल रहे। राष्ट्रीय सचिव तौकीर आलम ने कहा कि राहुल गांधी की यात्रा 25 फरवरी को अलीगढ़ जमालपुर पहुंचेगी। यहां शमशाद मार्केट पर वह पब्लिक को सम्बोधित करेंगे।

# महिला को बंधक बना पति दे रहा था यातना, पुलिस ने कराया मुक्त



अस्पताल में भर्ती महिला। • अमृत विचार

संवाददाता, फिरोजाबाद

अमृत विचारः उड़ीसा से शादी कर लाई गई महिला को युवक ने कमरे में बंधक बना कर कई दिनों तक यातनाएं दीं। किसी तरह इसकी भनक थाना शिकोहाबाद पुलिस को मिली। पुलिस ने मंगलवार को महिला को मुक्त कराया और मरणासन्न हालत में महिला का अस्पताल में मेडिकल कराया है।

मैनपुरी रोड गार्डेनिया इंटर कॉलेज के सामने रहने वाला विष्णु आठ साल पूर्व उड़ीसा राधा (25) को शादी कर लाया था। पिछले चार दिन से विष्णु उसे कमरे में बंद करके यातनाएं दे रहा था। जब इसकी जानकारी महिला की जेठानी को हुई, तो उसने पुलिस को सूचना दी। इसकी जानकारी मिलते ही पति और सास व ससुर महिला को कमरे में बंद कर भाग गये। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर महिला को कमरे से मुक्त कराया। महिला की जेठानी शिमला ने बताया कि उसका देवर शराब पीने का आदी है। रात में शराब पीकर आता है और फिर उसकी देवरानी पर अत्याचार करता है। राधा के एक पांच साल की बेटी अमृता, चार साल का बेटा भानु और तीन साल की बेटी रौनक है। इससे पहले विष्णु ग्वालियर में रहता था। तीन साल से यहां आया है। जब से शिकोहाबाद आया है, तभी से राधा के साथ अत्याचार कर रहा है। महिला के पूरे शरीर पर चोटों के निशान हैं। पीड़िता ने बताया कि एक माह से पति उसके साथ मारपीट कर रहा है, उसे खाने को भी नहीं देता है। इससे महिला मरणासन्न हालत में पहुंच गई है। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार का कहना है कि मामले की जानकारी मिली है। महिला को घर से निकाल कर उपचार कराया जा रहा है। तहरीर मिलने पर आरोपी पति के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

**सम्मन मुद्दालय**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज सी.डि. बरेली**

मूलवाद संख्या-849 सन 2023

**श्रीमती गुड्डी पाठक** बनाम **अंकित गंगवार**

बनाम - अंकित गंगवार बालिग पुत्र श्री हरपाल सिंह, निवासी गजेंद्र फौजी के मकान के बराबर वाली गली में, मठ लक्ष्मीपुर रोड, तहसील व जिला बरेली

चूंकि मुसम्मी श्रीमती गुड्डी पाठक ने आपके एक नालिश वास्ते ................ के दायर किया है लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप बतारीख 11.03.2024 असालतन या मार्फत किसी वकील के जो हालात मुकदमा में बखूबी वाकिफ हो मय कागजात मुतलका के हाजिर हो वरना आपकी गैर हाजिरी में मुकदमा हाजा फैसला होगा। आज बतारीख 20.02.2024 मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।

**आदेशानुसार**
**न्यायालय श्रीमान सिविल जज सी.डि. बरेली**

**प्रकाशनार्थ**

**बअदालत श्रीमान् अपर जिला जज द्वितीय, बरेली**

प्रकीर्ण वाद सं. 72 सन् 2023

1. शंकर जी महाराज विराजमान मंदिर शिवालय, ग्राम बसई, पर. तहसील मीरगंज, जनपद बरेली द्वारा सरवराकर ब्रहमदेव आयु व्यस्क पुत्र रामौतार, नि. ग्राम बसई, परगना शाही, तहसील मीरगंज, बरेली। 2. ब्रहमदेव पुत्र रामौतार नि. ग्राम बसई, परगना शाही, तहसील मीरगंज, बरेली

**बनाम**

1. श्रीमती राजवती आयु व्यस्क पुत्री सोहन लाल पत्नी महावीर, 2. वीरपाल आयु व्यस्क पुत्र सिपाही लाल, निवासीगण ग्राम बसई, पर. शाही, तहसील मीरगंज, जनपद बरेली, 3. श्यामा चरन आयु व्यस्क पुत्र हरीराम, 4. मोहन लाल आयु व्यस्क पुत्र हरीराम, 5. ओम प्रकाश आयु व्यस्क पुत्र हरी राम, 6. देव रतन आयु व्यस्क पुत्र हरीराम, समस्त निवासीगण ग्राम मुझयाना, तहसील मिलक, जनपद रामपुर, 7. आम जनता

दरखास्त मुसम्मी ब्रहमदेव पुत्र रामौतार नि. ग्राम बसई, परगना शाही, तहसील मीरगंज, जनपद बरेली वास्ते समायत दरख्वास्त हाजा के मुकरर की है। लिहाजा इश्तहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को दरखास्त हाजा के निसवत कोई उजर हो असालतन या वकालतन बतारीख 23.02.2024 पेश होकर दरखास्त हाजा की निसवत उजर पेश करे दरसूरत इनकाये तारीख मुकर्रर कोई उजर निसवत दरखास्त सुनाई नहीं जायेगा और मुनासिव हुकम निसवत दरखास्त हाजा साहिद होगा। आज तारीख 15.02.2024 मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।

**जज**



वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर में बिहारी जी के साथ होली खेलने के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

# ब्रज में उमड़ी भीड़, भक्तों ने बिहारीजी संग खेली होली

संवाददाता, मथुरा

**अमृत विचारः** माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को जया एकादशी के नाम से जाना जाता है। जया एकादशी को लेकर सुबह से ही ब्रज में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। परिक्रमा मार्ग ठाकुरजी के जयकारों से गुंजायमान रहा।

मथुरा में माघ माह की एकादशी पर मंगलवार को कान्हा के ब्रज में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। मंदिरों में धार्मिक आयोजन हुए। वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ रही। सुबह भक्तों ने बांके बिहारी के साथ होली खेली। भक्तों ने परिक्रमा भी लगाई। वृंदावन की गलियां राधे-राधे के जयकारों से गूंजती रहीं। मथुरा के द्वारकाधीश मंदिर में सुबह आराध्य के दर्शन के लिए भक्त पहुंचे। यहां ठाकुरजी का विशेष श्रृंगार किया गया। प्राचीन केशवदेव मंदिर में मंत्रोच्चारण के साथ ठाकुरजी के श्रीविग्रह का अभिषेक किया गया। गोवर्धन में परिक्रमा मार्ग पर भी श्रद्धालुओं के कदम नहीं रुके। परिक्रमा मार्ग दिनभर ठाकुरजी के जयकारों से गुंजायमान होता रहा। तीर्थनगरी के अन्य मंदिरों में भी भीड़ रही। दिल्ली-हरियाणा सहित विभिन्न राज्यों के श्रद्धालु बड़ी संख्या में दर्शन के लिए आए हैं। इससे प्रेम मंदिर तिराहा, विद्यापीठ चौराहा, सौ फुटा रोड एंट्री प्वाइंट और अटल्ला समेत कई मार्ग पर जाम के हालात रहे।

## ठेकेदार की मनमानी से लोगों ने किया निर्माण कार्य का विरोध

**फिरोजाबाद, अमृत विचार :** नगर निगम क्षेत्र वार्ड नं 18 के छारबाग वन विभाग के सामने गली में नाली व अन्य निर्माण कार्य संबंधित ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है। जिसको लेकर क्षेत्रीय नागरिकों ने विरोध जताते हुए कहा कि मानक के अनुरूप कार्य नहीं किया जा रहा है।

मेयर कामिनी राठौर ने पूजन करके दोबारा नहीं देखा कि कैसा कार्य किया जा रहा है। जो सीवर टैंक बने हैं, उनके ऊपर बिना चिनाई किए हुए ही ढक्कन रख दिए गये। नाली का कोई लेबल नहीं लिया जा रहा। ठेकेदार द्वारा सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। एक्सईएन निर्माण आशीष शुक्ला का कहना है कि जांच के लिए सहायक अभियंता को भेजा जा रहा है।

# मास्टरमाइंड सहित दो सॉल्वर गिरफ्तार

संवाददाता, फिरोजाबाद

अमृत विचारः थाना उत्तर पुलिस ने सॉल्वर गैंग के मास्टरमाइंड सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से दो मोबाइल, दो आधार कार्ड और एक सिलिकॉन झिल्ली बरामद की है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया।

एसपी सिटी सर्वेश कुमार मिश्रा ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा में सॉल्वर गैंगों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना उत्तर पर पंजीकृत मुकदमे में वांछित मास्टरमाइंड सहित दो को नगला भाऊ तिराहा से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये सॉल्वर गैंग



सॉल्वर गैंग के सदस्यों के साथ गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम।

के सदस्यों ने पूछताछ में अपने नाम स्वदेश यादव पुत्र जगत सिंह निवासी नगला उदई सलेमपुर थाना जसराना और देवकुमार पुत्र दाऊदयाल निवासी नगला बरी थाना रसूलपुर बताया है। पकड़े गये आरोपी प्रतियोगी परीक्षाओं में बाहर से सॉल्वर लाकर दूसरे परीक्षार्थी के बदले परीक्षा दिलवाते हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष वैभव कुमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक महावीर सिंह के अलावा फोर्स मौजूद रहा।

**कार्यालय प्राथमिक विद्यालय रम्पुरा विसी, विकास क्षेत्र भदपुरा, जनपद बरेली**

**नीलामी सूचना**

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बरेली के पत्र सं. S.S.A/निर्माण/461823/ 2023-24 दिनांक 15 दिसम्बर 2023 के अनुसार विद्यालय के प्रांगण में स्थित जर्जर कक्ष की नीलामी 23 फरवरी 2024 को प्रातः 10:00 बजे विद्यालय के प्रांगण में की जायेगी। बोली से पूर्व बोलीदाता को अपना आधार कार्ड तथा 10,000/- रुपये की धनराशि धरोहर के रूप में जमा करनी होगी। बोलीदाता का पंजीकरण नीलामी दिवस को प्रातः 9:30 से 10:00 बजे तक होगा। नीलामी की शेष शर्तें विद्यालय पहुँचकर प्राप्त की जा सकती हैं।

**अजयपाल (अध्यक्ष)** **नेहा गर्ग (सचिव)**
**विद्यालय प्रबंध समिति, प्रा.वि. रम्पुरा विसी, वि.खं. भदपुरा, बरेली**

**कार्यालय ग्राम पंचायत- बरखेरियाजाट विकास खण्ड पसगवां-खीरी**

पत्रांक- मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2023- 24 दिनांक- 20.02.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बरखेरियाजाट में वर्ष 2023-24 मनरेगा योजना के अंतर्गत कार्य कराए जाने हेतु पंजीकृत स्थानीय एवं प्रतिष्ठित फर्मों के स्थाई फर्म जिनका आयकर/वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो, से मोहर बंद निविदा दिनांक 21.02.2024 से 29.02.2024 की अपरान्ह 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त हुई निविदा पंचायत कार्यालय बरखेरियाजाट में दिनांक 29-02-2024 को अपरान्ह 04 बजे खोली जायेंगी। निविदा स्वीकृति/अस्वीकृति का समस्त अधिकार ग्राम पंचायत का होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 01. | बबलू के मकान से प्रतिपाल के मकान तक इंटरलाकिंग कार्य | 3,34,642.00/- |

**पूनम (ग्राम प्रधान)** **विवेक कुमार (सचिव)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत रेवती, विकास खंड रामनगर, जिला बरेली**

**अल्पकालीन निविदा सामग्री आपूर्ति सूचना**

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-02 योजनान्तर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)/15वां वित्त/मनरेगा धनराशि के सापेक्ष सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा, सिल्ट केचर, फिल्टर चैम्बर, स्टॉम वाटर का निष्पादन/प्रबंधन, दीवार चित्रण, साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा क्रय, इन्सीनरेटर मरम्मत/क्रय, आर. आर.सी., कूड़ा कलेक्शन, शौचालय मरम्मत कार्य, नाली निर्माण/मरम्मत (संस्थागत/घर) आदि हेतु आवश्यक निर्माण सामग्री आदि कार्य कराये जाने हेतु प्रस्तावित है।

| क्र. सं. | कार्य का प्रकार | कार्य की मात्रा/नग | वित्त पोषक योजना | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सामुदायिक संस्थागत लीचपिट | 01 | SBM(G) | 17,000/- | 2% | 200 | 3 माह |
| 2. | सामुदायिक कम्पोस्ट पिट | 08 | SBM(G) | 1,76,000/- | 2% | 200 | 3 माह |
| 3. | सामुदायिक वर्मी कम्पोस्ट | 01 | FFC | 57,600/- | 2% | 200 | 3 माह |
| 4. | सामुदायिक कचरा पात्र | 03 | FFC | 30,000/- | 2% | 200 | 3 माह |
| 5. | सामुदायिक प्लास्टिक बैंक | 03 | SBM(G) | 30,000/- | 2% | 200 | 3 माह |
| 6. | फिल्टर चैम्बर | 02 | SBM(G) | 80,000/- | 2% | 200 | 3 माह |
| 7. | कचरा वाहन ई-रिक्शा | 01 | FFC | 1,25,000/- | 2% | 200 | 3 माह |
| 8. | एकीकृत ठोस अपशिष्ठ प्रबन्धन केन्द्र | 01 | FFC | 6,98,938/- | 2% | 200 | 3 माह |
| 9. | मलीय कचरा प्रबन्धन हेतु ट्रेंचिंग | 01 | FFC | 15,000/- | 2% | 200 | 3 माह |
| 10. | सामुदायिक एवं इन्सिनरेटर | 01 | SBM(G) | 11,802/- | 2% | 200 | 3 माह |

उपरोक्त कार्य ग्राम पंचायत में कराये जाने हेतु अनुभवी संस्था या फर्म के चयन हेतु दिनांक 21.02.2024 को 10 बजे से दिनांक 26.02.2024 दोपहर 2 बजे तक अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन दोपहर 3 बजे खोली जायेगी। निविदा की नियम व शर्त विवरण निविदा पत्र में अंकित है, जिसे ग्राम पंचायत के कार्यालय (पं.सचिवालय) में प्राप्त की जा सकती है। निविदादाताओं की जीएसटी फर्म का रजिस्ट्रेशन प्रमाणित पेन कार्ड की छाया प्रति एवं संबंधित कार्यों का संलग्न होना है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पं. को होगा। सामग्री क्रय घट या बढ़ सकती है। 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि ग्राम पंचायत के नाम से डिमांड ड्राफ्ट या चेक से जमा किया जायेगा। अल्पकालीन निविदा के आवेदन को पंजीकृत डाक या व्यक्तिगत रूप से ग्राम पं. सचिवालय में उपलब्ध कराया जा सकता है।

**ग्राम प्रधान-फरीम** **सचिव-दीपक कुमार**

**कार्यालय ग्राम पंचायत सिंघाई, वि.खं. भुता, फरीदपुर (बरेली)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सिंघाई कलां में वर्ष 2023-2024 मनरेगा कार्य योजना के अन्तर्गत सी.सी. रोड कार्य कराया जायेगा, जिसमें सभी पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है, जिससे अल्वल ईंट, रोड़ी, सीमेन्ट, बजरी, बजरफुट, ली जायेगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1. | मेन रोड से सुल्तान खां व दिलदार के मकान से होते हुये नन्ही के मकान तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य | 3,99,961/- |

उक्त कार्य की सीलबंद निविदायें पंचायत घर भवन पर ली जायेगी। जो दिनांक 21.02.2024 को प्रकाशन के सात दिन बाद दिनांक 27.02.2024 को समय 12 बजे तक ली जायेगी, जो उसी दिन सायं 5 बजे खोली जायेंगी। जिस फर्म का रेट सबसे कम दर का होगा, टेन्डर उसी फर्म को दिया जायेगा।

**प्रधान-सबीना** **सचिव-मुकेश चौधरी**

**कार्यालय ग्राम पंचायत औंध, वि.खं. फतेहगंज पश्चिमी (बरेली)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत को आबंटित/उपलब्ध धनराशि से कराये जाने हेतु निम्नांकित विवरण अनुसार कार्यों के लिए शासकीय विभाग में पंजीकृत सामग्री आपूर्तिदाताओं/फर्मों से निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। कार्यों का विवरण निम्न अनुसार है :-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत | योजना |
|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत औंध में गौशाला निर्माण कार्य | 14,94,000/- | मनरेगा |

इच्छुक पंजीकृत सप्लायर/फर्म निविदा प्रपत्र दिनांक 21.02.2024 से कार्यालय ग्राम पंचायत से प्राप्त कर सकते हैं। पंजीकृत सप्लायर/फर्म द्वारा मोहरबन्द लिफाफे में प्राप्त निविदायें अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में दिनांक 23.02.2024 को अपरान्ह 2:00 बजे खोली जायेगी।

**प्रधान** **सचिव**

**कार्यालय ग्राम पंचायत गोरा लोकनाथपुर, वि.खं. मीरगंज (बरेली)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत को आबंटित/उपलब्ध धनराशि से कराये जाने हेतु निम्नांकित विवरण अनुसार कार्यों के लिए शासकीय विभाग में पंजीकृत सामग्री आपूर्तिदाताओं/फर्मों से निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। कार्यों का विवरण निम्न अनुसार है :-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | सामग्री | अनु. लागत | योजना |
|---|---|---|---|---|
| 1. | हरद्वारी लाल के घर से प्रेमपाल के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | प्रथम श्रेणी ईंट, रोड़ी, रेत,बजरी, बजरफुट, सीमेंट, सरिया आदि | 2,98,600/- | मनरेगा |

इच्छुक पंजीकृत सप्लायर/फर्म निविदा प्रपत्र दिनांक 21.02.2024 से कार्यालय ग्राम पंचायत से प्राप्त कर सकते हैं। पंजीकृत सप्लायर/फर्म द्वारा मोहरबन्द लिफाफे में प्राप्त निविदायें अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में दिनांक 24.02.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे खोली जायेगी।

**प्रधान** **सचिव**

**कार्यालय ग्राम पंचायत बहरोली, वि.खं. मीरगंज (बरेली)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत को आबंटित/उपलब्ध धनराशि से कराये जाने हेतु निम्नांकित विवरण अनुसार कार्यों के लिए शासकीय विभाग में पंजीकृत सामग्री आपूर्तिदाताओं/फर्मों से निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। कार्यों का विवरण निम्न अनुसार है :-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | सामग्री | अनु. लागत | योजना |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मेन रोड से जसवन्त के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | प्रथम श्रेणी ईंट, रोड़ी, रेत,बजरी, बजरफुट, सीमेंट, सरिया आदि | 3,98,600/- | मनरेगा |

इच्छुक पंजीकृत सप्लायर/फर्म निविदा प्रपत्र दिनांक 21.02.2024 से कार्यालय ग्राम पंचायत से प्राप्त कर सकते हैं। पंजीकृत सप्लायर/फर्म द्वारा मोहरबन्द लिफाफे में प्राप्त निविदायें अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में दिनांक 24.02.2024 को अपरान्ह 2:00 बजे खोली जायेगी।

**प्रधान** **सचिव**

**कार्यालय मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, बरेली**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

पत्रांक : 681/मु.अभि./नि.वि./2023-24 दिनांक : 20.02.2024

ई-निविदा सूचना शासनादेश सं.-3890/नौ-5-149सा/2019 नगर विकास अनुभाग-05 उ.प्र. शासन लखनऊ दिनांक 20 सितम्बर, 2019 के अनुपालन में ठेकेदारों से निर्माण कार्यों हेतु निविदायें टू बिड पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय) के माध्यम से निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई-प्रक्योरमेन्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in व नगर निगम की वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर देखी जा सकती है।

| 15वाँ वित्त आयोग के अन्तर्गत ई-निविदा आमंत्रित हेतु (क्रमांक सं.-01) | |
|---|---|
| ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 24-02-2024 - (03:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 24-02-2024 - (04:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 04-03-2024 - (03:00 PM) |
| ई-निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 04-03-2024 - (04:00 PM) |
| फाईनेंशियल ई-निविदा खोली जाने हेतु | After Technical Evulation |

कार्यों का विवरण, नियम व शर्तें नगर निगम बरेली के वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

**मुख्य अभियन्ता**
**नगर निगम, बरेली।**

**कार्यालय ग्राम पंचायत सतुइया खास, वि.खं. फतेहगंज पश्चिमी (बरेली)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत ग्राम निधि एवं मनरेगा कन्वर्जेन्स योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत को आबंटित/उपलब्ध धनराशि से कराये जाने हेतु निम्नांकित विवरण अनुसार कार्यों के लिए शासकीय विभाग में पंजीकृत सामग्री आपूर्तिदाताओं/फर्मों से निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। कार्यों का विवरण निम्न अनुसार है :-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत | योजना |
|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम सतुईया खास में समुदाय के लिए पशु शेड निर्माण कार्य | 14.94 लाख | ग्राम निधि एवं मनरेगा |

इच्छुक पंजीकृत सप्लायर/फर्म निविदा प्रपत्र दिनांक 21.02.2024 से कार्यालय ग्राम पंचायत से प्राप्त कर सकते हैं। पंजीकृत सप्लायर/फर्म द्वारा मोहरबन्द लिफाफे में प्राप्त निविदायें अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में दिनांक 23.02.2024 को अपरान्ह 2:00 बजे खोली जायेगी।

**प्रधान-राजकुमार** **सचिव-अतुल सक्सेना**

**कार्यालय ग्राम पंचायत पालपुर कमालपुर वि.खं. क्यारा, बरेली**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत कार्ययोजना के अनुसार अन्तर्गत ग्राम पंचायत पालपुर में मनरेगा व ग्राम निधि की धनराशि से कराये जाने हेतु निम्न विवरणानुसार कार्यो के लिए शासकीय विभाग में पंजीकृत उच्चकोटि की सामग्री आपूर्तिदाताओं / फर्मो से ईट, रोड़ी, सीमेन्ट, बजरी, बजरफुट, रेता, सरिया, आयरन, एंगिल, टाइल्स, इण्टरलॉकिंग टाइल्स, सीमेंट के पोल, तार, सीमेंट / लोहे की चादरें, एल्को पैनल, सेनेटरी, कार्य हेतु टोंटी, टंकी, पाइप, पेन्ट, पुट्टी, व्हाइट सीमेन्ट, रोलिंग शटर, विद्युत फिटिंग हेतु तार, पंखा, होल्डर इत्यादि सहित अन्य निर्माण सामग्री हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है:-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | योजना |
|---|---|---|---|
| 01. | ग्राम पंचायत पालपुर कमालपुर में समुदाय के लिए खाद्यान्न भण्डारण भवन निर्माण कार्य। | 952408 | मनरेगा तथा ग्रामनिधि |

इच्छुक पंजीकृत सप्लायर / फर्म निविदा प्रपत्र किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। पंजीकृत सप्लायर / फर्म मुहरबन्द लिफाफें में निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 26.02.2024 को 02:00 बजे तक जमा कर सकते हैं। प्राप्त निविदाएं उसी दिन अपराहन 3.00 बजे खोली जायेगी। प्राप्त निविदाओं की समीक्षा उपरान्त सर्वथा कम दरों के अन्तर्गत आने वाली निविदा को स्वीकृति प्रदान की जायेगी।

**ग्राम प्रधान** **सचिव**

पातितोऽपि कराघातै–रुत्पतत्येव कन्दुकः।
प्रायेण साधुवृत्तानाम–स्थायिन्यो विपत्तयः॥

हाथ से पटकी हुई गेंद भी भूमि पर गिरने के बाद ऊपर की ओर उठती है, सज्जनों का बुरा समय अधिकतर थोड़े समय के लिए ही होता है।

## संपादकीय

# विकास की राह पर घाटी

जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए मंगलवार का दिन खास रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू कश्मीर में 32,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत की। ये परियोजनाएं क्षेत्र के समग्र विकास को बढ़ावा देंगी। प्रधानमंत्री ने देश के अन्य हिस्सों के लिए करीब 13,500 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। प्रधानमंत्री ने जिन रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन किया उनमें बनिहाल-खारी-सुम्बर-संगलदान (48 किमी) और नव विद्युतीकृत बारामूला-श्रीनगर-बनिहाल-संगलदान खंड (185.66 किमी) के बीच रेलवे लाइन शामिल है। उन्होंने घाटी में पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन और संगलदान व बारामूला स्टेशनों के बीच ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाई। बनिहाल-संगलदान खंड कश्मीर घाटी को उत्तर भारत के रेलवे नेटवर्क के और करीब लाएगा। 12.77 किलोमीटर की देश की सबसे लंबी परिवहन सुरंग भी खारी-सुम्बर खंड के बीच में स्थित है। सभी की निगाहें प्रधानमंत्री की जम्मू की सार्वजनिक रैली पर थीं। रैली में प्रधानमंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाला अनुच्छेद 370 पूर्ववर्ती राज्य के विकास की राह में सबसे बड़ी बाधा था। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत में रिकॉर्ड संख्या में स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय स्थापित किए गए जिसमें अकेले जम्मू और कश्मीर में 50 नए डिग्री कॉलेज स्थापित किए गए।

बड़ी बात है कि पहली बार सरकार जम्मू-कश्मीर में लोगों के दरवाजे पर पहुंची है। प्रधानमंत्री की जम्मू-कश्मीर की यह दूसरी यात्रा थी। गौरतलब है कि कश्मीर घाटी को शेष भारत से जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग सर्दियों में हिमपात और बरसात में भूस्खलन के कारण अक्सर बाधित हो जाता है तथा कभी-कभी कई दिनों तक रास्ता बंद हो जाता है। रेलवे लाइन का अधिकांश भाग सुरंगों में होने के कारण यह हर मौसम में निर्बाध यातायात सुनिश्चित करेगी। ट्रेनों की कनेक्टिविटी से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा,बल्कि लोग बिना किसी कठिनाई और रुकावट के देश के अन्य हिस्सों की यात्रा कर सकेंगे। घाटी के लोगों को देश के बाकी हिस्सों के लिए परिवहन का सस्ता और तेज रफ्तार विकल्प मिलने से उनकी तरक्की के रास्ते आसान होंगे। साथ ही पूरे क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति और सुरक्षा बलों की रसद एवं सामरिक साजोसामान की आपूर्ति भी त्वरित गति से निर्बाध हो सकेगी और सीमाओं की सुरक्षा मजबूत होगी। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले हुई प्रधानमंत्री की इस यात्रा को अहम माना जा सकता है। यात्रा से लोकसभा चुनाव से पहले जम्मू-कश्मीर में भाजपा को बल मिलने की संभावना है।

# विद्यासागर जी के संदेश देश को प्रेरित और आलोकित करते रहेंगे



नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज सम्यक ज्ञान, सम्यक दर्शन और सम्यक चरित्र की त्रिवेणी थे। उनके व्यक्तित्व की सबसे विशेष बात ये थी कि उनका सम्यक दर्शन जितना आत्मबोध के लिए था,उतना ही सशक्त उनका लोक बोध भी था। उनका सम्यक ज्ञान जितना धर्म को लेकर था, उतना ही उनका चिंतन लोक विज्ञान के लिए भी रहता था।

जीवन में हम बहुत कम ऐसे लोगों से मिलते हैं जिनके निकट जाते ही मन-मस्तिष्क एक सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है। ऐसे व्यक्तियों का स्नेह, उनका आशीर्वाद, हमारी बहुत बड़ी पूंजी होता है। संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज मेरे लिए ऐसे ही थे। उनके समीप अलौकिक आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता था। आचार्य विद्यासागर जी जैसे संतों को देखकर ये अनुभव होता था कैसे भारत में आध्यात्म किसी अमर और अजस्र जलधारा के समान अविरल प्रवाहित होकर समाज का मंगल करता रहता है। आज मुझे, उनसे हुई मुलाकातें, उनसे हुआ संवाद, सब बार-बार याद आ रहा है।

पिछले साल नवंबर में छत्तीसगढ़ में डोंगरगढ़ के चंद्रगिरी जैन मंदिर में उनके दर्शन करने जाना मेरे लिए परम सौभाग्य की बात थी। तब मुझे जरा भी इस बात का अंदाजा नहीं था कि आचार्य जी से मेरी यह आखिरी मुलाकात होगी। वह पल मेरे लिए अविस्मरणीय बन गया है। इस दौरान उन्होंने काफी देर तक मुझसे बातें कीं। उन्होंने पितातुल्य भाव से मेरा ख्याल रखा और देश सेवा में किए जा रहे प्रयासों के लिए मुझे आशीर्वाद भी दिया। देश के विकास और विश्व मंच पर भारत को मिल रहे सम्मान पर उन्होंने प्रसन्नता भी व्यक्त की थी। अपने कार्यों की चर्चा करते हुए वह काफी उत्साहित थे। इस दौरान उनकी सौम्य दृष्टि और दिव्य मुस्कान प्रेरित करने वाली थी। उनका आशीर्वाद आनंद से भर देने वाला था,जो हमारे अंतर्मन के साथ-साथ पूरे वातावरण में उनकी दिव्य उपस्थिति का अहसास करा रहा था। उनका जाना उस अद्भुत मार्गदर्शक को खोने के समान है, जिन्होंने मेरा और अनगिनत लोगों का मार्ग निरंतर प्रशस्त किया है।

भारतवर्ष की ये विशेषता रही है कि यहां की पावन धरती ने निरंतर ऐसी महान विभूतियों को जन्म दिया है,जिन्होंने लोगों को दिशा दिखाने के साथ-साथ समाज को भी बेहतर बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। संतों और समाज सुधार की इसी महान परंपरा में संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज जी का प्रमुख स्थान है। उन्होंने वर्तमान के साथ ही भविष्य के लिए भी एक नई राह दिखाई है। उनका संपूर्ण जीवन आध्यात्मिक



प्रेरणा से भरा रहा। उनके जीवन का हर अध्याय, अद्भुत ज्ञान, असीम करुणा और मानवता के उत्थान के लिए अटूट प्रतिबद्धता से सुशोभित है।

संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज जी सम्यक ज्ञान, सम्यक दर्शन और सम्यक चरित्र की त्रिवेणी थे। उनके व्यक्तित्व की सबसे विशेष बात ये थी कि उनका सम्यक दर्शन जितना आत्मबोध के लिए था,उतना ही सशक्त उनका लोक बोध भी था। उनका सम्यक ज्ञान जितना धर्म को लेकर था, उतना ही उनका चिंतन लोक विज्ञान के लिए भी रहता था।

करुणा, सेवा और तपस्या से परिपूर्ण आचार्य जी का जीवन भगवान महावीर के आदर्शों का प्रतीक रहा, उनका जीवन, जैन धर्म की मूल भावना का सबसे बड़ा उदाहरण रहा। उन्होंने जीवनभर अपने काम और अपनी दीक्षा से इन सिद्धांतों का संरक्षण किया। हर व्यक्ति के लिए उनका प्रेम,ये बताता है कि जैन धर्म में 'जीवन' का महत्व क्या है। उन्होंने सत्यनिष्ठा के साथ अपनी पूरी आयु तक ये सीख दी कि विचारों, शब्दों और कर्मों की पवित्रता कितनी बड़ी होती है। उन्होंने हमेशा जीवन के सरल होने पर जोर दिया। आचार्य जी जैसे व्यक्तित्वों के कारण ही आज पूरी दुनिया को जैन धर्म और भगवान महावीर के जीवन से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है। वो जैन समुदाय के साथ ही अन्य विभिन्न समुदायों के भी बड़े प्रेरणास्रोत रहे। विभिन्न पंथों, परंपराओं और क्षेत्रों के लोगों को उनका सानिध्य मिला,विशेष रूप से युवाओं में आध्यात्मिक जागृति के लिए उन्होंने अथक प्रयास किया। शिक्षा का क्षेत्र उनके हृदय के बहुत करीब रहा है। बचपन में सामान्य विद्याधर से लेकर आचार्य विद्यासागर जी बनने तक की उनकी यात्रा ज्ञान प्राप्ति और उस ज्ञान से पूरे समाज को प्रकाशित करने की उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दिखाती है। उनका दृढ़ विश्वास था कि शिक्षा ही एक न्यायपूर्ण और प्रबुद्ध समाज का आधार है। उन्होंने लोगों को सशक्त बनाने और जीवन के लक्ष्यों को पाने के लिए ज्ञान को सर्वोपरि बताया। सच्चे ज्ञान के मार्ग के रूप में स्वाध्याय और आत्म-जागरूकता के महत्व पर उनका विशेष जोर था। इसके साथ ही उन्होंने अपने अनुयायियों से निरंतर सीखने और आध्यात्मिक विकास के लिए निरंतर प्रयास करने का भी आग्रह किया था।

संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज की इच्छा थी कि हमारे युवाओं को ऐसी शिक्षा मिले,जो हमारे सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित हो। वह अक्सर कहा करते थे कि चूंकि हम अपने अतीत के ज्ञान से दूर हो गए हैं। इसलिए वर्तमान में हम अनेक बड़ी चुनौतियों से जूझ रहे हैं। अतीत के ज्ञान में वो आज की अनेक चुनौतियों का समाधान देखते थे। जैसे जल संकट को लेकर वो भारत के प्राचीन ज्ञान से अनेक समाधान सुझाते थे। उनका यह भी विश्वास था कि शिक्षा वही है,जो स्किल डेवलपमेंट और इनोवेशन पर अपना ध्यान केंद्रित करे। आचार्य जी ने कैदियों की भलाई के लिए भी विभिन्न जेलों में काफी कार्य किया था।

संत शिरोमणि आचार्य जी को भारत देश की भाषायी विविधता पर बहुत गर्व था। इसलिए वह हमेशा युवाओं को स्थानीय भाषाएं सीखने के लिए प्रोत्साहित करते थे। उन्होंने स्वयं भी संस्कृत, प्राकृत और हिंदी में कई सारी रचनाएं की हैं। एक संत के रूप में वे शिखर तक पहुंचने के बाद भी जिस प्रकार जमीन से जुड़े रहे,ये उनकी महान रचना 'मूक माटी' में स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ती है। इतना ही नहीं, वे अपने कार्यों से वंचितों की आवाज भी बने।

महाराज जी के योगदान से स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में भी बड़े परिवर्तन हुए हैं। उन्होंने उन क्षेत्रों में विशेष प्रयास किया,जहां उन्हें ज्यादा कमी दिखाई पड़ी। स्वास्थ्य को लेकर उनका दृष्टिकोण बहुत व्यापक था। उन्होंने शारीरिक स्वास्थ्य को आध्यात्मिक चेतना के साथ जोड़ने पर बल दिया ताकि लोग शारीरिक और मानसिक रूप, दोनों से स्वस्थ रह सकें। मैं विशेष रूप से आने वाली पीढ़ियों से यह आग्रह करूंगा कि वे राष्ट्र निर्माण के प्रति संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की प्रतिबद्धता के बारे में व्यापक अध्ययन करें। वे हमेशा लोगों से किसी भी पक्षपातपूर्ण विचार से ऊपर उठकर राष्ट्र हित पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया करते थे। वे मतदान के प्रबल समर्थकों में से एक थे और मानते थे कि यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी की सबसे सशक्त अभिव्यक्ति है। उन्होंने हमेशा स्वस्थ और स्वच्छ राजनीति की पैरवी की। उनका कहना था- 'लोकनीति लोभसंग्रह नहीं, बल्कि लोकसंग्रह है।' इसलिए नीतियों का निर्माण निजी स्वार्थ के लिए नहीं,बल्कि लोगों के कल्याण के लिए होना चाहिए। आचार्य जी का गहरा विश्वास था कि एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण उसके नागरिकों के कर्तव्य भाव के साथ ही अपने परिवार, अपने समाज और देश के प्रति गहरी प्रतिबद्धता की नींव पर होता है। उन्होंने लोगों को सदैव ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और आत्मनिर्भरता जैसे गुणों को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

आज जब हम विकसित भारत के निर्माण की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं,ऐसे में कर्तव्यों की भावना और ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाती है। ऐसे कालखंड में जब दुनियाभर में पर्यावरण पर कई तरह के संकट मंडरा रहे हैं, तब संत शिरोमणि आचार्य जी का मार्गदर्शन हमारे बहुत काम आने वाला है। उन्होंने एक ऐसी जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया, जो प्रकृति को होने वाले नुकसान को कम करने में सहायक हो। यही तो 'मिशन लाइफ' है जिसका आह्वान आज भारत ने वैश्विक मंच पर किया है। इसी तरह उन्होंने हमारी अर्थव्यवस्था में कृषि को सर्वोच्च महत्व दिया। उन्होंने कृषि में आधुनिक टेक्नोलॉजी अपनाने पर भी बल दिया। मुझे विश्वास है कि वो नमो ड्रोन दीदी अभियान की सफलता से बहुत खुश होते। संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज जी,देशवासियों के हृदय और मन-मस्तिष्क में सदैव जीवंत रहेंगे। आचार्य जी के संदेश उन्हें सदैव प्रेरित और आलोकित करते रहेंगे। उनकी अविस्मरणीय स्मृति का सम्मान करते हुए हम उनके मूल्यों को मूर्त रूप देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह न सिर्फ उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि होगी, बल्कि उनके बताए रास्ते पर चलकर राष्ट्र निर्माण और राष्ट्र कल्याण का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

## प्रसंगवश

# वरिष्ठ होने के अपने लाभ


मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

हिंदी में लिखने वाले वरिष्ठ होने के लिए उसी तरह प्रतीक्षारत बने रहते हैं जैसे कोई जूनियर अफसर प्रमोशन का रास्ता ताकता है। लिखने वाले का वरिष्ठ होना उस कष्ट के बिल्कुल विपरीत होता है जैसा एकांत लिफ्ट में मिली किसी युवा कन्या के अंकल कह कर पुकारने पर महसूस होता है। लिफ्ट में बूढ़ा होने से इंकार करने वाला हिंदी लेखक लिखने में वरिष्ठ कहलाने से खुश होता है,यही उसके जीवनभर का पारिश्रमिक है।

अपने वरिष्ठ होने का पता तब चलता है जब आपको किसी हिंदी गोष्ठी,सम्मेलन में अतिथि,मुख्य अतिथि होने योग्य मान लिए जाए। कोई लेखिका आपसे अपनी नई किताब का विमोचन करवाने के लिए तैयार हो। भले आप खुद कभी कायदे का कुछ नहीं लिख पाए हो,इसके बावजूद आपका किसी और की लिखी किताब का विमोचन करने योग्य होना या योग्य मान लिया जाना आपकी वरिष्ठता की तस्दीक है। वरिष्ठ होने के अपने लाभ हैं। ये मंचासीन होने का अवसर है। आप इस अवसर पर खेत से लेकर खलिहान तक की बातें कर सकते हैं और सबसे बड़ी बात,ऐसे मौके पर बोलने वाले तमाम वक्ताओं के लिए यह जरूरी हो जाता है कि वो मन मार कर ही सही पर आपकी तारीफ करें। हिंदी का लेखक संतोषी जीव होता है। वह तारीफ से ज्यादा किसी चीज की अपेक्षा नहीं करता। इससे अधिक की अपेक्षा इसलिए भी नहीं करता है,क्योंकि वो जानता है कि उनका पूरा होना नहीं है। हिंदी लेखकों की एक आचार संहिता है। वे एक दूसरे के बारे में जो भी राय रखे। सामने वाले को कितना भी हल्का और मामूली गिने पर आमने-सामने मिलने पर वे एक दूसरे की तारीफें ही करते हैं। इन तारीफों को एक दूसरे की पीठ खुजाने जैसा मामला ही समझिए। अचानक सभी विख्यात और प्रतिष्ठित हो जाते हैं। एक दूसरे को यशस्वी और प्रतिभाशाली बताते हुए गले सूखते है सबके। यह जानते हुए भी कि सामने वाला उसकी दी हुई किताब कभी नहीं पढ़ेगा।

ऐसे अवसर पर किताबों का आदान-प्रदान किया जाता है। संग-साथ फोटो खिंचवा ली जाती है ताकि उनका सदुपयोग फेसबुक पर चिपकाकर किया जा सके। वरिष्ठ होने का एक और लाभ है। चाय नाश्ते वाला सबसे पहले आपको परोसता है। दूसरों के पहले नाश्ते का पात्र होना भी एक महत्वपूर्ण सुख है। विमोचन कार्यक्रम के आयोजक यदि समझदार हो तो ऐसे कार्यक्रम शाम को होते हैं और इस तरह ये गला तर करने का भी सुअवसर हो सकता है।

वरिष्ठता का निर्धारण होता कैसे है? वरिष्ठ होने के किसी नवोदित लेखिका की पुस्तक के विमोचन योग्य मान लिए जाने के दो ही तरीके है। पहला आप क्वॉलिटी की परवाह किए बिना लगातार लिख रहे हो। आपकी लिखे की मार की चपेट में आकर दुनिया बेहाल हो चुकी हो। किसी को सूझ न रहा हो कि आपसे छुटकारा कैसे पाया जाए? ऐसे में आपको वरिष्ठ घोषित करने के अलावा और कोई रास्ता दुनिया के सामने नहीं बचता। आप इस कारण भी वरिष्ठ घोषित कर दिए जाते हैं कि शायद वरिष्ठ होकर ही आप कुछ संयम बरतें और दुनिया में शांति स्थापित हो। दूसरा तरीका ज्यादा आसान है। संयोग और किस्मत भी बहुत बार आपको वरिष्ठ घोषित करवा देते हैं। यदि आयोजक मित्र हो आपके या आप फूल मालाओं और नाश्ते का खर्च उठाने के लिए तत्पर हो,तब भी आपको अनायास वरिष्ठता का तमगा हासिल हो जाता है। किसी और की लिखी किताब पर चढ़ा रंगीन कवर का लाल फीता खोलने के लिए हिंदी का वरिष्ठ लेखक सदैव उतना ही प्रफुल्लित बना रहता है जैसे प्राइमरी स्कूल का बच्चा अपने बर्थ डे पर मिलने वाले गिफ्ट पैकेट्स का रैपर उतारते वक्त होता है। विमोचन होता है सरकारी कार्यक्रमों जैसा। वैसा ही औपचारिक। सबको पता होता है कि अब क्या होगा,बोलने वाला क्या बोलेगा। सब आपस में बतियाते हैं, चहकते हैं,उबासियां लेते हैं, झपकते हैं और इस बात का पूरा ध्यान रखते हैं कि मंच से बोल रहे बंदे को पूरी तरह अनसुना कर दिया जाए।

विमोचन करने के बाद हर भले गृहस्थ की तरह सीधे घर लौटता है हिंदी लेखक। पत्नी देखती है शाल और श्रीफल को। अपने पति के बारे में अब तक बनाई अपनी राय को तात्कालिक रूप से थोड़ा बहुत नरम करती है। इसके बाद शाल को लड़के की शादी मौके पर ननदोई को देने के लिए सुरक्षित रख लेती है और नारियल की चटनी बना लेती है। विमोचन कार्यक्रम की अगली सुबह नारियल की चटनी के साथ डोसे मिल जाना हिंदी लेखक का बतौर वरिष्ठ होने के नाते सर्वोच्च सम्मान है। यही उपलब्धि है उसके जीवन की और इसी कारण वो वरिष्ठ होना चाहता है।

# राष्ट्र निर्माण में मातृभाषा का महत्व


डॉ. साकेत सहाय
भाषा एवं संचार विशेषज्ञ

भारत में अक्सर यह भ्रम फैलाया जाता है कि किसी भी तकनीकी क्षेत्र में सफलता के लिए अंग्रेजी ज्ञान आवश्यक है,परंतु यह विचार देश की तकनीकी प्रगति के लिए घातक है।

**अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस**

ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था के विकास हेतु यह जरूरी है कि भारतीय समाज में विद्यमान नैसर्गिक बौद्धिकता को मजबूती दी जाए। भारत के ग्रामीण बच्चों में न केवल प्रतिभा है,बल्कि ग्रामीण बच्चे भारतीय शहरी बच्चों की तुलना में अधिक मेधावी हैं। परंतु इन बच्चों की प्रगति के मार्ग में गणित की अपेक्षा अंग्रेजी बड़ी बाधा है। इन बच्चों के लिए अंग्रेजी से तालमेल बिठाना बेहद कठिन होता है। इन बच्चों के लिए अंग्रेजी विवशता एवं बाध्यता है। हालांकि वर्तमान सरकार द्वारा इस दिशा में बदलाव हेतु प्रयास किए जा रहे है। देशी भाषाओं में चिकित्सा शिक्षा पाठ्यक्रम की शुरुआत इस दिशा में बड़ा कदम है।

दुनियाभर के सफल एवं समृद्ध देशों में बच्चों को विज्ञान, तकनीक, चिकित्सा विज्ञान, व्यावसायिक शिक्षा उनके देश की प्रमुख भाषाओं में ही दी जाती है। ये सभी देश भारत की तुलना में अधिक सफल हैं,क्योंकि वहां समूची जनसंख्या की प्रतिभा को स्थानीय भाषाओं में निखारा गया है। बावजूद इसके ये इस प्रतिस्पर्धी विश्व में अपनी शर्तों, प्रतिभा के बल पर टिके हुए हैं। भारत में स्वीकृत अंग्रेजी माध्यम की अनिवार्यता निश्चित रूप से दोषपूर्ण है। देश में आर्थिक एवं सामाजिक स्तर पर पिछड़ेपन का एक बड़ा कारण अंग्रेजी भाषा के प्रति हमारा अंध मोह हैं। हालांकि वर्तमान सरकार इस दिशा में थोड़ी प्रयासरत है, पर इस प्रकार के और अधिक प्रयास किए जाने की आवश्यकता है।

भारत में यह भी एक दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य है कि गीत,संगीत,नृत्य,फिल्मों,चुनाव प्रचार आदि के लिए तो देशी भाषाएं ठीक हैं,लेकिन विज्ञान, तकनीक, व्यावसायिक शिक्षा आदि के लिए अंग्रेजी अनिवार्य है। पश्चिमी शिक्षा के समर्थक तो इस बात पर दिन-रात बल देते रहते है। आजादी के इस अमृत काल में व्यवस्था को यह विचारने की आवश्यकता है कि देश की समृद्धि हेतु देशी भाषा के वातावरण में विकसित अधिकांश भारतीय बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा उनकी अपनी भाषा में समान रूप से उपलब्ध होनी चाहिए। एक मजबूत लोकतांत्रिक भारत इसी आधार पर निर्मित हो सकता है।

भाषाओं का भी अपना अर्थशास्त्र होता है। यह सब कुछ अंग्रेजी का आधिपत्य देखकर समझ आता है। आज ऐसी धारणा बन गई है कि भारत की वर्तमान आर्थिक प्रगति में अंग्रेजी भाषा का विशेष योगदान है। जबकि ऐसा नहीं है। दुनिया के 20 धनी राष्ट्रों में सरकारी कामकाज की भाषा (एवं सभी स्तरों पर शिक्षा का माध्यम) स्थानीय जनभाषा से भिन्न नहीं है। इस देश में भाषिक विभेद का सबसे बड़ा उदाहरण यह है कि जिन उच्च वर्ग के लोग अंग्रेजी/विदेशी भाषा के स्कूलों में जाते हैं और वहां की शब्दावली तथा विचारों से प्रभावित होकर वे वैसे ही व्यवहार करते हैं जिसके अंतर्गत वे स्वयं को श्रेष्ठ व स्थानीय भाषा के लोगों को हेय दृष्टि से देखते है। भारत में उच्च शिक्षा अंग्रेजी पर केंद्रित होने से अपनी जनसंख्या का बहुत कम भाग बौद्धिक रूप से विकसित हो पाता है। हमारे देश में यह स्थिति अंग्रेजी की अनिवार्यता के कारण नहीं,बल्कि हमारी दोषपूर्ण शिक्षा नीति की वजह से हैं। यह देश का दुर्भाग्य है कि आप भारतीय भाषाओं से परीक्षा देकर सेना में एक सैनिक या जवान तो बन सकते हैं,परंतु एक अधिकारी होने के नाते आपको परीक्षा अंग्रेजी में देनी होगी। इससे अंग्रेजी एक ऐसी भाषा के रूप में उभरकर सामने आती है,जो भारत की प्रगति के बजाय पिछड़ेपन का कारण बनकर हमारे सामने उपस्थित होती है।

भारत में अक्सर यह भ्रम फैलाया जाता है कि किसी भी तकनीकी क्षेत्र में सफलता के लिए अंग्रेजी ज्ञान आवश्यक है,परंतु यह विचार देश की तकनीकी प्रगति के लिए घातक है। यह सत्य है कि भारत में जैसे विशाल एवं विविधता वाले देश में किसी भी भाषा का विरोध उचित नहीं। परंतु भाषाई रूप से इस समृद्ध देश में द्वितीय या तृतीय भाषा के रूप में ही अंग्रेजी का शिक्षण उपयुक्त हो सकता है प्रथम भाषा के रूप में कदापि नहीं। उच्च शिक्षा, न्यायालय एवं शासन हेतु भारतीय भाषाओं पर रोक एवं अंग्रेजी को अपनी प्रथम भाषा बनाने से इस देश में अनेक असुविधाएं सामने आती हैं। अधिकतर विद्यार्थियों को मजबूरीवश अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा ग्रहण करनी पड़ती है। इस व्यवस्था से देश में अनेक भाषाई विकलांग पैदा होते जा रहे हैं,जो किसी भी भाषा में प्रवीण नहीं होते। जबकि प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट्र की प्रमुख भाषा एवं उनकी स्थानीय भाषा में ही विकसित होने की छूट होनी चाहिए, बाद में भले अन्य भाषाएं सीखी जा सकती हैं। नई शिक्षा नीति के तहत कुछ प्रयास हुए है,परंतु अभी मीलों आगे जाना है।

## सोशल फोरम

# इतने निरीह क्यों हैं हम


ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

दुनिया के लगभग सभी धर्म यह मानते हैं कि सृष्टि से इतर कोई ऐसी ईश्वरीय सत्ता है जिसने हमारी और इस विराट ब्रह्मांड की रचना की और इसका संचालन करता है। मतभेद इस बात का रहा है कि ईश्वर के साथ हमारे रिश्ते कैसे होने चाहिए? ईसाई धर्म में ईश्वर से हमारा पिता और पुत्र का रिश्ता है,लेकिन यह रिश्ता सीधा नहीं है। इस रिश्ते का स्वरुप ईश्वर के पुत्र जीसस के माध्यम से तय होता है। इस्लाम में सूफियों और हिंदुओं में प्रेममार्गी पंथ के अनुयायियों की थोड़ी सी संख्या है जिनके लिए ईश्वर और हमारा रिश्ता प्रेमी-प्रेमिका का, पति-पत्नी का, प्रेम का, समझदारी का,भरोसे का और अभय का है। उनके अलावा सभी धर्मों ने ईश्वर के साथ हमने जो रिश्ता बनाकर रखा है वह आमतौर पर स्वामी और दास का है। हम ईश्वर के अंश या कृति हैं तो उसके साथ हमारे रिश्ते इतने लिजलिजे क्यों होने चाहिए? क्यों वह सब कुछ है और हम कुछ भी नहीं? हमने कभी यह क्यों नहीं सोचा कि परमपिता परमेश्वर तो क्या संसार का कोई भी पिता अपनी संतान को इस कदर बेचारा,कातर, रीढ़विहीन,दयनीय,भयातुर, पराजित, अंधभक्त और याचक की तरह हर समय अपने चरणों में झुका हुआ नहीं देखना चाहता। हर पिता की ख्वाहिश होती है कि उसकी संतान विनम्र,लेकिन आत्मविश्वास से लबरेज स्वतंत्र व्यक्तित्व के रूप में विकसित हो। ऐसा व्यक्तित्व जो जरूरत पड़ने पर उसकी आंख से आंख मिलाकर सवाल भी पूछ सके। हम क्यों अपना व्यक्तित्व अपने सर्जक में विलीन कर आजीवन अकिंचन बने रहें? आभार,कृतज्ञता और श्रद्धा तक तो ठीक है,लेकिन उस पर हमारी इस कदर भावनात्मक निर्भरता हमसे हमारा व्यक्तित्व और स्वाभिमान छीन लेगी। क्यों हम उसके आगे भीख का कटोरा लिए हर समय याचक की तरह खड़े रहें? उसने यह खूबसूरत दुनिया और उसके सुव्यवस्थित संचालन के लिए बुद्धि-विवेक हमें सौंप रखे हैं। वह किसी को वरदान या दंड, स्वर्ग या नर्क नहीं आबंटित करता। यह अपने कृत्यों से हम इसी जीवन में अर्जित करते हैं। ईश्वर को अपनी सृष्टि से प्यार है। उस तक पहुंचने का कोई भी रास्ता जड़ता, दासता, अकिंचनता से होकर नहीं जाता।

-फेसबुक वॉल से

# पाकिस्तान में हो क्या रहा है


सचिदानंद सिंह
मुंबई

इमरान खां कैद में हैं और एक न्यायालय के आदेश ने उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ को उसके चुनाव चिन्ह (क्रिकेट का बल्ला) से वंचित कर रखा है। इमरान के कई सहयोगी भी गिरफ्तार हैं और कुछ गिरफ्तारी टाल सकने के लिए फरार हैं। अव्यवस्था और बेतरतीबी के ऐसे हालात में पार्टी का नेतृत्व अभी एक अपेक्षाकृत अनजान गौहर अली खां संभाल रहे हैं। 8 फरवरी को हुए आम चुनाव में पीटीआई ने कुछ स्वतंत्र उम्मीदवारों को समर्थन दिया था। चुनाव के दिन पाकिस्तान में सुरक्षा के विचार से मोबाइल फोन सेवाएं बंद कर दी गई थीं। चुनाव में धांधली की आशंका शुरू से थी, सेवा बंद किए जाने पर लोग और अधिक सशंकित हो उठे थे। एक तरह से चुनाव पाकिस्तान मुस्लिम लीग - नवाज (पीएमएल-एन) और 'अन्य' के बीच लड़ा जा रहा था। लोग मान बैठे थे कि पीएमएल-एन विजयी रहेगा,क्योंकि नवाज को सेना का समर्थन है और पाक सेना, कहते हैं,जंग भले कभी न जीती हो, चुनाव कभी नहीं हारी है।

चुनाव के दिन लग रहा था पीटीआई समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवार बड़ी संख्या में जीतने वाले हैं। मतों की गिनती शुरू होने के बाद भी वैसा ही लगता रहा। कुछ समय तक नवाज और उनके भाई शाहबाज दोनों बहुत पीछे चल रहे थे। शाहबाज नेशनल असेंबली और प्रोविंशियल असेंबली दोनों के लिए लाहौर से लड़ रहे थे और दोनों जीत गए। नवाज दो जगहों से नेशनल असेंबली के लिए लड़ रहे थे, एक जगह जीते। चुनाव के नौ दिनों के बाद रावलपिंडी के कमिश्नर लियाकत चट्ठा ने एक संवाददाता सम्मेलन में खुलासा किया कि उन्होंने अपने मातहतों के मार्फत पीएमएल-एन की जीत के लिए बहुत धांधलियां कीं। यहां तक कि पीटीआई समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवार जो सत्तर हजार मतों से जीत रहे थे,उन्हें पराजित दिखा कर नवाज की पार्टी के उम्मीदवार को विजयी दिखाया। कुछ नाटकीय ढंग से उन्होंने अपने लिए सजा-ए मौत उचित ठहराया, बस अपने लिए नहीं,उन्होंने कहा पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा और मुख्य चुनाव आयुक्त (मुचुआ) सिकंदर सुलतान राजा को भी सजा-ए मौत दी जानी चाहिए। जज साहब ने साक्ष्य की कमी कहते हुए उनकी बात को खारिज कर दिया। मुचुआ ने जांच शुरू कर दी है। सभी रिटर्निंग ऑफिर्स से सवाल जवाब किए जा रहे हैं। पाक सरकार ने चट्ठा को हिरासत में ले लिया है। नवाज की पार्टी कह रही है चट्ठा पीटीआई के एजेंट हैं और देश में अराजकता फैलाने के लिए उन्होंने ऐसा गैर जिम्मेदाराना बयान दिया है। पीटीआई वाले कुछ लोगों ने एक प्रिंटिंग प्रेस के वीडियो पोस्ट किए हैं,जहां किसी क्षेत्र के बैलट पेपर छापे जा रहे थे। नवाज की पार्टी के लोगों ने चट्ठा और इमरान के नजदीकी रिश्तों की बात की है-कैसे इमरान की बहन उज्मा खां को डेरा गाजी खां में चट्ठा ने, जो उस समय वहां कमिश्नर थे,छह सौ करोड़ रुपयों (पाक रुपये) की जमीन बस तेरह करोड़ में दिला दी। चट्ठा को पाकिस्तान के एक समय के जासूस-ए आज़म फैज हमीद का नजदीकी भी बताया जाता है। यह बात तो खैर गौर करने लायक है ही कि चट्ठा की अंतरात्मा नौ दिनों तक चुप क्यों बैठी रही? मीर तकी मीर से माफी मांगते हुए, फ़ौजी चुनाव है रोता है क्या/ आगे आगे देखिए होता है क्या।

# मोदी का चौथा कार्यकाल


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

हिंदी साहित्य के इतिहास का रीतिकाल सुंदरियों के नख शिख वर्णन और नृप यश कीर्तन के लिए प्रसिद्ध है। हम यहां नायिका भेद और नख शिख वर्णन की बात न करके 'नृप यश कीर्तन' की ओर ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। दरबारी कवि राजाओं के आश्रय में रहते थे और भारी भरकम अतिशयोक्तियों के द्वारा उनकी प्रशंसा और स्तवन करते थे,जैसे भूषण कवि ने शिवाजी की प्रशंसा करते हुए लिखा कि 'आपके यश विस्तार से सब कुछ सफेद हो गया है जिससे जो मुख्य-मुख्य श्वेत वस्तुएं थीं,वह अब ढूंढे नहीं मिल रही हैं,यानी खो गई हैं। क्योंकि साहित्य में यश का रंग सफेद माना गया है। उदाहरण स्वरूप इंद्र को उनका ऐरावत हाथी (श्वेत वर्ण) नहीं मिल रहा है।

भगवान विष्णु क्षीर सागर खोज रहे हैं,शंकर जी हिमालय और पार्वती जी शिव को, क्योंकि वे भी कर्पूर गौर हैं। आजकल राजनीति के क्षेत्र में भी लगता है रीतिकाल आ गया है और मोदी की धूम है। अब देखिए राजनाथ सिंह जैसे बड़े नेता ने कहा है कि मोदी के तीसरे और चौथे कार्यकाल में देश का विकास बुलंदियों पर होगा। उन्होंने मोदी को विश्व के राजनीतिक व्योम का अतिशय देदीप्यमान सितारा भी कहा। जबकि चुनाव देश में होता है,दुनिया में नहीं। हम यह कहना चाहते हैं कि अभी तो तीसरे कार्यकाल का ही चुनाव होना बाकी है, फिर चौथे कार्यकाल में भी मोदी को चुना हुआ घोषित कर देना और तत्कालीन उपलब्धियां बता देना या तो कवित्वपूर्ण उक्ति वैचित्र्य है या मसखरी। यह जनता के साथ मजाक ही है,क्योंकि अभी उन्होंने तो अपने प्रतिनिधि चुने ही नहीं हैं। वे जिन्हें चुनेंगे, तब वे अपना नेता चुनेंगे। फिर चौथा कार्यकाल तो 2029 से 2034 तक होगा।

इतने लंबे भविष्य की दृष्टि तो संभवतः ज्योतिषियों और ऋषियों के पास भी नहीं होती है। यह 'विधि हाथ' है, 'राजनाथ के हाथ' नहीं। जनता के मजाक के साथ-साथ किसी व्यक्ति विशेष का नाम पीएम या सीएम पद के लिए प्रायोजित करना असंवैधानिक भी है,क्योंकि इसकी संविधान में व्यवस्था ही नहीं है। निर्वाचन के बाद चयनित प्रतिनिधियों को अपना नेता चुनने का अधिकार होता है। फिर राष्ट्रपति अपने विवेक का प्रयोग करके प्रधानमंत्री नियुक्त करते हैं तथा अपनी 'सहायता और सलाह देने' के लिए सरकार गठित करते हैं।

# अब शासन व विभागों के मकड़जाल में नहीं उलझती है फाइलें

## जीबीसी 4.0 मुख्यमंत्री योगी ने उत्तर प्रदेश-निवेश प्रदेश के तहत एफडीआई कॉन्क्लेव को किया संबोधित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारे पास प्रकृति भी है, परमात्मा भी है और प्रतिभा से भरपूर युवा भी हैं। इस त्रिवेणी के माध्यम से प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन व नेतृत्व में हम उप्र. को आगे बढ़ा रहे हैं। सात सालों में उप्र. की अर्थव्यवस्था व प्रति व्यक्ति आय को दोगुना करने में सफलता प्राप्त हुई है। योगी के मुताबिक, उप्र. ने नया प्रयास प्रारंभ किया है। पहले यहां शासन व विभागों के मकड़जाल में फाइल उलझ जाती थी। आज सिंगल विंडो पोर्टल निवेश मित्र आपकी सेवा के लिए समर्पित है।



• 17 वर्ष में जितना एफडीआई आया, उसका चार गुना सिर्फ चार वर्षों में उप्र. में आया : योगी

उक्त बातें योगी आदित्यनाथ ने कहीं। वे मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उत्तर प्रदेश-निवेश प्रदेश के तहत मुख्य हैंगर में आयोजित एफडीआई कॉन्क्लेव यूपी-इमर्जिंग डेस्टिनेशन फॉर फॉरेन इनवेस्टमेंट इन इंडिया को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी अनिल राजभर, राज्यमंत्री जसवंत सैनी, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अवस्थापना व औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव अनिल कुमार सागर आदि मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने यहां बताया कि, वर्ष 2000 से लेकर 2017 (17 वर्ष) तक जितना एफडीआई आया था, 2019 से 2023 के बीच में उसका चार गुना एफडीआई उप्र. में आया है। जब सुरक्षा का माहौल, सरकार की स्पष्ट नीति व नीयत साफ होती है तो निवेशक सुरक्षित वातावरण में निवेश का इच्छुक होता है। योगी ने बताया कि सैमसंग, माइक्रोसॉफ्ट, एलजी, पेप्सिको, नायरा एनर्जी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा, हिंदुस्तान यूनीलीवर, हायर, आइकिया समेत 14 फॉर्च्यून ग्लोबल 500 कंपनियां उप्र. में सफलतापूर्वक बिजनेस बढ़ाने का कार्य कर रही हैं।

केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सात-आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश का चित्र बदला, यहां की दिशा और दशा भी बदली। आज सामाजिक न्याय दिवस है। यह तब तक अधूरी है, जब तक समाज के हर वर्ग व व्यक्ति तक विकास न पहुंचे। योगी आदित्यनाथ ने इन सात-आठ वर्षों में उप्र. का कायाकल्प किया है, लेकिन यह एक वर्ष उपलब्धियों भरा रहा है। यह उप्र. के इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण वर्ष होगा। उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व उत्तर प्रदेश और लखनऊ के बारे में बातचीत कर रहा है। उप्र. अब रुकने और थमने वाला नहीं है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने भी मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उत्तर प्रदेश-निवेश प्रदेश के तहत मेन हैंगर में आयोजित एफडीआई कॉन्क्लेव ''यूपी-इमर्जिंग डेस्टिनेशन फॉर फॉरेन इनवेस्टमेंट इन इंडिया'' को संबोधित किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कोई भी निवेशक जब निवेश करने का निर्णय लेता है तो उसके सामने सबसे बड़ी शर्त होती है विश्वास। निवेशक तभी आता है जब उसे नेतृत्व, व्यवस्था और भविष्य पर विश्वास हो। जब यह तीनों विश्वास निवेशक को मिलते हैं तो वह प्रदेश में आने को तैयार होता है।

### इन्वेस्टर फ्रेंडली पॉलिसी से पब्लिक फ्रेंडली हो निवेश

**लखनऊ,अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम प्रदेश में जैसे इन्वेस्टर फ्रेंडली पॉलिसी लेकर आते हैं, वैसे ही इन्वेस्टर्स को भी अपने निवेश को पब्लिक फ्रेंडली बनाना पड़ेगा। उन्होंने प्रदेश से पूरे उत्तर भारत के बाजार का जिक्र करते हुए कहा कि इलेक्ट्रिक बसों का बड़ा बाजार इंतजार कर रहा है। स्कूली बसों के साथ गांवों को शहरों से जोड़ने में इलेक्ट्रिक बसें सस्ती और लोकप्रिय बन सकती हैं। अशोक लीलेंड की इलेक्ट्रिक वाहन फैक्ट्री के भूमिपूजन कार्यक्रम में सरोजनी नगर स्थित स्कूटर इंडिया परिसर में हिस्सा लेने मंगलवार को दोपहर में पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को हिंदुजा ग्रुप की तरफ से डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस की चाभी और मोमेंटो प्रदान किया गया। इस दौरान योगी ने प्लांट में इलेक्ट्रिक बसों का अवलोकन भी किया और उनके फीचर्स के बारे में भी जानकारी ली। हिंदुजा ग्रुप के अधिकारियों ने उन्हें ई व्हीकल्स की विशेषताओं से परिचित कराया।

### लखनऊ को बनाएंगे एआई सिटी का प्रमुख केंद्र

**लखनऊ,अमृत विचार :** राजधानी लखनऊ को एआई सिटी का प्रमुख केंद्र बनाने पर सरकार काम कर रही है। यह केंद्र एयरपोर्ट के पास खुलेगा। इसमें आईआईएम लखनऊ के युवा भागीदार बनेंगे। जबकि गौतमबुद्धनगर विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा में भी एआई केंद्र खुलेगा। इसके जरिये प्रदेश के लाखों नौजवानों को उनके घर और जनपद में नौकरी मिलेगी। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को आईजीपी में आयोजित डेस्टिनेशन यूपी-इमर्जिंग हब फॉर एआई इन इंडिया कॉन्क्लेव में कहीं। जीबीसी-4 में भारी संख्या में आए आईआईएम के छात्र-छात्राओं से मुख्यमंत्री योगी ने मेहमानों से लखनऊ में एयरपोर्ट के पास एआई सिटी और गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा को एआई केंद्र स्थापित करने और गौतमबुद्धनगर में भी केंद्र स्थापित करने की दिशा में भरपूर सहयोग देने की अपेक्षा की। कहा कि प्रदेश डाटा सेंटर का हब बनने जा रहा है।

# कांग्रेस की सरकार बनी तो पूरे देश में होगी जातीय जनगणनाः राहुल गांधी



भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर लखनऊ पहुंचे राहुल गांधी, घंटाघर के पास राहुल ने कार्यकर्ताओं को किया संबोधित।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

• किसानों के लिए कानूनी तौर पर लागू होगा न्यूनतम समर्थन मूल्य

**अमृत विचार :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनी तो पूरे देश में जातीय जनगणना कराई जाएगी। किसानों के लिए कानूनी तौर पर न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की पुलिस भर्ती पर्चा लीक प्रकरण में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। राहुल गांधी मंगलवार को राजधानी में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान चौक के घंटाघर पर आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा देश में नफरत फैलाने का काम कर रही है। पर यह देश नफरत से नहीं, मोहब्बत से चलेगा। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के उद्देश्य का जिक्र करते हुए कहा कि इसके जरिये कांग्रेस लोगों को सामाजिक व आर्थिक न्याय दिलाना चाह रही है।

देश के 50 प्रतिशत पिछड़े, 20 प्रतिशत दलित, अल्पसंख्यक व आदिवासियों के लिए मोदी के हिंदुस्तान में कोई जगह नहीं है। पर कांग्रेस देश के युवाओं, वंचितों, किसानों और जन-जन के अधिकारों के लिए न्याय की लड़ाई लड़ रहे हैं। जनसभा में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, राष्ट्रीय महासचिव व प्रभारी संचार विभाग जयराम रमेश, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी, आराधना मिश्रा मोना, राजेश तिवारी, अजय कुमार 'लल्लू', राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत आदि नेता शामिल हुए।

# यूपी बोर्ड परीक्षा : मिशन कदाचार के खिलाफ क्यूआरटी मुस्तैद, होगी जेल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की नकलविहीन एवं शुचितापूर्ण परीक्षा कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त रूख अपनाया है। इसबार सोशल मीडिया खासकर वाट्सएप, एक्स, फेसबुक, टेलीग्राम के साथ-साथ ऑनलाइन वेब पोर्टल/साइट पर 24x7 निगरानी रखने के लिए बोर्ड द्वारा क्विक रिस्पॉन्स टीम (क्यूआरटी) की व्यवस्था की गयी है। दण्डनीय संज्ञेय और गैर जमानती अपराध की धाराओं में कार्रवाई होगी। उत्तरपुस्तिकाओं पर पहली बार क्यूर कोड क्रमांक अंकित रहेगा। कक्ष निरीक्षकों के प्रवेश पत्र को भी क्यूआर कोड के दायरे में लाया गया है।

माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश (यूपी बोर्ड) ने वर्ष 2024 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 22 फरवरी से शुरू हो रही है। परीक्षा में कुल 55,25,308 परीक्षार्थी सम्मिलित होने जा रहे हैं। इसमें हाईस्कूल में 29,47,311 एवं इंटरमीडिएट में 25,77997 परीक्षार्थी हैं। सोशल मीडिया व अन्य किसी माध्यम से प्रश्नपत्र या उसके किसी भाग या उसके हल को संचारित करने का प्रयास किया जाता है तो ऐसा कृत्य उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम-1998 की धारा 4/10 अन्तर्गत दण्डनीय संज्ञेय एवं गैर जमानती अपराध है। परीक्षा के लिहाजा से प्रयागराज, अलीगढ़, मथुरा, कौशाम्बी, आगरा, बलिया, मैनपुरी, बागपत, मऊ, हरदोई, आजमगढ़, चंदौली, देवरिया, गाजीपुर, गोड़ा, एटा जिलों को अतिसंवदेनशील जिला माना गया है। यहां बोर्ड के अफसरों की खास निगाह रहेगी। कंट्रोल से लगातार इन जिलों के परीक्षा पर निगहबानी की जाएगी।

### पूरे प्रदेश में कुल 8266 परीक्षा केंद्र

बोर्ड के सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने हाईस्कूल एवं इंटर परीक्षा की तैयारी की सिलसिलेवार जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल एवं इंटर की परीक्षा 22 फरवरी से 9 मार्च तक संचालित होगी। कुल 16 दिवसों में होने वाली परीक्षा में कुल 55 लाख से अधिक बालक बालिकाएं सम्मिलित होंगे। इसमें हाईस्कूल में 15,,71,184 बालक एवं 13,76,127 बालिकाएं हैं। इंटर में 14,28,323 बालक एवं 11,49,674 बालिकाएं हैं। पूरे प्रदेश में कुल 8266 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

### कक्ष निरीक्षकों को क्यूआर कोड परिचय पत्र

यूपी बोर्ड ने 3,11,453 कक्ष निरीक्षकों को पहली बार एक सुरक्षित क्यूआर कोड एवं क्रमांक युक्त कंप्यूटराइज्ड परिचय पत्र दिया है। बोर्ड सचिव ने बताया कि इस व्यवस्था से कक्ष निरीक्षकों की डयूटी लगाने में आसानी होगी। साथ ही परीक्षा व्यवस्था और भी सुदृढ़ व पारदर्शी होगी।

# ड्यूटी में लापरवाही पर छह पुलिसकर्मियों को चार वर्ष की कैद

**विधि संवाददाता, लखनऊ :** सजा भुगत रहे अपराधी को तिहाड़ जेल से लखनऊ पेशी के दौरान फ़रार करने के आरोपी दिल्ली पुलिस के एएसआई धर्मवीर सिंह, हेड कांस्टेबल महेंद्र पाल सिंह, सिपाही जोगेंद्र सिंह, शिवकुमार, रवि कुमार एवं रोशन लाल को भ्रष्टाचार निवारण की विशेष न्यायाधीश शालिनी सागर ने चार-चार साल की क़ैद और पचास-पचास हज़ार रुपये के जुर्माने से की सजा सुनाई है।

सरकारी वकील सुनील यादव ने बताया कि मामले की रिपोर्ट एएसआई धर्मवीर सिंह ने 27 जून 2013 को जीआरपी थाने में दर्ज कराई थी कि तिहाड़ जेल में बंद आरोपी सौरव शर्मा को लखनऊ के कोर्ट में पेशी के लिए 26 जून को लाया गया था। पेशी के बाद पुलिस टीम आरोपी को दिल्ली ले जाने के लिए चारबाग छोटी लाइन के वेटिंग रूम में आ गई। कहा गया कि वहां आरोपी सौरव शर्मा से मिलने के लिए उसकी कथित मां और दो लड़के आए और सभी को खाना खिलवाया।

# प्रदेश के 12 शहीद सैनिकों के आश्रितों को नियुक्ति का आदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के 12 शहीद सैनिकों के आश्रितों को विभिन्न सरकारी विभागों में नौकरी देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के क्रम में नियुक्ति आदेश जारी किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि राज्य सरकार शहीद जवानों के परिवार के साथ पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ी है।

यह जानकारी देते हुए मंगलवार को एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश के इन वीर सैनिकों ने आतंकवादी घटनाओं में कर्तव्यपालन करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। जनपद कानपुर देहात के शहीद सिपाही रोहित कुमार यादव की पत्नी वैष्णवी यादव, जनपद प्रयागराज के शहीद जवान नन्दलाल यादव की पत्नी पूजा यादव, जनपद उन्नाव के शहीद जवान श्याम सिंह यादव की पत्नी विनीता यादव, जनपद देवरिया के शहीद जवान संतोष यादव की पत्नी धर्मशीला देवी, जनपद कौशाम्बी के शहीद जवान नरेश कुमार मिश्रा की पत्नी प्रियंका मिश्रा तथा जनपद कौशाम्बी के शहीद जवान अजीत कुमार शुक्ला की पत्नी प्राची शुक्ला को शासकीय सेवा में योजित करने के लिए नियुक्ति आदेश निर्गत किए गए हैं। प्रवक्ता के अनुसार जनपद अम्बेडकरनगर के शहीद जवान भगवान सिंह की पुत्री स्मृति सिंह, जनपद मुजफ्फरनगर के शहीद जवान लोकेश कुमार की पत्नी काजल राठी, जनपद अलीगढ़ के शहीद जवान जसवीर की पत्नी श्रीमती सीमा यादव, जनपद ललितपुर के शहीद जवान चरन सिंह की पत्नी संध्या चन्देल और जनपद हाथरस के शहीद जवान सूरज पाल की पत्नी ज्योति शर्मा आदि को सरकारी सेवा में तैनात किये जाने हेतु नियुक्ति आदेश जारी किए गए हैं।

# शराब पीकर नशे में नाच रहा यूपी का भविष्य : राहुल

• रायबरेली में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने दिया विवादित बयान

**रायबरेली, अमृत विचार:** राहुल गांधी अक्सर अपने बयानों को लेकर भी चर्चा में रहते हैं। आज एक बार फिर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी अपने ही बयान के चलते विवादों में घिरे नजर आ रहे हैं। रायबरेली में मंगलवार को सुपर मार्केट में सभा के दौरान उन्होंने डबल इंजन की सरकारों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मैं वाराणसी पहुंचा तो वहां पर देखा कि रात को बाजा बज रहा। वहां पर शराब पिये यूपी का भविष्य रात को नाच रहा, डांस कर रहा है। वहीं राममंदिर खुलता है। राम मंदिर में नरेंद्र मोदी, अंबानी, अडानी समेत कई अरबपति दिखेंगे। वहां पर पिछड़ा, दलित, आदिवासी नहीं दिखेगा, क्योंकि आपकी जगह सड़कों पर भीख मांगने की है। आपका काम हिंदुस्तान में सड़क पर जाकर ऐसे पोस्टर दिखाने का है। उनका काम पैसा गिनने का है। आप के बच्चे जीएसटी देते हैं। आपको अपने हक के लिए जातीय जनगणना के लिए आगे आना होगा।

# खुशी है कि जयराम रमेश ने मेरी चुनौती स्वीकार कर ली :स्मृति

**अमेठी, एजेंसी :** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने मंगलवार को कहा कि उन्हें खुशी है कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने उनकी चुनौती स्वीकार कर ली है कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, अखिलेश यादव व मायावती के बिना अमेठी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं।



ईरानी ने यहां संवाददाताओं से कहा क कि मैं चाहूंगी कि सीईसी (कांग्रेस चुनाव समिति) आज ही मेरे संबोधन के बाद जयराम रमेश द्वारा दिए गए प्रस्ताव को जारी करें। उन्होंने कहा, कि भारतीय जनता पार्टी की एक सामान्य कार्यकर्ता होने के नाते मैं उनकी चुनौती का स्वागत करती हूं। क्योंकि जयराम रमेश ने कहा है कि राहुल गांधी मेरी चुनौती स्वीकार करने के लिए तैयार हैं। ईरानी ने कहा किआज हम सभी और अमेठी के कार्यकर्ता बेसब्री से इंतजार कर रहे होंगे कि राहुल गांधी सीईसी के माध्यम से ये घोषणा करेंगे क्योंकि ये निर्देश जयराम रमेश ने दिया है। अमेठी के दौरे के दूसरे दिन केन्द्रीय मंत्री ने दलशाहपुर, लोहरता और नरैनी सहित विभिन्न गांवों में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में लोगों से बातचीत की।

उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को कार्रवाई का निर्देश दिया। लोहरता गांव में एक बुजुर्ग और अन्य ग्रामीणों ने स्मृति ईरानी को बताया कि वह आजादी के बाद से गांव का दौरा करने वाली पहली सांसद हैं। इस पर ईरानी ने कहा कि दादा जी, आपकी बेटी आई है और आती रहेगी। ईरानी ने वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में अमेठी सीट से राहुल गांधी को हराया था।

# दिसंबर तक पूरा तैयार हो जायेगा राम मंदिर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राममंदिर दिसंबर-2024 तक पूरा बनकर तैयार हो जाएगा। मंदिर और परकोटे के निर्माण संबंधित समस्त कार्य पूरे कर लिए जाएगा। परकोटे के निर्माण का कार्य को प्रारंभ करने में अभी चार दिन और लगेंगे। प्रथम तल पर लगाए की खम्भों में भी मूर्तियों को उकेरे जाने का कार्य भी शुरू कर दिया जाएगा। वहीं यात्री सुविधा केंद्र और परिसर में फैले सड़कों के जाल को भी जून तक पूरा कर लिया जाएगा।



• मंदिर निर्माण समिति की बैठक निर्माण कार्यों को पूरा करने की समय सीमा तय

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि राम मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक में मंगलवार को पहले दिन निर्माण कार्यों में गति देने पर मंथन किया गया। समीक्षा बैठक में राम मंदिर के सभी कार्यों को दिसंबर 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक से पहले मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने दर्शन के लिए कई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। बैठक में अलग-अलग कार्यों को क्रम के अनुसार आगे बढ़ाने और समय से पूरा करने के लिए समय सीमा तय की गई है। डॉ. मिश्र ने बताया कि बैठक में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय समेत कार्यदाई संस्था के इंजीनियर भी मौजूद रहे।

राम मंदिर में आने वाले श्रद्धालु को जन्मभूमि पथ से ही रामलला को भी देख सकेंगे। इसके लिए ट्रस्ट की ओर से जन्मभूमि पथ पर सुग्रीव किला से लेकर सुरक्षा प्वॉइंट तक और यात्री सुविधा केंद्र में एलईडी स्क्रीन लगाए जाएंगे। ट्रस्ट सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया मंगलवार की बैठक में इसको लेकर मंथन किया गया। जल्दी ही सात स्थान पर एलईडी लगाने का कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

मौसम का मिजाज बदलने के साथ ही राम जन्मभूमि परिसर में आने वाली श्रद्धालुओं की सुविधाओं को भी बढ़ाये जाने का कार्य शुरू कर दिया गया। राम जन्मभूमि मंदिर तक जाने के लिए सुग्रीव क्लासिक मंदिर तक जूट के कारपेट बिछाये जा रहे हैं। जगह-जगह पर पानी की समुचित व्यवस्था भी की जा रही है। ट्रस्ट सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 121 स्थानों पर पानी की टोटियां लगाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि राम जन्मभूमि दर्शन मार्ग पर भक्तों के लिए सुविधाएं बढ़ाने पर चर्चा हुई है।

## वर्ग पहेली-349

**बाएं से दाएं**

1. 1. बैठने की एक प्रकार की चार पाए वाली लंबी चौकी 2. संसद भवन में दल विशेष के सदस्यों के बैठने का स्थान 3. पत्थर आदि का बना हुआ पाश्चात्य ढंग का आसन 4. सरकारी न्यायालय के न्यायकर्ता।

3. 1. कोई चीज़ तोड़ने में किसी को प्रवृत्त करना, तुड़ाना 2. बड़े सिक्के को उतने ही मूल्य के छोटे-छोटे सिक्कों में बदलवाना।

5. 1. चांद्रमास के कृष्ण या शुक्ल पक्ष की छठवीं तिथि 2. बच्चे के जन्म के छठे दिन होने वाला उत्सव या ऊबना

6. वह स्थान जहां अपराधियों को सजा की अवधि समाप्त होने तक रखा जाता है, बंदीगृह, जेलख़ाना, कारागार।

7. 1. पत्थर तराशने की छेनी, नक्काशी करने वालों का एक औज़ार 2. छोटा टकुआ।


8. 1. वनौषधि, बूटी 2. वह औषधि जिसकी जड़ दवा के काम लाई जाए।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. 'घड़-घड़' आवाज़ होने का भाव 2. गाड़ी चलने का स्वर

4. 1. पुराने समय में प्रचलित एक प्रकार का बाण जो बांस की नली में रखकर चलाया जाता था, तुफंग 2. भाला 3. कमल-दल, कमल-नाल 4. कमंडल।

5. छली, कपटी, छल करने वाला।



### वर्ग पहेली - 348 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 पा | प | ना | 2 श | क | ■ |
| प | ■ | ■ | व | ■ | 3 नो |
| शो | ■ | 4 ओ | दा | र | ना |
| ध | ■ | ■ | ह | ■ | ■ |
| न | ■ | ■ | गृ | ■ | 5 ती |
| ■ | ■ | 6 स | ह | चा | र |
| 7 के | था | ■ | ■ | ■ | थ |

## सुडोकू -66

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | 9 | | | 7 | | |
| | | 8 | | | | | | 9 |
| | 7 | | 4 | | 2 | | 6 | |
| | 9 | | | | 8 | | 4 | |
| | | 2 | 7 | | | 8 | | |
| | 8 | | 5 | | | | 3 | |
| | 1 | | | 3 | 5 | | 7 | |
| 7 | | | | | | 1 | | 5 |
| | | 6 | | | 4 | | | 3 |

### सुडोकू - 65 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 6 | 8 | 3 | 2 |
| 3 | 7 | 6 | 8 | 2 | 4 | 1 | 5 | 9 |
| 9 | 8 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 6 | 4 |
| 6 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 | 2 | 8 |
| 5 | 2 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 | 1 | 6 |
| 8 | 9 | 1 | 6 | 3 | 2 | 5 | 4 | 7 |
| 7 | 6 | 8 | 2 | 5 | 1 | 4 | 9 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 7 | 6 | 9 | 2 | 8 | 1 |
| 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 21 फरवरी, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वादशी 11.27 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर। ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-पुनर्वसु 14.18 तक तत्पश्चात पुष्य।



मेष

आज किसी परिजन को लेकर परेशानी हो सकती है। खान-पान में सावधानी रखनी चाहिए। अपने विचारों को लेकर किसी पर दबाव न बनायें। अधूरे काम समय पर पूरे होने के योग बन रहे हैं। कारोबार को लेकर आप यात्रा कर सकते हैं।



वृष

आज अपने विचारों और सिद्धांतों से लोगों को काफी प्रभावित करेंगे। डिजिटल मार्केटिंग के करियर से जुड़े लोगों को अच्छे प्रोजेक्ट्स मिल सकते हैं। नई संपत्ति खरीद रहे हैं तो आपको बड़ा आर्थिक लाभ मिल सकता है।



मिथुन

आज वरिष्ठ अधिकारी आपके अनुकूल नहीं है। कोर्ट-कचहरी के विवाद बढ़ सकते हैं। आप महंगे आभूषणों के शौकीन हो सकते हैं। आपकी जीवनशैली में धीरे-धीरे बदलाव होगा। परिजनों से ज्यादा अपेक्षा न करें।



कर्क

आज आध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। व्यापार में आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी। जीवनसाथी से आपको काफी अच्छी सलाह मिल सकती है। बड़ी परेशानियों से मुक्ति मिलेगी। अपने काम करने के तरीके में बदलाव कर सकते हैं।



सिंह

आज आपको महत्वपूर्ण निर्णय लेने से आपको परेशानी होगी। मन में अज्ञात भय का भाव रहेगा। दूसरों की बातों को ज्यादा महत्व न दें। लवमेट्स को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। नए अनुबंध करने के लिए दिन अच्छा नहीं है।



कन्या

आज अनुभवी व्यक्तियों की सलाह लेने से आपको लाभ मिलेगा। बच्चों के साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। जॉब के बढ़ियां प्रपोजल आपको मिल सकते है। पारिवारिक रिश्तों में अच्छा सामंजस्य रहेगा। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।



तुला

आज रुके हुए काम आपके बनने के योग बन रहे हैं। दोस्त आपकी काफी मदद करेंगे। अविवाहित लोगों के विवाह को लेकर चर्चा चल सकती है। आपकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी रहेगी। अपनी व्यक्तिगत बातों को सार्वजनिक न होने दें।



वृश्चिक

आज किसी पुराने लोन की किश्त भरने में धन खर्च कर सकते हैं। अधिकारी आपके प्रदर्शन से संतुष्ट रहेंगे। विदेश यात्रा को लेकर दिन काफी अच्छा है। विद्यार्थी पढ़ाई में बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। किसी भी काम को जल्दबाजी में न करें।



धनु

आज यात्राओं में समय और धन बर्बाद होगा। आप लोगों की मदद करेंगे आपको उसके लिए सम्मान नहीं मिलेगा। राजनीति से जुड़े लोगों के विरोधी सक्रिय हो सकते हैं। आपका मूड अचानक से बदल सकता है। इसलिए आज बड़े निर्णय लेना उचित नहीं है।



मकर

आज सरकारी विभाग में कार्यरत लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है। आप काफी व्यस्त रहने वाले हैं। जीवनसाथी के साथ काफी अच्छा समय व्यतीत करेंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात होसकती है।



कुंभ

आज व्यापार में ग्राहक बढ़ने से आप काफी प्रसन्न रहेंगे। घर में कुछ नवीनीकरण कर सकते हैं। परिवार के लिए आप समय निकालेंगे। नौकरी कर रहे लोगों को बेहतरीन परिणाम मिलेंगे। दांपत्य जीवन में प्रसन्नता बढ़ेगी।



मीन

आज पूजा-पाठ और धार्मिक विषयों की तरफ आप काफी आकर्षित हो सकते हैं। जीवनसाथी के साथ कुछ अनबन हो सकती है। शुभ कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। मन में प्रसन्नता का अनुभव होगा। विद्यार्थी नए कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
भीष्मा
सुबह : 10.00
दानवीर
रात : 07.00

SONY MAX
पटेल की पंजाबी शादी
सुबह : 10.57
सत्यमेव जयते 2
रात : 10.01

SONY PIX
ब्राइटबर्न
सुबह : 11.24
रैमपेज
रात : 08.45

ZEE CINEMA
बुलंदी
सुबह : 10.30
आचार्य
रात : 07.30

colors CINEPLEX
द बॉडी
दोपहर : 01.51
तनु वेड्स मनु
रात : 09.33

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर सुबह-10.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टीचर- पानी मे रहने वाले 5 जीवों का नाम बताओ ?
सोनू -मेंढक
टीचर-वाह, बाकी चार भी बताओ
सोनू - उसकी मां, उसका बाप, उसकी बहन और उसका भाई।

भिखारी- भगवान के नाम पर कुछ दे दो।
लड़की-कुछ नहीं है बाबा, माफ करो
भिखारी- कुछ नहीं तो अपना मोबाइल नंबर ही दे दो,
बाबा दुआ भी करेगा और मैसेज भी।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 975 फ्लैग 1095 डीएमओ 860 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 1835, राज श्री 1360, फ़ॉर्चून कि. 1685, रविन्द्रा 1755, फॉर्चुन ली0 1550, जय जवान 1390, सचिन 1435, सूरज 1415, अवसर 1535, राग गोल्ड 1515, गृहणी 1430, क्लासिक (किलो) 1610, मोर 1580, चक्र टिन 1650, ब्लू 1540, आशीर्वाद मस्टर्ड 1660, स्वास्तिक 1805, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10300, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4650, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6850-7700, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-11900, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7450, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 14800, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 12400, अरहर पटका मोटा 12800, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15400, **चीनी**-डालमियां 3980, पीलीभीत 3960, नवाबगंज 3940, बहेड़ी (नई) 3960 रुपये।

# निजी पूंजीगत व्यय से वृद्धि को मिलेगी गति

## भारतीय रिजर्व बैंक ने बुलेटिन जारी करके अगले चरण के लिए जताई उम्मीद

**मुंबई, एजेंसी**




भारतीय अर्थव्यवस्था ने वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में हासिल की गई वृद्धि की रफ्तार को बरकरार रखा है और कॉरपोरेट क्षेत्र द्वारा पूंजीगत व्यय के नए दौर से वृद्धि के अगले चरण को गति मिलने की उम्मीद है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के बुलेटिन में मंगलवार को यह बात कही गई।

बुलेटिन में 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' पर एक लेख में कहा गया-हाल के महीनों में यह धारणा मजबूत हुई है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था 2024 में उम्मीद से अधिक मजबूत वृद्धि हासिल करेगी और जोखिमों को व्यापक रूप से संतुलित किया गया है। लेख के मुताबिक, उच्च आवृत्ति संकेतकों के आधार पर कहा जा सकता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने 2023-24 की पहली छमाही में हासिल की गई गति को बरकरार रखा है। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्रा के नेतृत्व वाली एक टीम द्वारा लिखे गए लेख में कहा गया-कॉरपोरेट क्षेत्र द्वारा पूंजीगत व्यय के नए दौर की उम्मीद से वृद्धि के अगले चरण को बढ़ावा मिलने की संभावना है। जिन परियोजनाओं के लिए बैंकों और वित्तीय संस्थानों ने ऋण स्वीकृत किए हैं, उनकी कुल लागत अप्रैल-दिसंबर, 2023 के दौरान 2.4 लाख करोड़ रुपये थी। यह राशि पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 23 प्रतिशत अधिक है। कुल मिलाकर इस साल अब तक निजी कॉरपोरेट क्षेत्र के निवेश इरादे सकारात्मक रहे हैं।

लेख में कहा गया कि केंद्रीय बैंक ने 2024-25 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। लेख में कहा गया कि स्थिर और चार प्रतिशत की मुद्रास्फीति जीडीपी वृद्धि की गति को बनाए रखने के लिए आधार तैयार करती है।

### आरबीआई ने भारत के ऋण-जीडीपी अनुपात पर आईएमएफ के तर्क को खारिज किया

आरबीआई के एक लेख में देश के सामान्य सरकारी ऋण के बारे में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के तर्क को खारिज किया गया है। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्रा के नेतृत्व वाली एक टीम द्वारा लिखे गए लेख में इस बात पर जोर दिया गया कि ऋण-जीडीपी अनुपात अनुमान से काफी कम हो सकता है। 'राजकोषीय समेकन के अनुकूल वृद्धि का आकार' शीर्षक वाले लेख में कहा गया है कि अनुभव से मिले निष्कर्षों से पता चलता है कि विवेकपूर्ण राजकोषीय समेकन और वृद्धि के बीच मध्यम अवधि की पूरकता अल्पकालिक लागत से अधिक हैं। लेख के मुताबिक, सामाजिक और भौतिक बुनियादी ढांचे, जलवायु कार्यवाही, डिजिटलीकरण और श्रमबल को कुशल बनाने पर किए जा रहे खर्च का दीर्घकाल में फायदा मिल सकता है।

# गन्ना की 3 नई प्रजाति बढ़ाएंगी मिठास

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

- शाहजहांपुर ने एक और लखनऊ संस्थान ने विकसित की दो किस्म
- गन्ने की अन्य प्रजाति से उत्पादन और चीनी परता होगा अधिक

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में गन्ने की नई 3 प्रजाति आच्छादन, गन्ना उत्पादन के साथ चीनी का उत्पादन बढ़ाने में सहायक होंगी।

नवविकसित प्रजाति में शीघ्र होने वाला कोयम्बटूर शाहजहांपुर (को.शा) 18231 शामिल है। इसे गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर ने शोध और परीक्षण कर विकसित किया है। यह फसल प्रदेश भर में की जाएगी। जबकि भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान लखनऊ ने अधिसूचित अगेती गन्ना प्रजाति कोयम्बटूर लखनऊ (को.लख) 16202 व 15206 मध्यदेर को विकसित किया है। यह प्रजाति प्रदेश के मध्य एवं पश्चिमी उप्र में की जाएगी। इन प्रजातियों को विकसित करने में आठ से 10 साल लगे हैं।

मंगलवार को तीनों प्रजाति को आयुक्त गन्ना एवं चीनी पीएन सिंह की अध्यक्षता में हुई बीज गन्ना एवं गन्ना किस्म स्वीकृति उपसमिति की बैठक में स्वीकृति दी गई है। पैदावार के लिए किसानों को शरदकालीन गन्ना बुआई से बीज उपलब्ध कराए जाएंगे।



**सभी में चीनी परता ज्यादा, दिया गया प्रस्तुतीकरण:** नवविकसित प्रजाति यह उच्च गुणवत्तायुक्त अधिक रोगरोधी हैं। यह अन्य प्रजाति से अधिक मीठा है। बैठक में प्रजातियों का प्रस्तुतिकरण किया गया।

18231 के शोध व परीक्षण आंकड़ों के अनुसार उपज 90.16 टन/हेक्टेयर पाई गई। जो प्रमाप की तुलना में 11.36 व 27.92 प्रतिशत अधिक है। इसमें 18231 में रस में शर्करा प्रतिशत व पोल प्रतिशत इन केन भी प्रमाप की तुलना में अधिक बताया गया और भी खूबियां बताई गईं। सीसीएस टन/हेक्टेयर की दृष्टि से 11.89 प्रमाप को. 0238 की तुलना में 13.84 प्रतिशत अधिक पाई गई। सभी में चीनी परता ज्यादा है। उपसमिति ने आंकड़ों का विस्तृत तुलनात्मक अध्ययन करने के बाद सम्पूर्ण प्रदेश के लिए स्वीकृत किया। इसी तरह इसी तरह 16202 (शीघ्र) व 15206 (मध्यदेर) को पश्चिम व मध्य के लिए स्वीकृत किया है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 73,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 63,800 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,500-47,700 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,000 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,850 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,700 |
| चांदी तैयार | 73,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 63,850 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,850 |
| चांदी पक्की | 722 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 64,000 |
| चांदी आभूषण | 73,100। |

## ईपीएफओ ने दिसंबर में 15.62 लाख सदस्य जोड़े

**नई दिल्ली।** सेवानिवृत्ति कोष का प्रबंधन करने वाले निकाय ईपीएफओ ने मंगलवार को ताजा पेरोल आंकड़े जारी कर बताया कि उनसे दिसंबर 2023 में शुद्ध रूप से 15.62 लाख सदस्य जोड़े। श्रम मंत्रालय के अनुसार, पिछले महीने की तुलना में दिसंबर 2023 के दौरान सदस्यों की संख्या मं 11.97 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है ईपीएफओ (कर्मचारी भविष्य निधि संगठन) के अस्थायी पेरोल आंकड़ों के मुताबिक निकाय ने दिसंबर में शुद्ध रूप से 15.62 लाख सदस्य जोड़े। यह दिसंबर 2022 की तुलना में 4.62 प्रतिशत की वृद्धि है।

## भारत का एआई बाजार 2027 तक 17 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा

**मुंबई, एजेंसी**

- नैसकॉम-बीसीजी ने रिपोर्ट जारी करके जताई उम्मीद

भारत का कृत्रिम मेधा (एआई) बाजार सालाना 25-35 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है और इसके 2027 तक 17 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई।

नैसकॉम की रिपोर्ट के अनुसार, यह वृद्धि उद्यम प्रौद्योगिकी खर्च में वृद्धि, भारत के बढ़ते एआई प्रतिभा आधार तथा एआई निवेश में उल्लेखनीय वृद्धि सहित कई कारकों से प्रेरित है। रिपोर्ट का शीर्षक 'एआई पावर्ड टेक सर्विज : ए रोडमैप फॉर फ्यूचर रेडी फर्म्स, एआई एंड जनएआई रोल इन टर्बोचार्जिंग द इंडस्ट्री' है।

बीसीजी के साथ साझेदारी में नैसकॉम रिपोर्ट मंगलवार को यहां नैसकॉम टेक्नोलॉजी एंड लीडरशिप फोरम 2024 के मौके पर जारी की गई। रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक स्तर पर एआई में निवेश में 2019 से 24 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि देखी गई है। 2023 में 83 अरब डॉलर के करीब निवेश हुआ था। अधिकतर निवेश डेटा एनालिटिक्स, जेनएआई और एमएल एल्गोज़ और मंच में किए गए थे।

## प्याज निर्यात पर प्रतिबंध 31 मार्च तक जारी रहेगा

**नई दिल्ली।** प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध पहले से घोषित समय सीमा 31 मार्च तक जारी रहेगा। सरकार की कीमतों को नियंत्रण में रखने और घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने की कोशिश जारी है। एक शीर्ष अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सरकार ने आठ दिसंबर 2023 को 31 मार्च तक प्याज के निर्यात पर रोक लगा दी थी। उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने कहा कि प्याज निर्यात पर प्रतिबंध नहीं हटाया गया है। यह जारी है। मौजूदा स्थिति में कोई भी बदलाव नहीं है।

## सेंसेक्स 349 अंक चढ़ा, निफ्टी का फिर बना नया रिकॉर्ड

**मुंबई, एजेंसी**



स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार छठे कारोबारी सत्र में तेजी का सिलसिला जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 349 अंक चढ़ गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी फिर नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स शुरुआती नुकसान से उबरते हुए 349.24 अंक यानी 0.48 प्रतिशत की बढ़त के साथ 73,057.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 18 शेयर लाभ में जबकि 12 नुकसान में रहे। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 74.70 अंक यानी 0.34 प्रतिशत की बढ़त के साथ नए रिकॉर्ड स्तर 22,196.95 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी अपने सर्वकालिक उच्चस्तर 22,215.60 अंक तक गया। निजी बैंकों के शेयरों में लिवाली से शेयर बाजार नुकसान से उबर गया।



## एक नजर

### बुजुर्ग की मौत पर उड्डयन महानिदेशालय को नोटिस जारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मंगलवार को मुंबई हवाई अड्डे पर व्हीलचेयर की अनुपलब्धता के कारण एक बुजुर्ग व्यक्ति (80) की मौत के मामले में नागरिक उड्डयन महानिदेशालय को नोटिस दिया है। आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार इस मामले में नागरिक उड्डयन महानिदेशालय से चार सप्ताह के भीतर मामले में विस्तृत रिपोर्ट मांगी गयी है। आयोग ने इस मामले में मीडिया की खबरों का स्वत: संज्ञान लेते हुये यह नोटिस जारी किया।

### शिक्षक भर्ती घोटाले में बिचौलिया गिफ्तार

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल सरकार के स्वामित्व वाले विद्यालयों में 'शिक्षक भर्ती घोटाले' मामले में बिचौलिया होने के संदेह में ट्रैवल एजेंसी के मालिक प्रसन्ना रॉय को 10 घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। आधिकारिक सूत्र मंगलवार को यह जानकारी दी। शिक्षकों की नियुक्ति में कथित अनियमितताओं में धन के लेन-देन की जांच कर रही ईडी ने यहां स्थित अपने कार्यालय में पूछताछ करने के बाद सोमवार रात रॉय को गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब है कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) अगस्त 2022 में द्वारा जारी उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद रॉय जमानत पर थे।

# कांग्रेस देश का कभी विकास नहीं कर सकती

## गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस को परिवारवादी व दिशाहीन पार्टी करार दिया

**जयपुर, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उसे परिवारवादी व दिशाहीन पार्टी करार दिया तथा कहा कि वह देश का कभी विकास नहीं कर सकती। शाह ने उदयपुर में पार्टी के कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा-कांग्रेस पार्टी परिवारवाद पार्टी है, इतना ही नहीं यह दिशाविहीन पार्टी है।

उन्होंने कहा-भारत का विकास कांग्रेस पार्टी नहीं कर सकती। गरीबों का कल्याण कांग्रेस पार्टी नहीं कर सकती। भारत को सुरक्षित यह कांग्रेस पार्टी नहीं कर सकती। भारत का गौरव कांग्रेस पार्टी नहीं बढ़ा सकती।' शाह ने कहा कि कांग्रेस वाले एफिडेविट देते हैं कि राम का अस्तित्व भी नहीं है। उन्होंने कहा,' कांग्रेस देश का विभाजन करने पर तुली है। उनके नेता उत्तर भारत और दक्षिण भारत दो हिस्सों में बांटने की मांग करते हैं। लेकिन अब किसी की हिम्मत नहीं है कि राजस्थान या देश में दंगे कर सके। हम भारत को आत्मनिर्भर बनाएंगे, ये भारतीय जनता पार्टी सरकार का वादा है।' भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने राम मंदिर के मुद्दे को अटकाकर रखा।

शाह ने कहा-हमने वादा किया था कि हम मंदिर बनाएंगे। करोड़ों लोगों के आराध्य भगवान राम एक टेंट में अपमानित होकर, अपना स्थान गंवाकर बैठे थे।...कांग्रेस ने प्रभु श्रीराम के मंदिर के मुद्दे को अटकाकर, लटकाकर व भटकाकर रखा। कहीं पर भी इनकी मंशा नहीं थी कि अयोध्या में राम मंदिर बने। उन्होंने मोदी सरकार की उपलब्धि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने दस साल में देश के पच्चीस करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर लाने का काम किया। गरीबों को घर दिया, गैस सिलेंडर दिया, बिजली दी, प्रति व्यक्ति प्रति माह पांच किलो अनाज मुफ्त दिया, पांच लाख तक की दवा का खर्च आज मोदी सरकार उठा रही है। शाह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने देश को सुरक्षित करने का काम किया है।

### इंडी गठबंधन परिवारवादी पार्टियों का स्वार्थी मेलजोल



भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने कहा-मोदी जी के नेतृत्व में राजग एक विकास करने वाला एलायंस है जबकि यह घमंडिया, इंडी गठबंधन यह सात परिवारों का परिवारवादी पार्टियों का स्वार्थी मेलजोल है।' उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने आदिवासी समुदाय को सम्मान देने का काम किया है और द्रौपदी मुर्मू को भारत का राष्ट्रपति बनाया है। शाह ने लोगों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के विकास के लिए लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट देने की भी अपील की। इससे पहले शाह राजस्थान के एक दिवसीय दौरे पर मंगलवार दोपहर बीकानेर पहुंचे। उन्होंने वहां आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बीकानेर क्लस्टर में लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक को संबोधित किया।

# एमएसपी पर कानून लाने के लिए 1 दिन का संसद सत्र बुलाए केंद्र सरकार : पंधेर

**चंडीगढ़, एजेंसी**

- किसान नेता सरवन ने प्रमुख मांगों को स्वीकार करने को भी कहा

किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार को फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानून लाने के वास्ते 1 दिन का संसद सत्र बुलाना चाहिए। उन्होंने केंद्र से कृषि ऋण माफी समेत किसानों की अन्य प्रमुख मांगों को स्वीकार करने को भी कहा।

उनका यह बयान 'दिल्ली चलो' मार्च में भाग लेने वाले किसान नेताओं द्वारा पांच साल के लिए एमएसपी पर दालों, मक्का और कपास की खरीद के केंद्र के प्रस्ताव को खारिज किए जाने के एक दिन बाद आया है। किसान नेताओं ने कहा है कि केंद्र का प्रस्ताव किसानों के पक्ष में नहीं है। रविवार को किसान नेताओं के साथ चौथे दौर की बातचीत में तीन केंद्रीय मंत्रियों की समिति ने प्रस्ताव दिया था कि किसानों के साथ समझौता करने के बाद सरकारी एजेंसियां पांच साल तक दालें, मक्का और कपास एमएसपी पर खरीदेंगी।



संयुक्त किसान मोर्चा और किसान मजदूर मोर्चा 'दिल्ली चलो' मार्च का नेतृत्व कर रहे हैं। मंगलवार को पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू बॉर्डर पर पत्रकारों से बातचीत में किसान मजदूर मोर्चा का प्रतिनिधित्व करने वाले पंधेर ने कहा-हमारी मांग है कि एमएसपी की गारंटी का कानून लाया जाए। अगर प्रधानमंत्री के पास इच्छाशक्ति होगी तो संसद का एक दिन का सत्र बुलाया जा सकता है। कोई भी विपक्षी दल इसका विरोध नहीं करेगा। उन्होंने कहा-मैं मांग करता हूं कि सभी विपक्षी दल अपना रुख स्पष्ट करें।

### 177 सोशल मीडिया खातों, वेब लिंक ब्लॉक

**नई दिल्ली।** सरकार ने किसानों के विरोध प्रदर्शन से जुड़े करीब 177 सोशल मीडिया खातों और वेब लिंक को अस्थायी रूप से 'ब्लॉक' करने का आदेश दिया है। सूत्रों ने बताया कि यह आदेश इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने गृह मंत्रालय के अनुरोध पर आईटी (सूचना प्रौद्योगिकी) अधिनियम की धारा 69ए के तहत 14 और 19 फरवरी को जारी किए।

## राजस्थान में जेईएन पेपर लीक मामले में पटवारी सहित चार लोग गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस की विशेष शाखा एसओजी ने कनिष्ठ अभियंता (जेईएन) पेपर लीक मामले में एक पटवारी सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। ये सभी सरकारी कर्मचारी हैं। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एटीएस एवं एसओजी) वीके सिंह ने बताया कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने परीक्षा का आयोजन छह दिसंबर 2020 को विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर किया गया था। इस परीक्षा के पेपर लीक प्रकरण की जांच में पेपर लीक पाये जाने पर बोर्ड ने परीक्षा रद्द कर दी थी। उन्होंने बताया कि प्रकरण में अनुसंधान के दौरान 24 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## विधानसभा में हंगामे पर कांग्रेस के 10 सदस्य निलंबित

**गांधीनगर, एजेंसी**

- गुजरात के सदन में कर रहे थे नारेबाजी, कुल संख्या 15 हो गई

पिछले साल गुजरात के छोटा उदयपुर जिले में सामने आए एक 'फर्जी' सरकारी कार्यालय के खुलासे और सिंचाई परियोजनाओं के लिए धन की हेराफेरी के मुद्दे पर विधानसभा में हंगामे और नारेबाजी के बाद मंगलवार को विपक्षी कांग्रेस के 10 सदस्यों को सदन से एक दिन के लिए निलंबित कर दिया गया।

विधानसभा में कांग्रेस के सदस्यों की कुल संख्या 15 है लेकिन हंगामे के वक्त उसके पांच विधायक सदन में नहीं थे। चालू बजट सत्र के प्रश्नकाल के दौरान, कांग्रेस विधायक तुषार चौधरी ने जानना चाहा कि सरकार ने उन लोगों के खिलाफ क्या कार्रवाई की है, जिन्होंने छोटा उदयपुर जिले में एक 'फर्जी' सरकारी कार्यालय खोला था और आदिवासी क्षेत्र में विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं को पूरा करने के लिए सरकारी धन की हेराफेरी की थी। जनजातीय विकास मंत्री कुबेर डिंडोर ने कहा कि उदयपुर जिले में ऐसा कोई कार्यालय नहीं पाया गया और इसलिए कार्रवाई के बारे में कोई सवाल ही नहीं उठता।

## मराठों को 10 प्रतिशत आरक्षण से संबंधित विधेयक महाराष्ट्र में पारित

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानमंडल ने शिक्षा एवं सरकारी नौकरियों में मराठा समुदाय को 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने वाला विधेयक मंगलवार को सर्वसम्मति से पारित कर दिया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मराठा आरक्षण पर विधानमंडल के एक दिवसीय विशेष सत्र के दौरान सदन में महाराष्ट्र राज्य सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़ा विधेयक 2024 पेश किया। विधेयक को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। इसमें कहा गया कि महाराष्ट्र की कुल आबादी में मराठों की हिस्सेदारी 28 प्रतिशत है। इसमें कहा गया है कि बड़ी संख्या में जातियां और समूह पहले से ही आरक्षित श्रेणी में हैं।

# दिल्ली उच्च न्यायालय ने हाथ से मैला उठाने संबंधी याचिका पर केंद्र से मांगा जवाब

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- केंद्रीय मंत्रालय व दिल्ली सरकार के खिलाफ नोटिस जारी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने हाथ से मैला उठाने की अनुमति देने वाले काननू के विभिन्न प्रावधानों को चुनौती देने वाली एक याचिक पर केंद्र और दिल्ली सरकार से मंगलवार को जवाब तलब किया।

याचिका में कहा गया है कि ऐसे प्रावधान हाथ से मैला उठाने वाले और सुरक्षात्मक उपकरणों का इस्तेमाल करते हुए मैला उठाने वाले लोगों के बीच 'अतार्किक विभेद' पैदा करते हैं। याचिकाकर्ता ने कहा है कि संबंधित कानून हाथ से मैला उठाने की "अमानवीय" प्रथा को खत्म करने में विफल रहा है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी. एस. अरोड़ा की खंडपीठ ने याचिका पर केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय तथा दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किए। उच्च न्यायालय ने अधिकारियों को अपना जवाब दाखिल करने के लिए आठ सप्ताह का समय दिया तथा मामले की अगली सुनवाई के लिए चार जुलाई की तारीख तय की। याचिका में ''हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम, 2013'' की विभिन्न धाराओं को निरस्त करने की मांग की गयी है, साथ ही इस आमनवीय प्रथा को अनुच्छेद 14 (कानून के समक्ष समानता), अनुच्छेद 17 (अस्पृश्यता का उन्मूलन), अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का संरक्षण) और अनुच्छेद 23 का उल्लंघन बताया गया है।




## हेमंत सोरेन के खिलाफ एक और मामला दर्ज

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ एक और मामला दर्ज हुआ है। इस संबंध में यहां ईडी की ओर से शिकायतवाद संख्या 3952/2024 सीजेएम कोर्ट में दाखिल की गई। इसकी सुनवाई मंगलवार को हुई। सुनवाई के बाद कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 27 फरवरी निर्धारित की है। शिकायतवाद में शिकायतकर्ता ईडी की ओर से बताया गया है कि हेमंत सोरेन को ईडी ने जमीन घोटाला मामला में 10 समन जारी किया था, जिसमें से मात्र दो समन पर ही हेमंत सोरेन ईडी के समक्ष उपस्थित हुए थे। यह ईडी के समन की अवहेलना है। समन की अवहेलना को लेकर शिकायतवाद दर्ज कराया गया है।

# स्थिति भयावह होने के साथ-साथ पूरी तरह अराजक

**कोलकाता, एजेंसी**

## संदेशखालि मामला

- हाईकोर्ट से अनुमति मिलने के बाद क्षेत्र पहुंचे भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी बोले

कलकत्ता उच्च न्यायालय से अनुमति मिलने के बाद मंगलवार को दोपहर बाद पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि पहुंचे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पश्चिम बंगाल इकाई के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने संघर्षग्रस्त क्षेत्र की स्थिति को भयानक तथा अराजकता का स्पष्ट उदाहरण बताया। एक अन्य विधायक शंकर घोष के साथ पहुंचे अधिकारी ने महिलाओं सहित स्थानीय लोगों से बात की।

महिलाओं ने फरार चल रहे शाहजहां शेख सहित तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के स्थानीय नेताओं द्वारा दिए गए अपने दर्दनाक अनुभवों को साझा किया। भाजपा नेता नाव से कालिंदी नदी पार कर संदेशखालि पहुंचे, जहां महिलाओं सहित स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा-स्थानीय लोगों द्वारा साझा किये गये अनुभव बेहद दर्दनाक हैं। उनकी जमीनें हड़प ली गईं और महिलाओं का शोषण किया गया। सब कुछ पुलिस और प्रशासन की मदद से हुआ। स्थिति पूरी तरह से भयावह है और इलाके में अराजकता का स्पष्ट उदाहरण है। अधिकारी ने संदेशखालि में घरों का दौरा करने के साथ ही स्थानीय लोगों से बात की। वह 2007-08 में नंदीग्राम में भूमि अधिग्रहण-विरोधी आंदोलन के दिनों में तत्कालीन विपक्षी नेता ममता बनर्जी के करीबी विश्वासपात्र थे।



### शाहजहां की गिरफ्तारी न होने पर कोर्ट ने जताई हैरानी

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी को संकटग्रस्त संदेशखालि गांव का दौरा करने की अनुमति दे दी लेकिन साथ ही इस बात पर आश्चर्य जताया कि मुख्य आरोपी शाहजहां शेख को अब तक राज्य पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया है। मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणनम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा-यह काफी आश्चर्य की बात है कि जिस व्यक्ति को इस समस्या का मूल कारण बताया जा रहा है उसे अभी भी पकड़ा नहीं जा सका है और वह कानून तोड़कर भागा हुआ है। पीठ ने कहा कि अदालत को नहीं पता कि उसे संरक्षण प्राप्त है या नहीं, तथ्य यह है कि उसे पकड़ा नहीं गया है। एकल पीठ के आदेश को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की अपील पर सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा, "इसका मतलब यह हो सकता है कि राज्य के पुलिस तंत्र के पास उसे पकड़ने के साधन नहीं हैं या (वह) राज्य पुलिस के अधिकार क्षेत्र से बाहर है।

# नीदरलैंड पर दबदबा बरकरार रखने को उतरेगा भारत

## एफआईएच प्रो लीगः पांच में दो मुकाबले जीते, नीदरलैंड और स्पेन को शूट आउट में हराकर अंक किए हासिल

राउरकेला, एजेंसी



भारतीय पुरुष हॉकी टीम बुधवार को एफआईएच प्रो लीग के अगले चरण में नीदरलैंड के खिलाफ उतरेगी तो उसकी नजरें जीत के साथ इस टीम पर अपना दबदबा बनाए रखने पर होंगी। प्रो लीग में भारत ने अब तक प्रभावी प्रदर्शन किया है। ड्रैगफ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम ने पांच में से अपने दो मुकाबले नियमित समय में जीते जबकि नीदरलैंड और स्पेन को शूट आउट में हराकर बहुमूल्य बोनस अंक भी हासिल किए।

टीम ने एकमात्र मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गंवाया है लेकिन उसमें भी भारतीय टीम जीत दर्ज करने की स्थिति में थी। भारत अभी पांच मैच में 10 अंक के साथ प्रो लीग तालिका में चौथे स्थान पर चल रहा है। नीदरलैंड नौ मैच में 18 अंक के साथ शीर्ष पर है। अर्जेन्टीना के आठ मैच में 13 जबकि ऑस्ट्रेलिया के चार मैच में 12 अंक हैं। दुनिया की तीसरे नंबर की टीम भारत को हालांकि दुनिया की 12वें नंबर की टीम आयरलैंड और आठवें नंबर की टीम स्पेन के खिलाफ पिछले दो मुकाबलों में जूझना पड़ा था। आयरलैंड के खिलाफ भारत ने गुरजंत सिंह के अंतिम मिनट में दागे गोल की बदौलत 1-0 से जीत दर्ज की और फिर मैराथन शूट आउट में स्पेन को 8-7 से हराया। भारत और स्पेन 60 मिनट के नियमित समय के बाद 2-2 से बराबर थे। भारत को नीदरलैंड के खिलाफ नियमित समय में जीत दर्ज करके तीन अंक जुटाने हैं तो अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। पिछले तीन मुकाबले में प्रदर्शन भले ही उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा हो लेकिन उप कप्तान हार्दिक सिंह ने कहा है कि दुनिया की नंबर एक टीम के खिलाफ मुकाबले से पहले टीम का आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है। भुवनेश्वर में 11 फरवरी को नीदरलैंड के खिलाफ नियमित समय में मुकाबला 2-2 से बराबर रहने के बाद भारत ने शूट आउट में 4-2 से जीत दर्ज की थी। मिडफील्डर हार्दिक ने कहा, पहले हाफ में हमारा प्रदर्शन उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहा लेकिन दूसरे हाफ में हमने जोरदार वापसी की और खेल को शूटआउट में खींचा। हम तब से अपनी संभावनाओं के बारे में आश्वस्त थे, विशेषकर यह देखते हुए कि हमारे पास अच्छे गोलकीपर हैं।

# हुसैन ने डकेट से कहा, बैजबॉल से नहीं जायसवाल ने कड़ी मेहनत से सीखा

लंदन, एजेंसी





पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने राजकोट टेस्ट में यशस्वी जायसवाल की आक्रामक बल्लेबाजी को इंग्लैंड की 'बैजबॉल' रणनीति से प्रभावित बताने वाले बेन डकेट की आलोचना की। उन्होंने कहा कि मेहमान टीम को इस बल्लेबाज से सीख लेने की जरूरत है। राजकोट में तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद डकेट ने जायसवाल की आक्रामक बल्लेबाजी की प्रशंसा की और कहा कि टेस्ट मैचों में आक्रामक बल्लेबाजी करने के लिए प्रेरित करने का श्रेय इंग्लैंड की वर्तमान टीम को जाता है। इंग्लैंड की आक्रामक बल्लेबाजी करने की 'बैजबॉल' रणनीति इस मैच में नहीं चल पाई और उसे 434 रन की करारी हार का सामना करना पड़ा। हुसैन ने डकेट की टिप्पणी पर कहा कि जायसवाल को लेकर डकेट की टिप्पणी की उसने हमसे सीखा, मैं उसके बारे में बात करने जा रहा हूं। उसने (जायसवाल) आपसे नहीं सीखा है बल्कि उसने अपनी परवरिश और कड़ी मेहनत से सीखा है। उसने आईपीएल से सीखा है। हुसैन ने पूर्व कप्तान माइकल एथरटन के साथ चर्चा के दौरान कहा कि अगर कुछ भी हो मैं उसे देखकर सीख लूंगा। हुसैन ने रांची में होने वाले चौथे टेस्ट मैच से पहले इंग्लैंड के खिलाड़ियों को आत्ममंथन करने की सलाह भी दी। वे सार्वजनिक या ड्रेसिंग रूम में जो कुछ कह रहे हों, उन्हें असल में अपने अंदर झांकने की जरूरत है।

## खेल डायरी

### स्पेन को हराकर भारतीय महिला टीम विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप के नॉकआउट चरण में

**बुसान, एजेंसी।** भारतीय महिला टीम ने विश्व टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप के अपने आखिरी ग्रुप मुकाबले में स्पेन के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए 3-2 की जीत के साथ नॉकआउट चरण में जगह पक्की की। कागजों पर मजबूत भारतीय टीम को स्पेन से कड़ी टक्कर मिली। श्रीजा अकुला और मनिका बत्रा के शुरुआती दोनों मैचों में हारने के बाद अयहिका मुखर्जी ने जीत के साथ भारत की मुकाबले में वापसी कराई। श्रीजा और मनिका चौथे और पांचवें मैच को जीतने में सफल रहे। भारत चार मैचों में तीन जीत के साथ ग्रुप एक में शीर्ष स्थान पर रहा। इस ग्रुप में चीन शीर्ष स्थान पर रहा। भारत को ग्रुप चरण में इकलौती हार चीन से मिली। चीन के खिलाफ अयहिका और श्रीजा ने विश्व की नंबर एक और नंबर दो खिलाड़ी क्रमशः सुन यिंगसा और वांग यिदि को हराया था। इस स्पर्धा में 40 टीमों में से भारत नॉकआउट में जगह बनाने वाली 32 टीमों में शामिल है।

### 'लेन उल्लंघन' से गुलवीर ने गंवाया स्वर्ण पदक

**तेहरान, एजेंसी।** भारत के गुलवीर सिंह ने एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की 3000 मीटर दौड़ का स्वर्ण पदक गंवा दिया, क्योंकि उन्हें 'लेन उल्लंघन' से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। गुलवीर ने सोमवार को 3000 मीटर के फाइनल में 8 मिनट 07.48 सेकंड का समय लेकर पहला स्थान पाया था। यह स्पर्धा ओलंपिक में शामिल नहीं है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने देर रात इसके खिलाफ अपील दायर की लेकिन उसे भी नामंजूर कर दिया गया। टीम के साथ गए एक कोच ने कहा, हां, यह फैसला सुनाया गया कि गुलवीर ने लेन का उल्लंघन किया था। एएफआई ने विरोध भी दर्ज कराया लेकिन उसे नामंजूर कर दिया गया।

### ला लीगा में एथलेटिक्स बिलबाओ से हारा गिरोना

**मैड्रिड, एजेंसी।** दूसरे स्थान पर चल रहे गिरोना ने एथलेटिक्स बिलबाओ के खिलाफ 2-3 की शिकस्त के साथ स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा के शीर्ष पर रीयाल मैड्रिड की बढ़त को कम करने का मौका गंवा दिया। गिरोना के पास रीयाल मैड्रिड की बढ़त को तीन अंक तक सीमित करने का मौका था लेकिन एलेक्स बेरेनगुएर ने दो और इनाकी विलियम्स ने एक गोल दागकर बिलबाओ की जीत सुनिश्चित की। गिरोना की ओर से विक्टर सेहानकोव और एरिक गार्सिया ने गोल किए। गिरोना की हार से ला लीगा के शीर्ष पर रीयाल मैड्रिड की छह अंक की बढ़त बरकरार है। रीयाल मैड्रिड के 25 मैच में 62 जबकि दूसरे स्थान पर चल रहे गिरोना के इतने ही मैच में 56 अंक हैं।

### सिंगापुर के भारतीय मूल के 8 साल के लड़के ने पोलैंड के ग्रैंडमास्टर को हराया, बनाया रिकॉर्ड




**सिंगापुर, एजेंसी।** भारतीय मूल के सिंगापुर के आठ साल के अश्वथ कौशिक रविवार को स्विट्जरलैंड में बर्गडोर्फर स्टेडथॉस ओपन टूर्नामेंट में पोलैंड के शतरंज ग्रैंडमास्टर जासेक स्टोपा को हराकर क्लासिकल शतरंज में किसी ग्रैंडमास्टर को हराने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। चैनल न्यूज एशिया की खबर के अनुसार सिंगापुर का प्रतिनिधित्व कर रहे अश्वथ ने 37 साल के स्टोपा को हराया। पिछला रिकॉर्ड कुछ ही हफ्ते पहले बना था जब सर्बिया के लियोनिड इवानोविच ने बेलग्रेड ओपन में बुल्गारिया के 60 साल के ग्रैंडमास्टर मिल्को पोपचेव को हराया था। इवानोविच की उम्र अश्वथ से कुछ महीने अधिक है। फिडे विश्व रैंकिंग में दुनिया के 37,338वें नंबर के खिलाड़ी अश्वथ 2017 में सिंगापुर आ गए थे। उन्होंने कहा, मुझे अपने खेल पर और मैंने जैसा प्रदर्शन किया उस पर गर्व है, विशेषकर तब जब मैं एक समय बहुत खराब स्थिति में था लेकिन वहां से वापसी करने में कामयाब रहा। सिंगापुर के ग्रैंडमास्टर और सिंगापुर शतरंज महासंघ के सीईओ केविन गोह ने अश्वथ की उपलब्धि की सराहना करते हुए 'एक्स' पर लिखा, उसके पिता ने काफी समर्थन किया, लड़का समर्पित है, स्कूल ने लचीलापन दिखाया और निश्चित रूप से उसमें नैसर्गिक प्रतिभा है। उन्होंने लिखा, यह देखना बाकी है कि वह कितनी दूर तक जा सकता है क्योंकि उम्र बढ़ने के साथ लड़के की रुचि बदल सकती हैं। फिर भी हम आशांवित हैं।

# भारत के खिलाफ गेंदबाजी करने पर विचार कर रहे हैं स्टोक्स

## दो टेस्ट मैच में शिकस्त ने इंग्लैंड के कप्तान को विचार करने पर किया विवश

राजकोट, एजेंसी



भारत के खिलाफ दो टेस्ट मैच में शिकस्त ने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स को गेंदबाजी में वापसी पर विचार करने को मजबूर कर दिया है और मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने स्वीकार किया है कि यह एक अच्छा संकेत है लेकिन वे नहीं चाहते कि यह ऑलराउंडर अनावश्यक रूप से जल्दबाजी करे। अब भी घुटने की सर्जरी से उबर रहे स्टोक्स ने पिछले साल जून में दूसरे एशेज टेस्ट के बाद से गेंदबाजी नहीं की है।

मैकुलम ने कहा कि यह अच्छा है कि वह उस स्थिति में पहुंच रहा है जहां उसे लगता है कि वह गेंदबाजी कर सकता है। उन्होंने कहा, लेकिन बेन चतुर है, वह काफी चतुर है। वह तब तक गेंदबाजी नहीं करेगा जब तक उसे नहीं लगता कि वह वैध रूप से गेंदबाजी करने में सक्षम है। समस्या तब होगी जब वह गेंदबाजी स्पेल शुरू करेगा और फिर उसे खत्म नहीं कर पाएगा। इसलिए हम देखेंगे कि क्या होता है। मैकुलम ने कहा, हमें देखना होगा कि खतरा कहां है और उसे इससे दूर करने की कोशिश करनी होगी, लेकिन यह एक अच्छा संकेत है। राजकोट टेस्ट से पहले स्टोक्स ने कहा था कि उन्होंने अपने फिजियोथेरेपिस्ट से वादा किया था कि वह मौजूदा श्रृंखला में गेंदबाजी नहीं करेंगे। लेकिन रविवार को तीसरे टेस्ट में 434 रन की हार के बाद जब उनसे पूछा गया कि क्या वह अपनी ऑलराउंडर की भूमिका दोबारा निभाएंगे तो स्टोक्स ने कहा, मैं हां नहीं कह रहा हूं, मैं ना भी नहीं कह रहा हूं। मैं ज्यादातर चीजों के बारे में हमेशा आशावादी रहता हूं। मेडिकल टीम के साथ विस्तृत बातचीत होगी कि मुझ पर काम का कितना बोझ है, जिससे कि मुझे कोई बड़ा खतरा नहीं हो। राजकोट टेस्ट के दौरान स्टोक्स ने शत प्रतिशत क्षमता से ट्रेनिंग की थी और स्वीकार किया था कि उन्हें काफी अच्छा महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा, मैं अभ्यास के एक दिन शत प्रतिशत क्षमता के साथ गेंदबाजी करने में सफल रहा, जिससे मुझे अच्छा महसूस हुआ। मुझे लगा कि मैं मैच में गेंदबाजी कर सकता था लेकिन यह बेवकूफी होती। श्रृंखला का पहला मैच 28 रन से जीतने के बाद इंग्लैंड को विशाखापत्तनम में 106 रन से हार मिली, जिसके बाद राजकोट में सबसे करारी हार झेलनी पड़ी और श्रृंखला में 1-2 से पिछड़ गई। अगर यह ऑलराउंडर दोबारा गेंदबाजी करना शुरू कर दे तो इंग्लैंड की टीम को काफी फायदा होगा।

### अंपायर कॉल को हटा देना चाहिएः बेन

**रांची।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने अंपायर्स कॉल को लेकर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इसे हटाया जाना चाहिए। स्टोक्स ने कहा कि मेरी निजी राय यह है कि अगर गेंद स्टंप्स से टकरा रही है, तो मैं पूरी ईमानदारी से कहूं तो अंपायर कॉल को हटा देना चाहिए, लेकिन मैं इसमें ज्यादा नहीं पड़ना चाहता, क्योंकि तब यह ऐसा लगेगा कि हम इसलिए बिलबिला रहे है कि हम हारे हैं, इसीलिए हम केवल मन मसोसकर रह गए हैं। सोशल मीडिया पर नाराजगी व्यक्त करने के बाद स्टोक्स ने राजकोट टेस्ट के अंत में डीआरएस पर स्पष्ट किया कि इंग्लैंड की हार का कारण उनकी तकनीक नहीं थी। अंपायर्स कॉल पर पहले भी कई खिलाड़ियों ने असंतोष व्यक्त किया है। 2021 में इंग्लैंड के दौरे पर भारतीय कप्तान विराट कोहली ने भी अंपायर्स कॉल को लेकर नाराजगी जताई थी और अपनी टीम के खिलाफ ऑफयर द्वारा लिए फैसले को गलत ठहराया था। उस समय भी इस तकनीक को लेकर गर्मागरम बहस छिड़ी थी।

# बुमराह को विश्राम, राहुल रांची मैच से भी हुए बाहर

राजकोट, एजेंसी





तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को मंगलवार को भारतीय टेस्ट टीम से रिलीज (विश्राम के लिए टीम बाहर करना) किया गया, जबकि बल्लेबाज लोकेश राहुल शुक्रवार से रांची में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाले चौथे मैच के लिए पूर्ण फिटनेस हासिल करने में नाकाम रहे। बुमराह को उनके कार्यभार प्रबंधन के तहत रिलीज किया गया है। वह 3 मैचों में 17 विकेट के साथ टेस्ट श्रृंखला में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज है। उन्होंने विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में अपने दम पर भारत को जीत दिलाई थी। राहुल अपने दाहिने क्वाड्रिसेप्स (दाहिने जांघ की मांसपेशियों) में दर्द की शिकायत के बाद दूसरा और तीसरा टेस्ट भी नहीं खेल पाए थे। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा कि जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ रांची में होने वाले चौथे आईडीएफसी फर्स्ट बैंक टेस्ट के लिए टीम से रिलीज कर दिया गया है। मौजूदा श्रृंखला की अवधि और हाल के दिनों में उनके द्वारा खेली गई क्रिकेट मैचों की संख्या को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि इस बीच लोकेश राहुल चौथे टेस्ट से भी बाहर रहेंगे। धर्मशाला में अंतिम टेस्ट मैच में उनकी भागीदारी फिटनेस पर निर्भर है। राजकोट में तीसरे टेस्ट के लिए टीम से रिलीज किए गए तेज गेंदबाज मुकेश कुमार रांची में टीम से जुड़ गए हैं।

### रूट को अपना स्वाभाविक खेल खेलना चाहिएः चैपल



**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल ने खराब फॉर्म में चल रहे इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट से 'बैजबॉल (टेस्ट में बेहद आक्रामक होकर बल्लेबाजी की रणनीति)' तरीके को छोड़कर अपना स्वाभाविक खेल खेलने की सलाह दी। बल्लेबाज रूट भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। पिछली छह पारियों में उनका सर्वोच्च स्कोर 29 रन रहा है। वह ज्यादातर मौके पर आक्रामक शॉट खेलने की कोशिश में आउट हुए। ब्रैंडन मैकुलम के कोच और बेन स्टोक्स के कप्तान बनने के बाद इंग्लैंड 'बैजबॉज' अंदाज में टेस्ट खेल रहा है और रूट को इससे सामंजस्य बिठाने में संघर्ष करना पड़ा है।

# कड़ी मेहनत करके इस स्तर तक पहुंचा हूंः आशुतोष

मोहाली, एजेंसी



आईपीएल की टीम पंजाब किंग्स के नए खिलाड़ी आशुतोष शर्मा ने कहा कि मौका मिलने पर वह अपनी फ्रेंचाइजी के लिए बल्ले से प्रभावी प्रदर्शन करना चाहते हैं। आशुतोष ने कहा कि उन्होंने इस स्तर तक पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत की है और खेल में गलती होने पर पर खुद को घरेलू काम करने की सजा देते हैं। मध्य प्रदेश के लिए प्रथम श्रेणी के चार मैचों में एक शतक लगाने वाले आशुतोष को पंजाब किंग्स ने आईपीएल नीलामी में 20 लाख की बोली के साथ टीम में शामिल किया है। मध्य प्रदेश के रतलाम के आशुतोष को आर्थिक तंगी से निपटने के लिए अंपायरिंग का सहारा लेना पड़ा था। आशुतोष ने कहा कि मैंने जब क्रिकेट में करियर बनाने के लिए घर छोड़ा था तब मेरे पास ज्यादा पैसे नहीं थे। मैं शिविर में जाता था और दोपहर के खाने के लिए अंपायरिंग शुरू कर दिया था। परिवार में कमाई के सीमित संसाधन थे और खुद के बूते सब कुछ करना काफी मुश्किल था।

# आईपीएल 22 मार्च से शुरू करने की योजनाः धूमल

नई दिल्ली, एजेंसी





इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का आगामी चरण 22 मार्च से शुरू होगा और लोकसभा चुनावों के बावजूद इसका आयोजन देश में ही होगा। आईपीएल के अध्यक्ष अरुण धूमल ने यह जानकारी दी। आम चुनाव के अप्रैल और मई में होने की संभावना है और यही कारण है कि आईपीएल के 17वें सत्र का कार्यक्रम अभी तक जारी नहीं किया गया है।

धूमल ने कहा कि शुरुआत में इस लीग के केवल पहले 15 दिनों के कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी। बाकी मैचों के कार्यक्रम की घोषणा आम चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद होगी। लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा अगले महीने की शुरुआत में होने की संभावना है। धूमल ने कहा हि हम टूर्नामेंट को 22 मार्च से शुरू करने की योजना बना रहे हैं। हम सरकारी एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। हम सबसे पहले शुरुआती कार्यक्रम जारी करेंगे। पूरा टूर्नामेंट भारत में आयोजित किया जाएगा। इससे पहले 2009 में आम चुनावों के दौरान आईपीएल के पूरे सत्र का आयोजन दक्षिण अफ्रीका में हुआ था जबकि 2014 में इसके कुछ मैचों का आयोजन यूएई में हुआ था। 2019 के आम चुनावों के दौरान इस लीग का आयोजन देश में ही हुआ था। जून में होने वाले टी-20 विश्व कप के मद्देनजर आईपीएल के फाइनल का आयोजन 26 मई को हो सकता है। भारतीय टीम टी-20 विश्व कप में 5 जून को न्यूयॉर्क में आयरलैंड के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी। इस टूर्नामेंट का आगाज एक जून को अमेरिका और कनाडा के मैच के साथ होगा। आमतौर पर आईपीएल का उद्घाटन मैच पिछले साल के विजेता और उपविजेता के बीच होता है।

# बॉलीवुड हलचल

## धनुष की 'रायन' का फर्स्ट लुक रिलीज



मुंबई। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार धनुष की आने वाली फिल्म रायन का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। सन पिक्चर्स ने धनुष की आने वाली फिल्म रायन का फर्स्ट लुक एक्स पर शेयर किया है। इस फिल्म को धनुष ने ही लिखा और निर्देशित किया है। रायन धनुष के करियर की 50 वीं फिल्म है। फिल्म रायन के पोस्टर में धनुष एप्रन पहने और खून से लथपथ नजर आ रहे हैं। एक हाथ में उन्होंने पेचकस पकड़ा हुआ है। फिल्म रायन का संगीत ए.आर. रहमान तैयार कर रहे हैं। फिलहाल 'रायन' के पोस्ट प्रोडक्शन पर काम चल रहा है। फिल्म रायन को हिंदी, तमिल और तेलुगू में रिलीज किया जाएगा।

### 'ऑपरेशन वेलेंटाइन' का ट्रेलर लांच





**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान और दक्षिण भारतीय अभिनेता राम चरण ने वरुण तेज-मानुषी छिल्लर की फिल्म ऑपरेशन वेलेंटाइन' का ट्रेलर लांच किया। वरुण तेज की एरियल एक्शन फिल्म 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' को हिंदी और तेलुगु में शूट किया गया है, जहां हिंदी ट्रेलर सलमान खान ने जारी किया. वहीं, तेलुगु ट्रेलर का अनावरण राम चरण ने किया। 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' में वरुण तेज और मानुषी छिल्लर एक वायु सेना पायलट और एक रडार अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं। 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' देश की वायु सेना के नायकों के अदम्य साहस और देश की रक्षा के लिए उनके सामने आने वाली चुनौतियों के इर्द-गिर्द घूमती है। 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शंस, संदीप मुड्डा की रेनेसां पिक्चर्स द्वारा निर्मित और गॉड ब्लेस एंटरटेनमेंट (वकील खान) और नंदकुमार अब्बिनेनी द्वारा सह-निर्मित है।

## शो टाइम में नजर आएंगी श्रिया सरन



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री श्रिया सरन वेबसीरीज शो टाइम में अभिनेत्री के किरदार में नजर आएंगी। श्रिया सरन इन दिनों शो टाइम को लेकर चर्चा में है। करण जौहर के धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट के बैनर तले बनी शो टाइम बॉलीवुड के पर्दे के पीछे के कई दिलचस्प किस्सों को लेकर बनाई गई है। श्रिया सरन ने इस शो में अभिनेत्री का किरदार निभाया है। श्रिया सरन ने बताया कि मैं एक ऐसा किरदार निभाना चाहती थी जो मेरे बेहद करीब हो। शो में मैं एक अभिनेत्री हूं जो एक अभिनेत्री की भूमिका निभाती है। मैं करण से कई बार मिली हूं और वह बहुत प्यारे इंसान हैं। व्यावसायिक रूप से, मेरे लिए, इस प्रोजेक्ट पर धर्मैटिक्स के साथ काम करना एक शानदार अनुभव है। श्रिया सरन ने इमरान हाशमी के साथ वर्ष 2007 में प्रदर्शित फिल्म आवारापन में काम किया है। श्रिया सरन लंबे अरसे के बाद इमरान हाशमी के साथ शो टाइम में नजर आएंगी। श्रिया सरन ने कहा, मैं बहुत खुश हूं कि हमें एक साथ शोटाइम करने का मौका मिला। मैं उनके साथ दोबारा काम करने को लेकर भाग्यशाली हूं। वह एक अद्भुत अभिनेता हैं और कैमरे पर अविश्वसनीय दिखते हैं। मैं शो देखने के लिए उत्सुक हूं। यह एक बहुत ही दिलचस्प किरदार है, इसमें बहुत सारे आर्क हैं, मैं दर्शकों द्वारा इसे देखने का इंतजार नहीं कर सकती। शो टाइम में इमरान हाशमी, मौनी रॉय, नसीरउद्दीन साह ,श्रिया सरन, राजीव खंडेलवाल, विशाल वशिष्ठ और महिमा मकवाना,की अहम भूमिका है। धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट द्वारा निर्मित, सुमित रॉय और शोरनर मिहिर देसाई द्वारा रचित एवं लिखित, इस सीरीज का निर्देशन मिहिर देसाई और अर्चित कुमार ने किया है। वेबसीरीज शोटाइम 8 मार्च 2024 को डिज्नी+हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

## शांतनु ने 'गंगूबाई काठियावाड़ी' में काम के अनुभव को किया साझा



**मुंबई।** अभिनेता शांतनु माहेश्वरी ने 'गंगूबाई काठियावाड़ी' में काम करने के अनुभव के बारे में बताया है। संजय लीला भंसाली की फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' के प्रदर्शन के दो साल पूरे हो गए हैं। इस फिल्म में शांतनु माहेश्वरी ने अफसान की भूमिका निभाई ।शांतनु ने हजारों फैंस और आलोचकों का दिल जीत लिया और उन्हें नीली आंखों वाला लड़का कहा जाने लगा। शांतनु माहेश्वरी ने कहा, ऐसा महसूस नहीं हो रहा है कि 'गंगूबाई काठियावाड़ी' दो साल की हो गई है, ऐसा लग रहा है जैसे कुछ दिन पहले ही मैं संजय सर के साथ शूटिंग कर चूका हूं और सेट पर उनसे सीख रहा था। हर कोई मुझे अफसान का किरदार निभाने के लिए याद करता है ।सेट पर संजय सर जैसे किसी व्यक्ति के साथ रहना और उन्हें अपने सामने अपनी जादू की छड़ी घुमाते हुए देखना बहुत संतुष्टिदायक अनुभव था। मैं सभी कौशलों को हमेशा याद रखूंगा। शांतनु अब नीरज पांडे की फिल्म 'औरों में कहां दम था' के साथ-साथ बंगाली सिनेमा में चलचित्र से डेब्यू करते नजर आएंगे।

### फिल्म 'इश्क नचाए बीच बाजार' का ट्रेलर 25 फ़रवरी को होगा रिलीज



**मुंबई।** अभिनेता संग्राम सिंह पटेल और अभिनेत्री प्रतिष्ठा ठाकुर की आने वाली फिल्म 'इश्क नचाए बीच बाजार' का ट्रेलर 25 फ़रवरी को अवध गंगा म्यूजिक के यूट्यूब चैनल पर रिलीज़ किया जाएगा। फिल्म 'इश्क नचाए बीच बाजार' की पूरी शूटिंग उत्तर प्रदेश के सीतापुर शहर में सचिन यादव के निर्देशन में की गई है। इस फिल्म में संग्राम सिंह पटेल, प्रतिष्ठा ठाकुर के बॉडी गार्ड के किरदार में नज़र आएंगे। अवध गंगा फिल्म के बैनर तले बनी भोजपुरी फिल्म 'इश्क नचाए बीच बाजार' संग्राम सिंह पटेल की होम प्रोडक्शन है। संग्राम सिंह पटेल ने बताया कि फिल्म 'इश्क नचाए बीच बाजार' बेहद खास और अन्य फिल्मों से अलग है। इसकी पटकथा पर हमने बेहद मेहनत की है। हमारी कोशिश है कि हम एक ऐसी फिल्म लेकर दर्शकों के पास जाएं, जो दर्शकों का पैसा वसूल करे और उनका मनोरंजन हो। वे और लोगों को फिल्म देखने को प्रेरित करे। उन्होंने कहा कि भोजपुरी सिनेमा के बदलते दौर में हमारी फिल्म भी बेहद खास है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) से प्रकाशित, पिन कोड-243005। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0581-2523333,0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### डब्ल्यूटीओ में निवेश पर चीन के प्रस्ताव पर भारत की आपत्ति

**नई दिल्ली।** भारत ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में निवेश सुविधा मामले में प्रस्ताव को आगे बढ़ाने को लेकर चीन जैसे कुछ देशों के प्रयासों का कड़ा विरोध किया है। उसका कहना है कि यह एजेंडा डब्ल्यूटीओ को मिली जिम्मेदारी से बाहर का मामला है। यह मुद्दा अबू धाबी में विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में उठेगा। चार दिन की यह बैठक 26 फरवरी से शुरू होगी। मंत्रिस्तरीय सम्मेलन डब्ल्यूटीओ में निर्णय लेने वाला सर्वोच्च निकाय है। चीन के नेतृत्व वाला 130 देशों का समूह विकास के लिए निवेश सुविधा (आईएफडी) प्रस्ताव को आगे बढ़ा रहा है। समूह इस प्रस्ताव को डब्ल्यूटीओ के समझौते से जुड़े अनुबंध-चार के माध्यम से लाना चाहता है। इसके तहत यह प्रस्ताव केवल हस्ताक्षरकर्ता सदस्यों के लिए बाध्यकारी होगा न कि उन लोगों के लिए जो इसका विरोध कर रहे हैं।

### ऑस्ट्रेलिया अपनी नौसेना में युद्धपोतों को करेगा दोगुना

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया की सरकार ने देश की नौसेना में युद्धपोतों की संख्या दोगुना से ज्यादा करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्री, उप प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्ल्स और रक्षा उद्योग मंत्री पैट कॉनरॉय ने मंगलवार को इस बड़े बदलाव की घोषणा की। योजना के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया अपने युद्धपोतों के बेड़े को वर्तमान 11 से बढ़ाकर 26 तक विस्तारित करेगा। ऑस्ट्रेलिया भविष्य में युद्धपोतों की डिलीवरी में तेजी लाने के लिए अगले दशक में अतिरिक्त 11.1 अरब ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (7.2 अरब अमेरिकी डॉलर) खर्च करेगा। मार्ल्स और कॉनरॉय ने कहा कि यह द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से ऑस्ट्रेलिया का सबसे बड़ा विस्तार होगा।

### बुजुर्ग की जिंदा जलने से मौत

**हिसार।** रोडवेज बस में बनाये गये रैन बसेरे में सोमवार रात एक बुजुर्ग की संभवत: बीड़ी सुलगाने से गद्दे में लगी आग में जलने से मौत हो गयी। पॉलिक के अनुसार मृतक की शिनाख्त उमरा गांव निवासी प्रेम (60) के रूप में हुई जो दिन में यहां हिसार बस स्टैंड पर ही रहते थे और रात में रैन बसेरे में चले जाते थे। घटना के समय प्रेम बस में अकेले ही थे। इसलिए वास्तव में क्या हुआ, बताना मुश्किल है, पर संभवत: आग प्रेम के बीड़ी सुलगने से लगी। पुलिस के अनुसार आसपास के लोगों ने रैन बसेरा बस से धुआं निकलता देखा तो उन्होंने बस स्टैंड चौकी पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बस में लगी आग को बुझाया। आग की चपेट में आने से प्रेम बुरी तरह जल गये थे, और उनकी मौत हो गयी थी।

# देश में विकसित डिजिटल कंप्यूटर प्रणाली के साथ तेजस ने उड़ान भरी

## लड़ाकू विमान उच्च खतरे वाले हवाई क्षेत्र में काम करने में है सक्षम

नई दिल्ली, एजेंसी



रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को कहा, स्वदेशी रूप से विकसित 'डिजिटल फ्लाई-बाय-वायर फ्लाइट कंट्रोल कंप्यूटर' को हल्के लड़ाकू विमान तेजस में एकीकृत किया गया है जो एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। स्वदेश निर्मित तेजस एकल इंजन वाला बहुउद्देश्यीय लड़ाकू विमान है जो उच्च खतरे वाले हवाई क्षेत्र में काम करने में सक्षम है। इसे हवाई रक्षा, समुद्री टोही और हमले की भूमिका निभाने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है।

रक्षा मंत्रालय ने कहा, तेजस एमके1ए कार्यक्रम की दिशा में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में 'डिजिटल फ्लाई-बाय-वायर फ्लाइट कंट्रोल कंप्यूटर' (डीएफसीसी) को प्रोटोटाइप एलएसपी-7 में एकीकृत किया गया। 19 फरवरी को सफलतापूर्वक उड़ान का संचालन किया गया। 'तेजस-एमके1ए' संस्करण के लिए डीएफसीसी को वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान (एडीई), बेंगलुरु द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उड़ान नियंत्रण के सभी महत्वपूर्ण मानक और प्रदर्शन संतोषजनक पाए गए। कहा कि पहली उड़ान का संचालन राष्ट्रीय उड़ान परीक्षण केंद्र से संबद्ध विंग कमांडर सिद्धार्थ सिंह केएमजे (सेवानिवृत्त) ने किया।

- हवाई रक्षा, समुद्री टोही और हमले की भूमिका निभाने के उद्देश्य से किया डिजाइन

भारतीय वायुसेना पहले ही 'तेजस एलसीए एमके1' का संचालन शुरू कर चुकी है। विमान के उन्नत संस्करण 'तेजस एमके1ए' में उन्नत मिशन कंप्यूटर और उच्च-प्रदर्शन डिजिटल उड़ान नियंत्रण कंप्यूटर (डीएफसीसी एमके1ए) सहित कई आधुनिक प्रणालियां हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तेजस एमके1ए के लिए इस महत्वपूर्ण प्रणाली के विकास एवं सफल उड़ान परीक्षण में शामिल रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ), वायुसेना, एडीए और उद्यमों की की सराहना की। सिंह ने इसे 'आत्मनिर्भरता' की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। तेजस विमान भारतीय वायुसेना का मुख्य आधार बनने के लिए तैयार है जिसमें शुरुआती संस्करण के लगभग 40 तेजस पहले ही शामिल किए जा चुके हैं।

# बच्चा गोद लेने का अधिकार मौलिक नहीं: दिल्ली हाईकोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि बच्चा गोद लेने के अधिकार को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकार का दर्जा नहीं दिया जा सकता और इसके इच्छुक माता-पिता के पास यह चुनने का कोई अधिकार नहीं है कि किस बच्चे को गोद लेना है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने उस नियम को बरकरार रखा, जिसके तहत दो या दो से अधिक बच्चों वाले दंपति को केवल विशेष जरूरतों वाले या ऐसे बच्चों को गोद लेने की अनुमति दी जाती है, जिन्हें अधिक लोग गोद लेने के इच्छुक नजर नहीं आते। अदालत ने कहा कि इस प्रक्रिया में बच्चों के कल्याण को तरजीह दी जाती है, और भावी दत्तक माता-पिता (पीएपी) के अधिकारों को इस पर तवज्जो नहीं दी जा सकती।

उच्च न्यायालय ने एक हालिया आदेश में कहा, गोद लेने के अधिकार को अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकार का दर्जा नहीं दिया जा सकता है और न ही इसे उस स्तर तक बढ़ाया जा सकता है जिससे पीएपी को यह विकल्प मिले कि किसे गोद लेना है। गोद लेने की प्रक्रिया पूरी तरह बच्चों के कल्याण के आधार पर संचालित होती है। न्यायाधीश ने कहा कि गोद लेने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है और कई निःसंतान दंपति और एक बच्चे वाले माता-पिता हैं, जो सामान्य बच्चे को गोद लेना चाहेंगे, ऐसे में विशेष जरूरतों वाले बच्चे को गोद लेने की संभावना बहुत कम हो जाती है, इसलिए उपरोक्त नियम का उद्देश्य केवल यही है। अदालत ने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि विशेष आवश्यकता वाले अधिक से अधिक बच्चों को गोद लिया जाए।

# सेवानिवृत्ति के पांच माह बाद सुनाया फैसला, सुप्रीम कोर्ट ने की आलोचना

नई दिल्ली, एजेंसी

- न्यायालय ने कहा - सेवानिवृत्ति के बाद मामले की फाइल अपने पास रखना घोर अनुचित कार्य

उच्चतम न्यायालय ने एक आपराधिक मामले में एक पंक्ति का आदेश सुनाने और सेवानिवृत्त होने के पांच महीने बाद विस्तृत फैसला जारी करने के लिए मद्रास उच्च न्यायालय के एक पूर्व न्यायाधीश की आलोचना की है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद पांच महीने तक मामले की फाइल अपने पास रखना घोर अनुचित कार्य है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द करते हुए कहा कि आदेश का मुख्य अंश 17 अप्रैल, 2017 को सुनाया गया था।

इसमें कहा गया है कि न्यायाधीश के पद छोड़ने की तारीख तक तर्क-सहित निर्णय जारी करने के लिए पांच सप्ताह का समय उपलब्ध था। पीठ ने कहा, हालांकि, 250 से अधिक पृष्ठों का विस्तृत निर्णय न्यायाधीश के पद छोड़ने की तारीख से पांच महीने के बाद सामने आया है। इस प्रकार, यह स्पष्ट है कि न्यायाधीश ने पद छोड़ने के बाद भी कारण बताए और निर्णय तैयार किया। पीठ ने कहा, हमारे अनुसार, सेवानिवृत्त होने के पांच महीने बाद तक मामले की फाइल अपने पास रखना न्यायाधीश की ओर से घोर अनुचित कार्य है। इस मामले में जो किया गया है, हम उसे स्वीकार नहीं कर सकते। न्यायमूर्ति टी. मथिवनन 26 मई, 2017 को सेवानिवृत्त हुए थे और मामले में विस्तृत निर्णय उसी वर्ष 23 अक्टूबर को उपलब्ध कराया गया।

पीठ ने फैसले को रद्द करते हुए कहा, हम ऐसे अनुचित कृत्यों का समर्थन नहीं कर सकते हैं और इसलिए, हमारे विचार में, इस अदालत के लिए एकमात्र विकल्प विवादित फैसले को रद्द करना और मामलों को नये फैसले के लिए उच्च न्यायालय के पास वापस भेजना है। इसमें कहा गया है, यह कहने की जरूरत नहीं है कि हमने विवाद के गुण-दोष पर कोई निर्णय नहीं दिया है और सभी मुद्दों को उच्च न्यायालय द्वारा तय किए जाने के लिए खुला छोड़ दिया गया है।

## मातृभाषा दिवस



कोलकाता में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की पूर्व संध्या पर स्वयंसेवक रंगोली तैयार करते हुए। • एजेंसी

# भारत ने दिया 10 लाख डॉलर का योगदान

**संयुक्त राष्ट्र।** गरीबी और भूखमरी से निपटने के उद्देश्य से स्थापित किये गये एक कोष में भारत ने 10 लाख अमेरिकी डॉलर का योगदान दिया है। इस कोष को भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका द्वारा स्थापित किया गया है। संयुक्त राष्ट्र में भारतीय राजदूत रुचिरा कंबोज ने गरीबी और भूखमरी उन्मूलन कोष (आईबीएसए कोष) के लिए योगदान के रूप में संयुक्त राष्ट्र दक्षिण-दक्षिण सहयोग कार्यालय (यूएनओएसएससी) के निदेशक दिमा अल-खतीब को 10 लाख अमेरिकी डॉलर का चेक सौंपा। इस अवसर पर कंबोज ने कहा कि भारत की अध्यक्षता में हुए जी20 शिखर सम्मेलन में जनता का, जनता द्वारा और जनता के लिए विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया था।

# श्रीनगर में हुई मौसम की दूसरी बर्फबारी हिमाचल प्रदेश में यातायात बाधित

श्रीनगर, एजेंसी



उत्तरी कश्मीर के तंगमर्ग इलाके में ताजा बर्फबारी के बाद बर्फ से ढकी सड़क।

जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में मंगलवार को कई स्थानों पर मध्यम से भारी बर्फबारी हुई। कश्मीर के श्रीनगर में मंगलवार को सर्दी के मौसम की दूसरी बर्फबारी हुई जबकि घाटी के ऊंचे इलाकों में पिछले 48 घंटों में भारी बर्फबारी दर्ज की गई।

मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि श्रीनगर में रविवार से भारी बारिश हो रही थी जिसके बाद आज दिन के शुरुआती हिस्से में मध्यम बर्फबारी हुई। हिमाचल प्रदेश के जनजातीय इलाकों और ऊंचे पहाड़ी क्षेत्रों पर भारी बर्फबारी के कारण चार राष्ट्रीय राजमार्गों सहित कम से कम 228 सड़कें अवरुद्ध हो गईं। गुलमर्ग, सोनमर्ग, शोपियां, गुरेज, माछिल और घाटी के अन्य पहाड़ी इलाकों में भारी बर्फबारी हुई है। बारिश के साथ तेज हवाएं भी चल रही हैं जिसके परिणामस्वरूप घाटी में कई घरों को नुकसान पहुंचा है। तेज हवाओं से टिन की छतें उड़ने के वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुए हैं। अधिकारी ने कहा कि बारामूला जिले में स्कीइंग रिसॉर्ट गुलमर्ग में पिछले 48 घंटों में लगभग 2.5 फुट ताजा बर्फबारी हुई है।

- हिमाचल में चार राष्ट्रीय राजमार्गों सहित 228 सड़कें अवरुद्ध

# गाजा में ऑक्सीजन की कमी से आठ मरीजों की मौत

गाजा, एजेंसी

- फिलिस्तीन की स्वास्थ्य मंत्री माई अल-कैला ने दी जानकारी

दक्षिणी गाजा के खान यूनिस शहर के एक प्रमुख अस्पताल में इजरायल की ओर से किए जा रहे लगातार हमलों के कारण कई दिनों तक बिजली गुल होने और ऑक्सीजन आपूर्ति बाधित होने के कारण आठ मरीजों की मौत हो गई। यह जानकारी फिलिस्तीन की स्वास्थ्य मंत्री माई अल-कैला ने सोमवार को दी।

अल-कैला ने कहा कि इजरायली हमले के कारण नासिर अस्पताल में उपचार करवा रहे अन्य रोगियों के जीवन पर खतरा उत्पन्न हो गया है। उन्होंने बिस्तर पर पड़े मरीजों और चिकित्सा कर्मचारियों की रिहाई के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रयासों का आह्वान किया और दावा किया कि इजरायली सैन्य ट्रकों द्वारा उन्हें अस्पताल से अज्ञात स्थान पर ले जाया गया है। गाजा में हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने पहले कहा था कि इजरायली बलों ने गुरुवार को दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस शहर में नासिर अस्पताल की दक्षिणी दीवार को ध्वस्त करने के बाद उस पर धावा बोल दिया। उधर, इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर रविवार को कहा कि उसने इजरायली सुरक्षा एजेंसी बलों के साथ एक संयुक्त अभियान में सैकड़ों आतंकवादियों और अन्य संदिग्धों को गिरफ्तार किया है, जो अस्पताल में छिपे हुए थे और कुछ चिकित्सा कर्मचारी के रूप में काम कर रहे थे।

# सिखों को मुसलमान समझने की भूल संबंधी पोस्ट पर मांगी माफी

**लंदन।** बर्मिंघम विश्वविद्यालय ने एक विवादास्पद सोशल मीडिया पोस्ट को हटाते हुए माफी मांगी है। इस पोस्ट में ऐसा लग रहा था कि सिख विद्यार्थियों को मुसलमान समझने की भूल हुई है। बर्मिंघम मेल की खबर के अनुसार, विश्वविद्यालय द्वारा किये गये पोस्ट में कहा गया था कि इस माह के प्रारंभ में विश्वविद्यालय की सिख सोसाइटी द्वारा आयोजित 20वां 'लंगर ऑन कैंपस' कार्यक्रम इस्लामिक जागरूकता सप्ताह का हिस्सा था। विश्वविद्यालय के इंस्टाग्राम एकाउंट पर एक पोस्ट में लंगर की तस्वीरें टैग की गयीं और 'डिस्कवर इस्लाम वीक' लिखा गया। सिख प्रेस एसोसिएशन के प्रवक्ता जसवीर सिंह ने कहा, जिन लोगों पर बर्मिंघम विश्वविद्यालय की छवि का जिम्मा है, वे विश्वविद्यालय में समुदायों को लेकर अनभिज्ञ हैं।

# अमेरिका ने भारतीय नौसेना की भूमिका की सराहना की

नई दिल्ली, एजेंसी

- पोतों पर हूती विद्रोहियों के हमलों का मामला

अमेरिका के उप विदेश मंत्री रिचर्ड वर्मा ने मंगलवार को कहा, उनका देश एक सिख अलगाववादी की हत्या की कथित साजिश के मामले में भारत से संपर्क बनाए हुए है और इसकी जांच के लिए नयी दिल्ली द्वारा नियुक्त उच्चस्तरीय समिति के निष्कर्षों की प्रतीक्षा है।

विभिन्न भू-राजनीतिक चुनौतियों पर चर्चा करते हुए उन्होंने लाल सागर में विभिन्न वाणिज्यिक पोतों पर हूती विद्रोहियों के हमलों के मद्देनजर रणनीतिक जल क्षेत्र में भारतीय नौसेना की भूमिका की सराहना की। अमेरिका ने पिछले साल दिसंबर में दावा किया था कि उसने अमेरिकी धरती पर सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या के लिए कथित रूप से एक भारतीय एजेंट द्वारा रची गई साजिश को विफल कर दिया। इन आरोपों की जांच के लिए भारत पहले ही एक जांच समिति गठित कर चुका है। भारत में अमेरिका के पूर्व राजदूत ने 'ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन' (ओआरएफ) द्वारा आयोजित परिचर्चा सत्र में एक सवाल के जवाब में कहा, हमने भारत सरकार के समक्ष अपनी चिंताओं को रखा है। एक जांच समिति इस मामले की जांच कर रही है और हम सरकार के साथ जुड़े रहेंगे एवं उनके निष्कर्षों की प्रतीक्षा करेंगे। उन्होंने इसे बहुत गंभीरता से लिया है जिसके लिए हम आभारी हैं। उन्होंने कहा, हम भारत द्वारा नौसेना के जरिए लाल सागर में किए जा रहे काम और उनके द्वारा प्रदान किए गए अविश्वसनीय समर्थन की सराहना करते हैं।

# पुणे में 1100 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त तीन लोग गिरफ्तार

**पुणे, एजेंसी :** पुलिस ने करीब 1,100 करोड़ रुपये मूल्य का 600 किलोग्राम से अधिक मेफेड्रोन नामक मादक पदार्थ जब्त किया है तथा इस सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने पहले 3.85 करोड़ रुपये मूल्य का करीब 1.75 किलोग्राम मेफेड्रोन (एमडी) बरामद किया गया। जांच के दौरान पुलिस को दो गादामों का पता चला जहां और 55 किलोग्राम एमडी मिला। तीनों से पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर कुरकुंभ एमआईडीसी क्षेत्र में एक अन्य अभियान चलाया गया और वहां एक इकाई से करीब 550 किलोग्राम एमडी बरामद किया गया। अब तक पुलिस ने 600 किलोग्राम से अधिक मेफेड्रोन बरामद किया है जो करीब 1100 करोड़ रुपये मूल्य का है।

# एआई के लिए नियमों का मसौदा जुलाई तक किया जाएगा जारी

मुंबई, एजेंसी

- एआई की क्षमता का उपयोग करेंगे दुरुपयोग को रोकने के लिए उपाय भी करेंगे: सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने मंगलवार को कहा कि सरकार कृत्रिम मेधा (एआई) के लिए इस साल जून-जुलाई तक नियमों का मसौदा जारी करेगी। यहां सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के शीर्ष निकाय नैसकॉम (नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विसेज कंपनजी) के दो दिन के 'लीडरशिप' शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, सरकार एआई नियमन ढांचे के मसौदे पर काम कर रही है। इसे इस साल जून या जुलाई में जारी किया जाएगा।

हमारा इरादा आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए एआई का उपयोग करना और उससे संभावित जोखिम और नुकसान का समाधान करना है। चंद्रशेखर ने कहा कि सरकार एआई प्रशिक्षित व्यक्तियों को तैयार करने के लिए भी प्रतिबद्ध है। मंत्री ने कहा, हम एआई की क्षमता का पूरी तरह से उपयोग करेंगे, लेकिन दुरुपयोग को रोकने के लिए उपाय भी करेंगे। आज दुनिया हमें एआई प्रौद्योगिकी का उपयोग करने के मामले में अगुवा देख रही है। हम सभी खेत से लेकर कारखानों तक उपयोग के मामलों में एआई को तैनात करने के पक्ष में हैं। हम आर्थिक वृद्धि, स्वास्थ्य देखभाल, कृषि और किसानों की उत्पादकता के लिए एआई का उपयोग करना चाहते हैं। सरकार लंबे समय से एआई विनियमन ढांचा जारी करने की योजना बना रही है।

# पाकिस्तान में नई सरकार के गठन में गतिरोध के संकेत: बिलावल

इस्लामाबाद, एजेंसी

- शीर्ष नेताओं के बीच हुई नवीनतम दौर की बातचीत बेनतीजा

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी ने मंगलवार को कहा कि यदि कोई अपना रुख बदलने के लिए तैयार नहीं है तो उन्हें पाकिस्तान में गठबंधन सरकार बनने में गतिरोध की आशंका है, जो देश के राजनीतिक परिदृश्य में गहराती दरार का संकेत देता है। बिलावल की यह टिप्पणी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के शीर्ष नेताओं के बीच सोमवार को हुई नवीनतम दौर की बातचीत बेनतीजा समाप्त होने के एक दिन बाद आयी है।

पीपीपी पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पीएमएल-एन को समर्थन देने के लिए राष्ट्रपति, सीनेट का अध्यक्ष और नेशनल असेंबली के अध्यक्ष जैसे प्रमुख संवैधानिक पदों की कथित तौर पर मांग कर रही है। 'डॉन' अखबार की खबर के अनुसार, बिलावल ने उच्चतम न्यायालय में पत्रकारों से कहा कि पीपीपी और वह अपने रुख पर अड़े हुए हैं और इस बात पर जोर दिया वह इसे किसी भी कीमत पर नहीं बदलेंगे। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के सीनेटर इरफान सिद्दीकी ने संसद के ऊपरी सदन में कहा, 2018 में, नवाज शरीफ जेल में थे, उन्हें चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं दी गई। क्या तब यह उचित था? और उस समय कोई हंगामा नहीं हुआ था। देश के सबसे शक्तिशाली राजनीतिक परिवार और पीएमएल-एन का नेतृत्व करने वाले शरीफ को 2017 में उच्चतम न्यायालय ने सार्वजनिक पद संभालने से अयोग्य घोषित कर दिया था और जवाबदेही अदालत ने उन्हें 10 साल जेल की सजा भी सुनाई थी। दोषसिद्धि और सजा के कारण वह आम चुनाव नहीं लड़ सके। सिद्दीकी ने सीनेट में कहा कि यह सच है कि पाकिस्तान का चुनावी इतिहास सही नहीं रहा है और यह स्थिति कई दशकों से बनी हुई है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई किसी भी सरकार को अपना कार्यकाल पूरा नहीं करने दिया गया। उन्होंने कहा कि हमारे चुनावों का इतिहास वास्तव में सबसे अच्छा नहीं है। लेकिन हम 2018 के चुनावों के बारे में बात क्यों नहीं कर रहे हैं? उन्होंने कहा, ''2018 के आम चुनावों में जो कुछ भी हुआ वह हमारे देश के इतिहास में एक काला अध्याय है। जेयूआई-एफ के साथ खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ की हालिया बातचीत का उल्लेख करते हुए इरफान ने सवाल किया कि पूर्व प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली पार्टी अन्य दलों के साथ बातचीत क्यों नहीं करती है।

# अंतरिक्ष क्षेत्र में महिला इंजीनियरों के लिए शुरू 'कल्पना फेलोशिप'

**नई दिल्ली।** स्काईरूट एयरोस्पेस ने मंगलवार को कल्पना फेलोशिप शुरू करने की घोषणा की। यह भारत का अपनी तरह का पहला फेलोशिप कार्यक्रम है जो विशेष रूप से अंतरिक्ष क्षेत्र की महिला इंजीनियरों को समर्पित है।

हैदराबाद की 'स्टार्ट-अप' कंपनी ने एक बयान में कहा कि 'कल्पना फेलोशिप' अंतरिक्ष उद्योग में नयी ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए महिला इंजीनियरों की अगली पीढ़ी को प्रेरित करने, प्रोत्साहित करने और सशक्त बनाने के लिए शुरू की गई है। बयान के अनुसार, अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला की विरासत से प्रेरित फेलोशिप एक सर्वव्यापी कार्यक्रम प्रदान करती है जिसमें मासिक राशि, प्रायोगिक ज्ञान, अनुभवी पेशेवरों से मार्गदर्शन, स्काईरूट एयरोस्पेस में विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे और नवीन प्रौद्योगिकियों तक पहुंच शामिल है। वर्ष 2024 के लिए फेलोशिप पंजीकरण वर्तमान में जारी है।

## खगोल विज्ञान

ब्रह्मांड की अनसुलझी गुरुत्वाकर्षण की गुत्थियों को सुलझाने में मदद करेगी इसकी तस्वीरें

# हबल ने कैद की एनजीसी 2298 की आकर्षक तस्वीर

कार्यालय संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** ग्रह नक्षत्रों की दुनिया अजूबी है। हमारी कल्पना से परे, इनकी थाह पाना कतई आसान नहीं। तकनीकि विकास के चलते हम इनके करीब पहुंचने लगे हैं। हाल ही में हबल ने गोलाकार क्लस्टर (आकाश गंगाओं का समूह) एनजीसी 2298 को कैमरे में कैद किया है। वैज्ञानिक मान रहे हैं कि दूर के इस क्लस्टर से खगोल के क्षेत्र में ब्रह्मांड की अनसुलझी गुरुत्वाकर्षण की गुत्थियों को सुलझाने में मदद मिलेगी।



क्लस्टर एनजीसी 2298 की आकर्षक तस्वीर। • अमृत विचार

हमारे निकटवर्ती ब्रह्मांड में आकाशगंगा समूहों में कन्या क्लस्टर, फॉर्नेक्स क्लस्टर, हरक्यूलिस क्लस्टर और कोमा क्लस्टर शामिल हैं। जिन्हें हम देख सकते हैं। माना जाता है लगभग 28 क्लस्टर हैं, जिन्हें हम आसानी से देख सकते हैं। देखने में यह सभी बेहद आकर्षक लगती हैं। स्याह रातों में इनका नजारा अद्भुत होता है। इन्हें निहारने का आकर्षण अक्सर प्रेमियों में रहता है, जबकि वैज्ञानिक वर्ग इनके भीतर का सच जानने को आतुर रहते हैं और रातों को जागकर इनके बारे में जानकारी जुटाते हैं। अब जो क्लस्टर की तस्वीरें भी ले ली गईं हैं यह गोलाकार आकृति के साथ बनी हुई हैं। गोलाकार क्लस्टर एनजीसी 2298 के बारे में अधिक जानकारी नहीं मिली है।

वैज्ञानिकों का कहना है कि इसमें हजारों तारे पारस्परिक गुरुत्वाकर्षण के साथ एक दूसरे से बंधे हुए हैं और दूर आसमान में शानदार नजारा पेश करता है। यह जानकारी खास है कि गोलाकार समूह के तारे आमतौर पर तारों की पुरानी आबादी होती है, जो इनका आवास जैसा है और ये ज्यादातर आकाशगंगाओं के धूल भरे बाहरी इलाके में रहते हैं। इस क्लस्टर को लेकर खगोलविदों का कहना है कि गोलाकार क्लस्टर के व्यवहार को समझ पाना आसान हो जाएगा। साथ ही उनकी आंतरिक गतिविधियां, कक्षाएं और उनके तारों का विकास के रहस्य को उजागर किया जा सकेगा।

- 30 मीटर व्यास की ऑप्टिकल दूरबीन का हो रहा निर्माण

### दूरबीन से देखा जा सकेगा ब्रह्मांड का बड़ा हिस्सा

**नैनीताल, अमृत विचार :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ खगोलीय वैज्ञानिक डा. शशिभूषण पांडेय पिछले दो दशकों से भी अधिक समय से तारों की मायावी दुनिया को समझने का प्रयास कर रहे हैं और अभी तक अनेकों तारों के व्यवहार व गतिविधि का रहस्य उजागर कर चुके हैं। वह कहते हैं कि इनका रहस्य समझने के लिए दुनिया के वैज्ञानिक एकजुट होकर शोध कार्य कर रहे हैं। एक दूसरे के साथ जानकारी साझा कर रहे हैं। अब 30 मीटर व्यास की ऑप्टिकल दूरबीन (टीएमटी) का निर्माण किया जा रहा है। यह दूरबीन ब्रह्मांड के बड़े हिस्से को देख पाने में सक्षम होगी। भारत भी इस परियोजना का हिस्सा है।